e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 70

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
14.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जब तक अपनी ताकत नहीं
पहचान पाते जब तक ताकतवर
होना एकमात्र विकल्प हो

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### मधेपुरा में अज्ञात वाहन ने ऑटो में मारी टक्कर, 5 लोगों मौत 6 घायल

**पटना/मधेपुरा :** राज्य में मधेपुरा जिले में सोमवार सुबह अज्ञात वाहन ने एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पांच लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि सहरसा जिले के बसनही स्थित दुर्गापुर भद्दी से ऑटो पर सवार होकर 13 लोग गंगा स्नान के लिए भागलपुर के महादेव घाट जा रहे थे। इसी दौरान मधेपुरा जिले के चौसा थाना क्षेत्र में आने वाले घोसई स्कूल के समीप एनएच 58 पर एक अज्ञात वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो पर सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें एक महिला और चार पुरुष शामिल हैं। जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए भागलपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं मौके पर पहुंची चौसा थाना पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

**अनंतनाग :** अनंतनाग जिले के राख मोमिन इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अनंतनाग पुलिस द्वारा दी गई इनपुट के आधार पर रविवार की मध्य रात्रि सेना की एक आरआार तथा पुलिस की विशेष टीम ने संयुक्त रूप से राख मोमिन दांगी इलाके बिजबिहाडा में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के एक ठिकाने का भंडाफोड़ हुआ और मौके से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामान बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि बरामदगी में आईईडी (05), पीटीडी के प्रोग्राम्ड टाइमर डिवाइस और आरसीआईईडी डेटोनेटर (06), पिस्टल (03), पिस्टल मैगजीन (05), 09 एमएम के (124) राउंड , रिमोट कंट्रोल (04) और बैटरी (13) शामिल हैं। पुलिस ने इस संबंध में पुलिस स्टेशन बिजबिहाडा में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

### केन्द्रीय जांच एजेंसियों का हो रहा दुरुपयोग : खड़गे

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केन्द्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। यह सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का गलत इस्तेमाल कर रही है। खड़गे ने सोमवार को बजट सत्र के दूसरे चरण में हिस्सा लेने से पहले मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वे आज संसद में बेरोजगारी, महंगाई और ईडी, सीबीआई के छापेमारी के मुद्दों को उठाएंगे। आगे उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का भ्रष्टाचार लगातार उजागर हो रहा है। वहां कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, लेकिन विपक्षी नेताओं के 25 से 30 साल पुराने केस को खोलकर विपक्ष के सदस्यों को परेशान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र के दूसरे चरण से पहले कांग्रेस सांसदों ने संसद भवन परिसर में बैठक की। बैठक कांग्रेस संसदीय दल की (सीपीपी) अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान पार्टी के सांसद उपस्थित रहे।

### रामगढ़ की नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी ने सीएम से की मुलाकात

# नियोजन नीति को लेकर सदन में हुआ जोरदार हंगामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र में सोमवार को नियोजन और स्थानीय नीति को लेकर सदन में हंगामा हुआ. सदन की कार्यवाही शुरू होने के साथ विपक्ष के सदस्यों ने नाय चलतो नाय चलतो और 60-40 को लेकर नारेबाजी करने लगे. बीजेपी के विधायक वेल में पहुंचकर स्पीकर के आसन के सामने 60-40 नाय चलतो का नारा लगाने लगे. 4 मार्च को सदन की कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने 13 मार्च को नियोजन नीति पर सरकार के जवाब देने की बात कही थी. इसी के बाद प्रश्नकाल में सदस्य नियोजन नीति को लेकर सवाल पूछने लगे. जिसमें निर्दलीय विधायक अमित यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा ने सरकार से नीति स्पष्ट करने को कहा.

इसी बीच आजसू विधायक सुदेश महतो ने कहा कि 60 और 40 रेशियो क्या है, सरकार इसे बताए. वहीं नियोजन नीति को सदन में लाने के बजाय कैबिनेट से पारित कराने को लेकर जेएमएम विधायक ने सरकार पर सवाल उठाए. नियोजन नीति को लेकर सरकार की ओर से जवाब दे रहे मंत्री आलमगीर आलम ने सदन को बताया कि सदन द्वारा पारित की गयी और हाई कोर्ट के निर्देश के बाद इस नीति में संशोधन हुआ है.

अब झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित की जाने वाली विभिन्न स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा के लिए परीक्षा संचालन संशोधन नियमावलियों का गठन किया जा चुका है.

लेकिन मंत्री के जवाबों को अनसुना करते हुए बीजेपी के विधायक लगातार हंगामा करते रहे.

इस हंगामे की वजह से स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर तक स्थगित कर दी.

इधर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में नवनिर्वाचित विधायक रामगढ़ विधानसभा श्रीमती सुनीता चौधरी ने मुलाकात की। उन्होंने आज विधानसभा में सपठ भी लिया।मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती जोबा मांझी, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक सुदेश महतो एवं विधायक लम्बोदर महतो भी उपस्थित थे।



### नियोजन नीति पर मंत्री आलमगीर आलम ने दिया जवाब

नियोजन नीति को लेकर सरकार की ओर से जवाब दे रहे मंत्री आलमगीर आलम ने सदन को बताया कि सदन द्वारा पारित की गयी और हाई कोर्ट के निर्देश के बाद इस नीति में संशोधन हुआ है. अब झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित की जाने वाली विभिन्न स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा के लिए परीक्षा संचालन संशोधन नियमावलियों का गठन किया जा चुका है. लेकिन मंत्री के जवाबों को अनसुना करते हुए बीजेपी के विधायक लगातार हंगामा करते रहे.

### समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता का मामला, सुप्रीम कोर्ट ने 5 जजों की संविधान बेंच को किया रेफर

# मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का मामला पांच जजों की संविधान बेंच को रेफर कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने 18 अप्रैल को अगली सुनवाई का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि लेस्बियन या गे कपल का बच्चा कोई जरूरी नहीं है कि लेस्बियन या गे ही होगा। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि समलैंगिक विवाह प्रकृति के खिलाफ है। केंद्र सरकार ने हलफनामे में कहा है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को अपराध की श्रेणी से बाहर करने से समलैंगिक विवाह के लिए मान्यता मांगने का दावा मजबूत नहीं हो जाता है। हालांकि केंद्र सरकार ने कहा है कि मान्यता न मिलने के बावजूद इस तरह के संबंध गैरकानूनी नहीं हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि इतिहास में विपरीत सेक्स के लोगों की शादी को ही आदर्श के रूप में देखा गया है। इसके अलावा किसी अन्य प्रकार की शादी को मान्यता नहीं दी जा सकती है। ऐसा राज्य के अस्तित्व के लिए जरूरी है।

30 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट में समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं में से एक याचिकाकर्ता अभिजीत अय्यर मित्रा की याचिका को भी सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया था। उसके पहले छह जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न हाई कोर्ट में लंबित याचिकाओं को सुनवाई के लिए अपने पास ट्रांसफर कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट अब सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा।

दरअसल एक समलैंगिक जोड़े ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग की है। पिछले 10 साल से एक साथ रहने वाले हैदराबाद के सुप्रियो चक्रवर्ती और अभय डांग की याचिका में कहा गया है कि समलैंगिक विवाह को भी स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत लाया जाना चाहिए।

# देश के 49 केंद्रीय विद्यालयों में शुरू की गई बालवाटिका कक्षाएं



**केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से प्रायोगिक आधार पर राजस्थान में 02 केवी और बिहार में 03 केवी सहित देशभर के 49 केंद्रीय विद्यालयों में 3, 4 एवं 5 आयु वर्ग के लिए बालवाटिका कक्षाएं शुरू की गई हैं।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देशभर के 49 केंद्रीय विद्यालयों (केवी) में गत वर्ष से तीन से पांच आयु वर्ग के बच्चों के लिए बालवाटिका कक्षाएं शुरू की गई हैं। इन कक्षाओं में 5,477 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है।केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से प्रायोगिक आधार पर राजस्थान में 02 केवी और बिहार में 03 केवी सहित देशभर के 49 केंद्रीय विद्यालयों में 3, 4 एवं 5 आयु वर्ग के लिए बालवाटिका कक्षाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में 24 राज्य एवं संघ शासित क्षेत्रों में स्थित 49 केवी में कुल 5,477 विद्यार्थी नामांकित हैं। इनमें दिल्ली के तीन केवी शामिल हैं जहां विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध है। इसमें केवी एएफएस अर्जनगढ़ में 120, केवी सेक्टर 28 रोहिणी में 117 और केवी नरेला में 121 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति-2020 के तहत पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु जो पहले 5 पांच वर्ष थी, वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में बढ़ाकर 6 कर दी गई थी। तत्पश्चात् केंद्रीय विद्यालयों में क्बालवाटिकाक्ष नाम से प्री-केजी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

### राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष हमलावर

# हंगामें के चलते संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित



एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच राहुल गांधी के बयान तथा अन्य मुद्दों पर हंगामें के चलते दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों में सत्ता पक्ष की ओर से राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान की निंदा की गई।

लोकसभा में सुबह कार्यवाही की शुरुआत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उनसे माफी मांगने को कहा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा के सदस्य हैं। उन्होंने लंदन में जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है। उनका कहना है कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था पूरी तरह से तहस-नहस हो रही है। यह भारत की गरिमा और प्रतिष्ठा पर उन्होंने गहरी चोट पहुंचाने की कोशिश की है। वे मांग करते हैं कि पूरे सदन के द्वारा उनके इस व्यवहार की निंदा की जानी चाहिए और अध्यक्षजी को निर्देश देना चाहिए कि संसद के फोरम पर आकर वह इसके लिए क्षमा याचना करें। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी राहुल के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि वे चेयर पर सवाल उठाते हैं। वे कहते हैं कि उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने सदन में पूरा भाषण दिया और कोई व्यवधान नहीं हुआ लेकिन फिर भी वे चेयर पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी में थोड़ी भी शर्म है तो वे माफी मांगेंगे। ऐसी ही स्थिति राज्यसभा में भी रही यहां सदन के नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विदेशी धरती से लोकतंत्र को खतरे की बात कहते हैं और अमेरिका और यूरोपीय देशों से हस्ताक्षेप की मांग करते हैं। राहुल पर बयान के मुद्दे पर कांग्रेस ने सदन में प्वाइंट ऑफ आर्डर का विषय रखा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल दूसरे सदन के नेता हैं और उनपर टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने सभापति से मांग की कि नेता सदन का बयान कार्यवाही से हटाया जाए। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी यही मुद्दा उठाया। पीयूष गोयल ने कहा कि उन्होंने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया।

इसपर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन में आक्रोश की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। वे इस विषय पर स्पष्टता चाहते हैं। विपक्ष के हंगामें के चलते सदन की कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित करते हुए सभापति ने कहा कि वे कल इस विषय पर रुलिंग देंगे।

दूसरी ओर लोकभा में विपक्ष के नेता कई मुद्दों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन के बीच आए। हंगामें के चलते कार्यवाही को पहले 2 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में भी कार्यवाही पहले दो बजे तक स्थगित की गई थी।

# ऑस्कर 2023 का बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग नाटू-नाटू

एजेंसी

**लॉस एंजलिस।** फिल्म ‘ऋऋऋ’ के गाने ‘नाटू-नाटू’ को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। हॉलीवुड के सबसे बड़े अवॉर्ड शो में भारत ने अपना परचम लहराया है। साउथ की फिल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू ने इतिहास रचते हुए ये सम्मान अपने नाम कर लिया है। आखिरी बार 2008 में फिल्म ‘स्लमडॉग मिलेनियर’ के गाने ‘जय हो’ के लिए एआर रहमान को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का ऑस्कर मिला था। इसके 15 साल बाद भारत को ये अवॉर्ड मिला है। ‘जय हो’ गाने को ऑस्कर तो मिला, लेकिन ये ब्रिटिश फिल्म थी। एम एम कीरावनी ने इस पुरस्कार को हासिल करते हुए अपने भाषण से हर किसी का दिल जीत लिया है। इतना ही नहीं नाटू-नाटू ने इस जीत से मशहूर सिंगर्स रिहाना और लेडी गागा के गानों को पीछे छोड़ दिया है। नाटू-नाटू ने ऑस्कर 2023 का ‘बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग’ का खिताब अपने नाम किया है। इसके साथ ही इसने टेल इट लाइक ए वूमेन के अपलॉज, टॉप गन~ मैवरिक के होल्ड माई हैंड, ब्लैक पैंथर~ वकांडा फॉरएवर के लिफ्ट माई अप और एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस के दिस इज ए लाइफ गानों को पीछे छोड़ दिया है। इस तरह इंटरनेशनल लेवल पर ये भारत की सबसे बड़ी जीत बन गई है।



### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**रांची :** बहुचर्चित गाने नाटू नाटू और डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स को ऑस्कर पुरस्कार मिला है। इसके लिए देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी सोमवार को ‘आरआरआर’ और ‘द एलिफेंट व्हिस्परर्स’ की टीम को सर्वश्रेष्ठ मूल गीत और सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र लघु फिल्म श्रेणियों में ऑस्कर पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है।

राज्यपाल राधाकृष्णन ने ट्वीट किया, ‘‘भारत के लिए गर्व का क्षण। टीम ‘आरआरआर’ को मेरी हार्दिक बधाई। जय हिन्द।’’ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा, ‘‘द एलीफेंट व्हिस्परर्स की पूरी टीम को सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र लघु फिल्म के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने और ‘आरआरआर’ की पूरी टीम को ‘नाटू नाटू’ के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का ऑस्कर जीतने पर मेरी हार्दिक बधाई। आपकी उपलब्धियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

# भारत ने शुरू किया 800 किमी. रेंज वाली ब्रह्मोस के एयर लॉन्च वर्जन का परीक्षण

एजेंसी

**नई दिल्ली:** भारत ने ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल के एयर लॉन्च संस्करण का परीक्षण शुरू कर दिया है, जो 800 किमी की रेंज में टारगेट को हिट करने में सक्षम होगा। भारतीय वायु सेना यह परीक्षण मल्टीरोल फाइटर जेट सुखोई-30 एमकेआई से करेगी। रक्षा मंत्रालय नौसेना के फ्रंटलाइनर युद्धपोतों के लिए 200 से अधिक विस्तारित रेंज वाली मिसाइलों के अधिग्रहण को अंतिम रूप दे रहा है। भारत ने अब 800 किलोमीटर की रेंज में टारगेट को हिट करने वाला ब्रह्मोस मिसाइल का नया वर्जन तैयार किया है। मिसाइल के सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करने के बाद भारत के फाइटर जेट हवा में रहते हुए दुश्मन के ठिकानों को 800 किमी. दूर से ही ध्वस्त कर सकते हैं। दुनिया की सबसे ताकतवर मिसाइल ब्रह्मोस के अपग्रेडेड वर्जन को एयर लॉन्च क्रूज मिसाइल (एएलसीएम) का नाम दिया गया है। इसी नए वेरिएंट का परीक्षण करने के लिए वायुसेना ने पिछले साल 09 मार्च को एक एयरबेस से बिना किसी वारहेड के मिसाइल दागी थी। यह मिसाइल राजस्थान के पोकरण फायरिंग रेंज में जाने के दौरान तकनीकी गलती से मार्ग भटककर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के भीतर लगभग 160 किमी. दूर जाकर गिरी। रूस की एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया तथा भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने संयुक्त रूप से ब्रह्मोस मिसाइल का विकास किया है।

# रैयतों को एक समान मुआवजा का भुगतान करें नेशनल हाईवे अथॉरिटी : केएन त्रिपाठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर तीन पंचायत के रैयतों ने एनएचएआई के द्वारा किए गए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ सोमवार को सदर मेदिनीनगर प्रखंड के लहलहे में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी से मुलाकात किया। इंटक के प्रदेश सचिव विवेकानंद त्रिपाठी और कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष रविंद्र तिवारी उर्फ गांधी जी के नेतृत्व में किए गए मुलाकात के दौरान जमीन अधिग्रहण के बाद इन भू-धारकों ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि हमारे जमीन का दाम विभाग ओने - पौने के दर से लगाने के फिराक में है।जबकि जो जमीन एनएच 75 में जा रहा है उसका सर्किल रेट काफी ज्यादा है। जमीन का जो रेट तय किया गया है उसका हमलोग विरोध करते हैं और सभी जमीन का मुआवजा एक समान देने की मांग करते हैं। दूसरे चरण के लिए भोगू से रेहला के शंखा गांव तक भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा है कि सभी रैयतों को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जो जमीन अधिग्रहण किया है उसका एक समान मुआवजा दे। ताकि जमीन मालिकों का गुजर बसर ठीक ढंग से हो सके। 1988 में संसद के एक अधिनियम द्वारा सड़क परिवहन व राजमार्ग के प्रबंधन जमीन देने वाले रैयतों को उन्हें स्थापित करने की जिम्मेवारी भी लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि गैरमजरूआ भूमि मालिक जिनका लगान रसीद 30 वर्षो से भरते आ रहे हैं उन्हें भी विभाग मुआवजा दे। सबसे ज्यादा जो जमीन का खरीदी हुई है उस केवाला के अनुसार अथॉरिटी उन्हें मुआवजा दे। उन्होंने कहा कि 18 मार्च को रैयतों के साथ उपायुक्त पलामू से मुलाकात किया जाएगा और विस्तार पूर्वक उन्हें जानकारी दी जाएगी।

**तीन पंचायत के एक सौ 23 एकड जमीन जाएगी**

सड़क और परिवहन राजमार्ग के द्वारा पोलपोल, सरजा और लहलहे पंचायत के 750 रैयतों का कूल एक सौ 23 एकड भूमि अधिग्रहण किया गया है। मौके पर अखिलेश तिवारी ,उमेशचंद्र झा ,रंगलाल तिवारी, कुंजबिहारी तिवारी, रामेश्वर यादव, महेंद्र पाल, सुभाष तिवारी, प्रवीण कुमार बबलू, राजमोहन पाल, मंगल राम, पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह, भिखारी साहू, अशोक पाल, तपेश्वर पाल, संतोष तिवारी, मनदीप चौधरी, रिंकू चौधरी, आलमगीर खान, पंकज सिंह, रिंकू तिवारी, अमित कुमार तिवारी समेत कई रैयत मौजूद थे।

## बीडीओ ले उपस्थिति पंजी में छेड़छाड़ करने को लेकर पत्थलगड़ा प्रमुख मनीषा कुमारी पर लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** बीडीओ मोनी कुमारी ने बताया कि पिछले 11 मार्च को प्रखंड प्रमुख मनीषा कुमारी के द्वारा उपस्थिति पंजी में छेड़छाड़ की गई है। प्रमुख के द्वारा 11 तारीख को कर्मियों की उपस्थिति का निरीक्षण के दौरान सरकारी दस्तावेज उपस्थिति पंजी को अपने कार्यालय में मंगा लिया गया। साढ़े दस बजे कई अनुपस्थित कर्मियों की हाजिरी काट दी गई और कई कर्मी कार्यालय में भी उपस्थित थे उनका भी हाजिरी काट दिए। साथ ही एक घंटे तक कर्मियों को अपने कार्यालय कक्ष में बैठा कर डराने और धमकाने का काम किया है। सोमवार को भी उपस्थिति को लेकर कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार हुआ। उन्होंने बताया की यह बिल्कुल असंवैधानिक कार्य किया है वीडियो मोनी कुमारी ने उपस्थिति पंजीयन को सील कर थाना को सोपा।

## बीएनएस पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन




**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीएनएस पब्लिक स्कूल तेंदुआ में सोमवार को विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य बिनोद सिंह की अगुवाई में सजी प्रदर्शनी में कक्षा 2 से 8 वीं तक के विद्यार्थियों ने बेहद आकर्षित करने वाले मॉडल सजाए। प्रदर्शनी में 16 विज्ञान और 16 सामाजिक अध्ययन पर कुल 32 प्रोजेक्ट शामिल रहे। प्रदर्शनी में सोलर कुक्कर, पैरीस्कोप, ज्वालामुखी, स्मार्ट सिटी प्लान, ग्रीन हाउस, ग्रीन सिटी, सोलर सिस्टम, पवन चक्की के अलावे राम मंदिर, केदारनाथ, इंडिया गेट सहित विज्ञान और सामाजिक अध्ययन के मॉडलों को स्टॉल लगाकर प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में आए आगंतुकों और अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं की ओर से बनाए गए मॉडलों की खूब सराहना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागेदारी दर्ज करवाने से जहां सामान्य ज्ञान में वृद्धि होती है वहीं शिक्षण कार्य में बच्चों की रुचि बढ़ती है। उन्होंने कहा कि ज्ञान, विज्ञान आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना संस्थान का पहला उदेश्य है। साथ ही उन्होंने इसके लिए बच्चों को तैयार करने वाले अध्यापक शैलेश गौरव, लव कुमार तथा नीतीश कुमार को भी बधाई दिया। इस अवसर पर शिक्षक पंकज पाठक, विमलेश यादव, रितेश कुमार, रंजीत कुमार, अजय कुमार शिक्षिका अनिता कुमारी, संगीता कुमारी, ब्यूटी कुमारी, अनीशा कुमारी सहित अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।

# पशु शेड का निर्माण कराए बिना ही कर ली गई राशि की निकासी

- निर्माण के नाम पर एक ईट भी नहीं है लगा, लाभुक को इस संबंध में किसी भी तरह की नहीं है जानकारी
- पशुधन विकास योजना के तहत लाभुक को मिला था कुक्कुट शेड योजना का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बाजार :** पलामू जिले के प्रखंडों में मनरेगा की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। मनरेगा के कार्यों में अनियमितता बरतने वाले जिम्मेवार लोगों के ऊपर कार्रवाई भी की जा रही है। बावजूद जिम्मेवार लोगों में इसका भय व्याप्त नहीं है। जिला प्रशासन के निर्देशों के बावजूद भी धरातल पर योजना को नहीं उतारी जा रही। कागज पर योजना को पूर्ण दिखाकर राशि की बंदरबांट कर ली गई। लाभुक के खाते में मजदूरी का भी एक रुपए नहीं दिए गए। सारी पैसों की निकासी जिम्मेवार लोगों की मिलीभगत से निकासी कर ली गई। यह मामला पलामू जिले के नावा बाजार प्रखंड स्थित इटको पंचायत का है। जहां पशुधन विकास योजना के तहत चयनित लाभुकों के लिए मनरेगा की उपलब्ध निधि से पशुशाला का निर्माण कराया जाना था। इस संबंध में ईटको पंचायत की रेशमा खातून पति इरफान अंसारी को पशुधन योजना के तहत कुक्कुट शेड निर्माण के लिए जिला पशुपालन विकास पदाधिकारी के ज्ञापांक 515 दिनांक 21 जुलाई 2022 को योजना की स्वीकृति के लिए डीआरडीए को पत्राचार किया गया था। वहीं डीआरडीए के पत्रांक 489 27 जुलाई 2022 को स्वीकृति देते हुए नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी को कार्य कराने की स्वीकृति के लिए लिखा गया। जिसके बाद नावा बाजार प्रखंड कार्यालय के पत्रांक 744 दिनांक 3 अगस्त 2022 को योजना की स्वीकृति दे दी गई। कुक्कुट शेड लाभुक रेशमा खातून को इस संबंध में किसी भी तरह की जानकारी नहीं है और न हीं लाभुक के द्वारा किसी भी तरह का निर्माण कार्य कराया गया है। बावजूद मनरेगा मजदूरी की राशि पांच अलग-अलग मजदूरों के खाते में 11 हजार 376 रुपए का भुगतान कर दिया गया। इतना ही नहीं सामग्री मद की राशि एक लाख एक हजार 401 रुपए का भुगतान एमएस नैतिक स्टोन चिप्स नाम से पंजीकृत वेंडर के खाते में ट्रांसफर कर दी। मजदूरों की मजदूरी का भुगतान 13 जनवरी से 13 फरवरी के बीच कार्य करने को लेकर किया गया है। वहीं सामग्री की राशि का भुगतान 3 मार्च को एमएस नैतिक स्टोन चिप्स वेंडर के खाते में की गई है। शेड निर्माण और पैसों की निकासी से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी हमें प्राप्त नहीं है। हमें यह बताया गया था कि आपके शेड का निर्माण वेंडर के द्वारा कराया जाएगा। लेकिन किसी भी तरह का निर्माण कार्य अभी तक नहीं कराया गया है।

**छात्र-छात्राओं के बीच यूनिफार्म वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

# शिक्षा पदाधिकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति कराएं सुनिश्चित : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अन्तर्गत सभी योजनाओं (कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सहित) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से कुल विद्यालयों की संख्या, बीआरसी, सीआरसी, बीईईओ, बीआरपी, सीआरपी, शिक्षक, मध्याह्न भोजन, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय समेत अन्य सभी संबंधित को लेकर समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में कुल 1570 विद्यालय हैं। इस संदर्भ में उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं के बीच यूनिफार्म वितरण की जानकारी लिया। साथ ही उन्होने कहा कि यूनिफार्म वितरण में जिन संबंधित के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है उनसे कारण पृच्छा कर नियमानुसार कार्रवाई करें। विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस का संचालन हेतु लगे सोलर पैनल की स्थिति की जानकारी ली गई। इसमें संबंधित द्वारा जानकारी दी गई कि कुछ कुछ विद्यालयों से सोलर पैनल की चोरी हुई है उससे संबंधित प्राथमिकी भी नजदीकी थाना में दर्ज कराई गई है की जानकारी दी गई। इस संदर्भ में उपायुक्त ने चोरी हुए सोलर उपकरण एवं थाना द्वारा जब्त किए गए सोलर उपकरण का रिपोर्ट जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिससे नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।विद्यालयों में स्थापित आईसीटी लैब कि स्थिति की भी जानकारी ली गई। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि इसका संचालन निरंतर हो और विद्यार्थियों को इसका लाभ मिले।कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय में शिक्षकों कि उपलब्धता, पठन पाठन की व्यवस्था, नामांकन प्रक्रिया के समीक्षा के क्रम में यह प्रकाश में आया कि कस्तुरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में पिछले सत्र में 1278 सीट रिक्त हैं। इस पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए कहा कि विद्यालयों में इस तरह से सीटे रिक्त रहना शोभनीय नहीं है। इसकी विस्तृत समीक्षा कर नियमानुसार छात्र-छात्राओं का नामांकन कर शत प्रतिशित रिक्त सीट को भरें।

## शासी निकाय सचिव के निधन पर किया गया शोक सभा का आयोजन



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** रेहला संत तुलसीदास महाविद्यालय के पूर्व शासी निकाय सचिव व सेवानिवृत्त शिक्षक नागनाथ चौबे के निधन पर महाविद्यालय के हॉल में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा के दौरान महाविद्यालय के सभी कर्मचारी 2 मिनट की मौन रखकर भगवान से इनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्र ने की। शोक सभा में महाविद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि नागनाथ चौबे का निधन महाविद्यालय के लिए अपूर्ण क्षति है। जिसकी कमी हम सभी लोगों को खलेगी। इन्होंने महाविद्यालय के लिए अपने जीवन में तन मन धन से सहयोग किया है। महाविद्यालय के शिक्षक कृष्ण कुमार चौबे ने कहा कि नागनाथ चौबे समाज के लिए समर्पित व्यक्ति थे। उन्होंने अपनी निष्ठा से शिक्षक के रूप में भी बच्चों का सेवा किया था। उन्होंने महाविद्यालय के स्थापना के बाद से जनवरी 2022 तक सचिव के रूप में भी अपना एक अलग पहचान छोड़कर हम सबों के बीच चले गए। उनका जाना हम सबों के लिए बहुत ही दुखद है। उनकी कमी हम सबों को सदा के लिए खलेगी। शोक सभा में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ श्याम मिश्रा, संतोष कुमार शुक्ला, रामजी चौबे, डॉ प्रमोद पासवान, ज्योति कुमारी, त्रिपुरारी तिवारी, रंजन दुबे, शशि रंजन सिंह, राकेश शुक्ला, शबनम निशा के अलावा देव प्रकाश पांडेय, अमित कुमार, जितेंद्र पाठक, फुल कुमारी, गुंजन पासवान, रामेश्वर राम, नरेंद्र मिश्रा, संगीता कुमारी, हरीकिशोर, दिनेश शाह, संत कुमार मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने उपमुखिया को स्थायीरूप से मुखिया पद पर रखने की उपायुक्त से कि मांग

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कोलझिकी ग्राम के ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर पंचायत के उपमुखिया सुनीता देवी को स्थायीरूप से मुखिया पद पर रखने की मांग किया है। उपायुक्त को दिये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि अजय प्रसाद गुप्ता पंचायत के निर्वाचित मुखिया हैं. विगत दिन आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण का कार्यादेश देने के लिये पंद्रह हजार रुपये की मांग को लेकर महिला समूह के मेठ सहाना बीबी को तीन माह तक दौड़ाते रहे.अंत मे पंद्रह हजार रुपये लेते ए सीबी की टीम के द्वारा रंगे हाथ पकड़े गये.एसीबी की टीम ने उन्हें न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। वर्तमान में मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता जेल से छूटकर आये हैं और पुनः मुखिया पद लेने के लिये होड़ मचाये हुये है। पूर्व में जब उनकी पत्नी सविता देवी मुखिया थी तब भी घोटाला हुआ था। श्री गुप्ता को जेल जाने के बाद उप मुखिया सुनीता देवी को मुखिया का पद भार दिया गया है, जिनके कार्य से हम सभी ग्रामीण संतुष्ट हैं. पुनः अजय प्रसाद गुप्ता को मुखिया का पदभार मिलेगा तो हमारे पंचायत का विकास कार्य बाधित हो जायेगा। ग्रामीणों ने उपमुखिया सुनीता देवी को ही मुखिया पद पर बरकरार रखने का अनुरोध किया है। मांग करने वालो में नसीम अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी, फिरोज अंसारी, रफीक अंसारी, नूर मोहम्मद, लैलातुला अंसारी सहित अन्य के नाम शामिल है।

# बेनिखुर्द में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद के बेनिखुर्द गांव में श्री साम्बसदा शिव वागेश्वर महादेव प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 20 मई को कलश यात्रा के साथ शुरुआत होगी। इसकी तैयारी को लेकर विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज की अध्यक्षता में श्रद्धालुओं की बैठक हुई। बैठक में दोनों आयोजन को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर कमिटी का गठन किया गया।जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता नेता विनोद कुमार सिंह को संरक्षक, रंजीत कुमार सिंह को अध्यक्ष, भाजपा के वरीय नेता रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह को सचिव, भाजपा नेता प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुनू सिंह को महासचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में 20 मई को जलयात्रा, 21 को मंडप पूजन, 22 को प्राणप्रतिष्ठा, 23 व 24 को मंडप पूजन हवन व 25 को पूर्णाहुति ,भंडारा एवम ब्राह्मण बिदाई का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से ललन कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, दरुआ बेनी के योगेंद्र सिंह, बेनिकला के मुखिया श्रवण राम, लोटानिया पंचायत के मुखिया विनोद सिंह उर्फ लाल बाबू, सचिदानंद सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह समेत काफी संख्या में आस-पास गांव से आए ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

# शिक्षकों का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखण्ड संसाधन केंद्र अधौरा में मूलभूत साक्षरता व संख्या ज्ञान एवम सम्पर्क फाउंडेशन कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों के चौथे बैच का चल रहे चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सोमवार को सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षकों ने कहा कि यह प्रशिक्षण आप सबो के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण में चार दिनों तक जो भी जानकारी आप सबो को दिया गया, उसे अपने विद्यालय के बच्चों तक ले जायें तभी प्रशिक्षण सार्थक होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने वर्ग एक से तीन तक के बच्चों को कैसे समावेशी, आकर्षक व आनन्ददायी शिक्षा दिया जाय के गुर शिक्षकों को विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को संजय मेहता, अविनाश कुमार व अखिलेश प्रसाद ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में शिक्षक बाबूलाल सिंह, सुधाकर कुमार सोनी, कुमारी नीलम, प्रियंका कुमारी, उमेश प्रसाद, रेखा कुमारी गुप्ता, धीरेन्द्र कुमार सिंह, किरण कुमारी, नीलम कुमारी पांडेय, राकेश कुमार, रामानुज कुमार शर्मा, उमेश उरॉव, राम लखन पाल, संध्या कुमारी, उपेन्द्र पासवान सहित 40 प्रतिभागी शामिल थे।

# बैंकर्स समिति की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड सभागार में सोमवार को बीएलबीसी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने किया। इसमें एलडीएम अनुकरण तिर्की भी उपस्थित थे। बैठक में स्कूली छात्रों को खाता खोलने तथा पुराने खाता को अपडेट करने, ऋण माफी योजना से वंचित किसानों की पहचान कर योजना का लाभ दिलाने के अलावा किसान क्रेडिट कार्ड, जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पर चर्चा की गई। एलडीएम ने कहा कि स्कूली छात्र निकटतम सीएसपी में अपना खाता खोल सकते हैं। बैठक में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ढाब कला के शाखा प्रबंधक विकास सिन्हा हरिहरगंज शाखा के प्रबंधक नागेंद्र कुमार एटीएम प्रवीण जहां के अलावे केनरा बैंक ऐक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक शामिल थे।

## मैट्रिक परीक्षा आज से शुरू परीक्षा केंद्र का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण 703 परीक्षार्थी परीक्षा में होंगे शामिल

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय में 14 मार्च से मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थियों का बनें केंद्र का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। जहां छोटी मोटी कमी को जल्द से जल्द सुधार कर पूरा करने की निर्देश केंद्र अधीक्षक को दीए। बताते चलें कि प्लस टू गंगा स्मारक के केंद्र अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह प्रधानाध्यापक एवं मध्य विद्यालय में बारिसाखी पंचायत में संचालित प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव को बनाया गया है।इन्हीं के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार प्लस टू गंगा स्मारक विद्यालय में कुल 408 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे।एवं मध्य विद्यालय में 295 बच्चे शामिल होंगे।2023 जैक बोर्ड की मैट्रिक- इंटर परीक्षा तीन अप्रैल तक प्रथम पाली में सुबह 09:45 बजे से दोपहर 01:05 बजे तक होगी।वहीं इंटर की परीक्षा पांच अप्रैल तक दूसरी पाली में दोपहर बाद 02 बजे से शाम 05~20 बजे तक होगी। आगे बताते चलें कि इस परीक्षा केंद्र में प्रखंड के दुआरी, इचाक, मजगांवा तेरी, बारीसाखी, पिडारकोण एवं कस्तूरबा विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल रहेंगे।

# शिशु विद्या मंदिर जपला में बालिका शिक्षा पर आचार्या बहनों की शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपरांत रविवार को संकुल स्तरीय एक दिवसीय बालिका शिक्षा पर आचार्या बहनों का शिविर आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज, सुप्रिया जैन, सोनाली विश्वकर्मा एवम बिद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने किया। मौके पर महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज ने कहा कि बालिका शिक्षा आवश्यक है, लेकिन इसके साथ यह भी आवश्यक है कि बच्चियों में प्रारंभ से ही वे सारी शिक्षाएं दी जाए जो परिवार और समाज के लिए आवश्यक होती है।उन्होंने कहा कि नारी जब शिक्षित हो जाएगी वह अपना कर्तब्य स्वयं जान जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती है। इसलिए परिवार को बचाने के लिए बच्चियों की शिक्षा को बढ़ाना अनिवार्य है। मौके पर बिद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दुबे ने कहा कि देश और समाज के सर्वांगीण बिकास के लिए बालिका शिक्षा के भारतीय मॉडल की आवश्यकता है। बिद्या भारती इस लक्ष्य को सामने रखकर कर एक योजना चला रही है।इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण पर कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षित होने का यह कतई मतलब नही है कि महिलाएं भोजन बनाना छोड़ दें, बच्चों का लालन-पालन नही करें। पश्चिम से उधार लिए गए शैक्षणिक मॉडल के भयावह परिणाम परिवारों के होने एवम संस्कारो के क्षरण के रूप में हमारे सामने है। इसलिए बालिकाओं के लिए बेहतर शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक व सांस्कारिक ज्ञान भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव राकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष सतीश सिंह, सदस्य सत्येन्द्र चंदेल, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार विश्वकर्मा, हरिहरगंज के प्रधानाचार्य विजयेन्द्र प्रसाद, बिलासपुर प्रधानाचार्य जयंत प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ चैनपुर मंडल का चुनाव संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ चैनपुर मंडल का चुनाव राजकीय मध्य विद्यालय शाहपुर में जिला कोषाध्यक्ष मो इमामुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह चुनाव प्रभारी के तौर पर कार्य किया। चुनावी प्रक्रिया प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे, उपसचिव विनोद कुमार चौरसिया एवं प्रमंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह की उपस्थिति मे हुआ। बैठक में सभा अध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी ने कहा की पूर्व प्रखंड अध्यक्ष के इसतीफे के बाद से पद खाली था। जनेश्वर सिंह ने सभा अध्यक्ष के आदेशानुसार चुनाव कार्य प्रारंभ किया। सभी पदों के चुनाव के लिए उपस्थित सहायक अध्यापकों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। चुनाव कार्य संपन्न होने के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मुमताज अहमद, सचिव चिंता उरांव, कोषाध्यक्ष नवल किशोर, उपाध्यक्ष खिरोध महतो, दीनानाथ कुमार और अशोक प्रसाद, संगठन मंत्री मोहम्मद इमाम अजहर, मीडिया प्रभारी परमानंद सिंह, संयुक्त सचिव अरविंद कुमार सिंह एवं वरिष्ठ साथी राजेंद्र दीक्षित को चैनपुर वन प्रखंड कमेटी का संरक्षक बनाया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे ने नई कमेटी के पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया चुनाव के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा की नई प्रखंड कमेटी वेतनमान के लिए प्रदेश एवं जिला की लड़ाई में भरपूर साथ देगी। बिनोद बिहारी महतो और विनोद तिवारी के नेतृत्व में जल्द ही सभी संगठनों को एक मंच पर लाकर वेतनमान की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ी जाएगी। मणिलाल रवि, अजय प्रसाद गुप्ता, अमर दयाल चौधरी, मदन कुमार यादव, नसीम अहमद, अर्जुन सिंह, विनोद चौरसिया, मोहम्मद सफी उद्दीन, जवाहर राम, राम पवन राम, प्रमोद कुमार, अमर दयाल चौधरी तथा रामप्रवेश सिंह सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## युवा राजद प्रदेश प्रवक्ता सुबोध पासवान पहुंचे कुन्दा बाबा साहेब के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैं अर्द्ध नहीं हूं महफिल का एक मुकम्मल महफ़िल हूँ महफिल फिर महफ़िल न रहेगी अगर मुझको महफ़िल से निकाला गया।दरअसल युवा राजद प्रदेश प्रवक्ता सुबोध पासवान सोमवार को कुंदा पहुचे और शायरी व आलोचना के माध्यम से केंद्र सरकार व ईडी की कार्रवाई पर निशाना साधा, उन्होंने मेन चौक पर स्थापित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा का माल्यार्पण किया व उनके द्वारा बनाए गए नीतियों का वर्णन किया। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता कुंदा में कई लोगों से मुलाकात कर जन समस्याओं से अवगत हुए,इस दौरान उन्होंने बड़े बुजुर्गों से उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। वही प्रदेश प्रवक्ता ने भाजपा पर चुटकी लेते हुए कहा की केंद्र की मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है, लगातार युवाओं की लोकप्रियता भाजपा के प्रीति गिरती जा रही है। जिसके कारण भाजपा बौखलाहट में आ गई ,व ईडी और सीबीआई के माध्यम से दलित एसटी, एससी व पीछड़ो की पार्टी राजद पार्टी पर हमला करना चाहती है, सत्ता पक्ष उनके पास है जिसके कारण निंदनीय कृत्य कर रही है, लेकिन जब दलित शोषित पिछड़ों की सरकार आएगी तब ये क्या करेंगे। उन्होंने यह भी काहा की युवा केंद्र सरकार की नीतियों से क्षुब्ध हो चुके हैं और परिवर्तन का प्लान बना रहे हैं।मौके पर युवा नेता लालूप्रसाद यादव, उपेंद्र भोक्ता,समेत कई राजद कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बजट सत्र : विधानसभा में भाजपा विधायकों का हंगामा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण का आगाज सोमवार को विपक्षी विधायकों के हंगामे के साथ हुआ। नियोजन नीति कब तक लागू होगी, बनाने का आधार क्या है, जैसे प्रश्नों के साथ विपक्ष के विधायकों ने वेल तक पहुंच कर हंगामा किया। वहीं झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि नियोजन नीति को पहले सदन में लाना था पर सरकार ने कैबिनेट में लाया। सदन के बाहर सीढ़ियों पर बैठे भाजपा के विधायकों ने हंगामा किया, जहां नियोजन नीति पर भाजपा के विधायकों ने साफ तौर पर कहा कि नियोजन नीति में 60-40 नाय चलतो। भाजपा के विधायकों ने ठगने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की। भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि यह सरकार युवा विरोधी है। विधायक नीरा यादव ने कहा कि युवा-युवतियों को ठगने वाली सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। मुख्यमंत्री को नियोजन नीति पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और सदन में इस पर विशेष चर्चा होनी चाहिए। लेकिन जो सरकार का रुख है उससे साफ लगता है कि यह सरकार युवाओं के हितों के लिए काम करना नहीं चाहती है। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि यह सरकार लोगों को नौकरी देना ही नहीं चाहती है। तीन वर्ष से अधिक समय हो चुका है लेकिन सरकार जो वादा करके आई थी उसे पूरा करने में पूरी तरह से फेल रही है। झारखंड के पांच लाख युवाओं ने ट्विटर अभियान के जरिए सरकार के नियोजन नीति पर अपना विरोध जताया है। उससे साबित होता है कि मुख्यमंत्री ने सदन और सदन के बाहर जिस तरह से यह कहा था कि 1932 लागू करेंगे और फिर कहते हैं युवाओं की भावना के अनुरूप नियोजन नीति लाएंगे, लेकिन फर्जी तरीके से 75 प्रतिशत युवाओं के द्वारा फीडबैक दिए जाने की बात कह कर चुपचाप तरीके से नियोजन नीति में संशोधन कर दिया, उससे झारखंड के छात्र नाराज हैं। माले विधायक विनोद सिंह ने भी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि नियोजन नीति स्पष्ट नहीं होने से आज युवा एक बार फिर सड़कों पर है और अपने गुस्से का इजहार सोशल मीडिया के जरिए कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि स्थिति स्पष्ट करें और युवाओं को नौकरी देने का काम करें।

### सत्तारूढ़ दल के विधायक और मंत्री सरकार के बचाव में उतरे

विपक्ष के हमले को देखते हुए सत्तारूढ़ दल के विधायक और मंत्री सरकार के बचाव में उतरे। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि जानबूझकर विवाद पैदा करना चाहते हैं। यदि हिम्मत है तो 1932 खतियान आधारित स्थानीयता का वह समर्थन खुलकर करे। मगर वह ऐसा नहीं करना चाहते है। उन्होंने सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय को सही बताते हुए कहा कि सरकार सदन में चर्चा से भागना नहीं चाहती है मगर विपक्ष बाहर कुछ और अंदर कुछ बोलकर जनता को दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है। पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि युवा विपक्ष के साजिश का शिकार ना हों। सरकार ने जो फैसले लिए हैं वह आने वाले समय में झारखंड के युवाओं के लिए लाभदायक साबित होगा। ट्विटर आंदोलन को मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने विपक्ष प्रायोजित बताते हुए कहा कि इसमें भाजपा सुनियोजित रूप से भूमिका निभा रही है जिसका खुलासा हो चुका है। सदन में नियोजन नीति को लेकर सरकार चर्चा कराने के लिए तैयार है, मगर विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं होता है।

### पूर्णिमा नीरज सिंह को जान का खतरा, संज्ञान ले सरकार : उमाशंकर अकेला

**झारखंड विधानसभा में सोमवार को कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को जान का खतरा है। उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। सरकार इस पर संज्ञान ले। उल्लेखनीय है कि पूर्णिमा नीरज सिंह के पूर्व ड्राइवर अजय रवानी का नीरज सिंह हत्याकांड के आरोपितों से संपर्क में होने के साक्ष्य मिले हैं। वह गैंगस्टर रमन सिंह और प्रिंस खान के संपर्क में था। अजय रवानी ने विधायक के कार्यक्रमों के कई फुटेज और फोटो अमन सिंह को शेयर किया था। पुलिस ने भी दावा किया है कि धनबाद में बड़े खूनी खेल की तैयारी थी।**

## भाजपा के लोग अगर हिंदी और संस्कृत के विरोधी हैं, तो खुलकर बोलें : बन्ना गुप्ता

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विपक्ष के द्वारा नियोजन नीति पर जारी गतिरोध पर विधानसभा परिसर में सोमवार को कहा कि भाजपा वाले बड़ा हिंदू-हिंदू करते हैं लेकिन यह बताएं कि क्या एक भी श्लोक बिना संस्कृत के है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अगर मर्द हैं, तो खुलकर कहें कि वह लोग हिंदी और संस्कृत के विरोधी हैं। केवल विरोध करने के लिए विरोध नहीं होना चाहिए, कोई लॉजिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले आखिर चाहते क्या हैं, कौन सी नीति चाहते हैं, कौन सा कट ऑफ डेट चाहते हैं। यह खुलकर जनता को बताना चाहिए कि एक तरफ 1932 के खतियान और नियोजन नीति के खिलाफ इनके लोग टूट जाते हैं उसे हाई कोर्ट से खारिज करवाते हैं और फिर



सरकार जनमत संग्रह के आधार पर नई नियोजन नीति बनाती है, तो उसका भी विरोध करते हैं। भाजपा के लोग ही अब जनता के सामने खुलकर बताएं कि वह कौन सी नीति चाहते हैं और उसका आधार क्या होगा। भाजपा के लोग जनता को बेवकूफ बनाने में लगे हैं। आने वाला समय दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

### विधानसभा के मुख्य द्वार पर विपक्ष का प्रदर्शन, 60-40 नाय चलताऊ का नारा लगाया

रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हुआ। सत्र शुरू होने से पहले विपक्ष के विधायकों ने विधानसभा मुख्य द्वार पर प्रदर्शन और नारेबाजी की। 60-40 नाय चलताऊ का नारा बुलंद किया। युवाओं को ठगने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से इस्तीफे की मांग की।भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि यह सरकार युवा विरोधी है। सरकार ने जनता से जितने भी वायदे किये एक को भी पूरा नहीं किया। मुख्यमंत्री सहित पूरी सरकार लूट में लगी हुई है। इस सरकार को सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है।भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष पांच लाख रोजगार का वादा कर सत्ता में आयी हेमन्त सरकार साढ़े तीन वर्ष में साढ़े 300 युवाओं को भी नौकरी नहीं दे पाई। वर्ष 2021 को रोजगार वर्ष घोषित किया। कहां गया रोजगार। सच्चाई यह है कि इस सरकार को जनता से नहीं मतलब है। मतलब है तो कैसे अपनी झोली को भरे।

### महंगाई को देखते हुए हम सभी विधायकों का वेतन बढ़ाया जाए : भानू प्रताप शाही



रांची। विधानसभा के सदन में बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही ने विधायकों का वेतन बढ़ाने की मांग की।भानू ने कहा कि महंगाई बढ़ रही है। इसे देखते हुए दिल्ली की तर्ज पर झारखंड में भी विधायकों का वेतन बढ़ना चाहिए। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्रनाथ महतो से दिल्ली की तर्ज पर वेतन बढ़ाए जाने की मांग की। कहा कि सर महंगाई बढ़ रही है, इसलिए वेतन बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में सत्ता और विपक्ष के लोग एक साथ हैं। झारखंड में विधायकों का मूल वेतन 40,000 है, जबकि दिल्ली में विधायकों का वेतन बढ़ा कर एक लाख से ऊपर कर दिया गया है। भानु प्रताप शाही की मांग पर जेएमएम विधायक सुदिव कुमार सोनू ने कहा कि आखिरकार भाजपा विधायक मान ही गए की महंगाई बढ़ी है।

**संक्षिप्त खबरें**

### पोस्टमैन के बकाया भुगतान को लेकर 20 को धरना

**रांची :** राज्य के सभी मंडलों में पोस्टमैन के बकाया भुगतान को लेकर 20 मार्च को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, 17 मार्च को डाक विभाग की ओर से आयोजित सर्किल पेंशन अदालत में पेंशनर्स की समस्याएं जोरदार ढंग से उठाई जाएंगी। यह निर्णय रांची जीपीओ में हुई पोस्टल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता केडी राय ने की। सचिव एमजेड खान ने कहा कि पेंशनर्स के मेडिकल क्लेम के भुगतान को लेकर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल पूर्व 27 फरवरी को सहायक डायरेक्टर जनरल सीजीएचएस डॉ. विनोद शर्मा से मिला था।

### हाथी ने एक व्यक्ति को कुचला, मौत

**रांची :** सोनाहातू-ईचागढ़ सीमा क्षेत्र पिलीद जंगल के चांदनी चौक के समीप सोमवार को जंगली हाथी ने एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला। मृत व्यक्ति की शिनाख्त अशरफुल हक के रूप में की गई है। वह बंगाल के मुर्शिदाबाद का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह कुर्सी टेबल बेचने का काम करते थे। जंगली हाथी के आतंक से आसपास के इलाके में दहशत है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटना के बाद आसपास के लोग आक्रोशित है।



## कोकोमेलोन किड्ज प्ले स्कूल का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोकोमेलोन किड्ज प्ले स्कूल का उद्घाटन हाउस नंबर 212 , रोड नंबर 1 ,अशोक नगर रांची में दीप प्रज्वलित कर पूर्व सांसद रवींद्र राय ने किया ।

इस मौके पर बोलते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि जिस मिशन के तहत इस स्कूल की संचालिका देबंजना दत्ता स्कूल की शुरुआत की है मैं हृदय की गहराई से शुभकामनाएं और जिस पवित्र भाव से स्कूल शुरु किया गया है, यह खूब आगे तरक्की करें ऐसी कामना करता हूं। स्कूल की संचालिका स्कूल की संचालिका देवांश दत्ता ने कहा कि यह स्कूल मैंने एक मिशन के तहत खोला है । इसमें बच्चे को ऑर्गेनिक खेती नए टीचिंग स्किल के साथ पढ़ाया जाएगा ।

इस स्कूल में बच्चों के साथ खेल कर पढ़ाया जाएगा, यहां योगा, मेडिटेशन , म्यूजिक, डांस क्लासेस सहित कई सारी सुविधाएं बच्चों को दी जा रही है। यहां 2 साल से 6 साल तक के बच्चों का नामांकन प्ले ग्रुप, नर्सरी, लोअर केजी, अपर केजी मैं होगा ।

उन्होंने कहा कि पूरा स्कूल एयर कंडीशन है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में सारे क्लासेस एयर कंडीशन युक्त है ,लेटेस्ट लर्निंग टॉयज ,स्विमिंग पूल ,प्रैक्टिस साइड टूर ,गाडर्निंग एंड फार्मिंग, क्रिएटिव करिकुलम, म्यूजिक डांस, की सुविधा है। पूरा स्कूल सीसीटीवी सर्विलेंस में है। बच्चो स्नैक्स, फरूट और जूस की सुविधा है । एसी वैन जीपीएस ट्रैकिंग लगा हुआ समेत सारी सुविधाएं उपलब्ध है।इस मौके पर स्कूल के निदेशक प्रदीप ,देबंजना दत्ता, स्कूल के शिक्षक प्रियम डालमिया, मनीला गुप्ता ,बबीता मंगलम, अंजु सिन्हा ,प्रियंका ,स्मृति समेत कई लोग मौजूद थे।

## डॉ मुजफ्फर की लिखित तीन पुस्तकों का किया गया विमोचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने मुस्लिम समुदायों पर आधारित तीन पुस्तकों का विमोचन सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में बड़े सादगीपूर्ण माहौल में किया। इन पुस्तकों के रचनाकार डॉ मुजफ्फर हुसैन हैं, जो डोरंडा कॉलेज में ही अध्यापन कार्य करते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने कहा डॉ हुसैन द्वारा रचित तीनों पुस्तक पूर्णतः शोध पर आधारित है और इसका अध्ययन करने से मुस्लिम समुदायों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। यह महाविद्यालय परिवार और मुस्लिम समुदाय के लिए काफी हर्ष की बात है कि कॉलेज के ही एक शिक्षक ने इन पुस्तकों का लेखन कार्य बड़ी सूझ



बूझ और परिश्रम से किया है। निःसंदेह आने वाले दिनों में इन पुस्तकों का लाभ मुस्लिम समुदाय के साथ साथ अन्य समुदायों एवं सरकार को मिलेगा। पुस्तक की जानकारी देते हुए डॉ मुजफ्फर हुसैन ने कहा तीन पुस्तकों में प्रथम पुस्तक मुस्लिम कल्याणकारी योजना एवं उनके शैक्षणिक संस्थान नाम से है, जिसमें मुस्लिम संबंधी सभी कल्याणकारी योजनाओं और उनके शैक्षणिक संस्थानों की विस्तृत जानकारी दी गई है। डॉ हुसैन बताते हैं कि तीनों पुस्तक वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार लिखे गए हैं जिसका सर्वांगीण लाभ मिलेगा। पुस्तक का प्रकाशन झारखंड झरोखा, रांची ने किया है। इस अवसर पर प्राचार्य एवं लेखक के अतिरिक्त इंटर इंचार्ज मतीउर रहमान, मुसर्रत जहां, डॉ शीला कुमारी, अवधेश ठाकुर, शोएब आलम, अपर्णा शर्मा, मुसर्रत, अनुराधा कुमारी, नूर निशा कुजूर, रशान्ति नायक, उमा भारती, अमित कुमार, निरंजन वर्मा, यासमीन परवीन, शैल सुता कुमारी समेत कई शिक्षकगण उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा अनिल वास्तावड़े ईडी कोर्ट में हुए पेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी विनोद सिन्हा, मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ बस्तावड़े सहित अन्य आरोपित सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सशरीर उपस्थित हुए। सोमवार को ईडी की ओर से कोर्ट में गवाह प्रस्तुत किया जाना था। लेकिन किसी वजह से ईडी का गवाह उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 31 मार्च निर्धारित की। उल्लेखनीय है कि मधु कोड़ा जब मुख्यमंत्री थे तब उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमायी करने का आरोप लगा है। इस मामले की जांच सीबीआई और ईडी ने की।

### पापमोचिनी एकादशी व्रत 18 मार्च को

**रांची :** चैत्र माह के कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को पापमोचिनी एकादशी व्रत कहा जाता है। पंडित मनोज पाठक ने बताया कि विष्णु पुराण में कहा गया है कि पापमोचिनी एकादशी के प्रभाव से सभी पापों का नाश होता है और इस व्रत को करने से सभी पापों के दंड से मुक्ति मिलती है। भविष्योत्तर पुराण में इसका विस्तार से वर्णन किया गया है। इस दिन भगवान विष्णु के चतुर्भुज स्वरूप की पूजा की जाती है। पापमोचिनी एकादशी का व्रत 18 मार्च को रखा जाएगा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार पापमोचिनी एकादशी संवत साल की आखिरी एकादशी है।

## मोदी और अडानी की दोस्ती के खिलाफ कांग्रेस सड़क से सदन तक करेगी विरोध : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में सोमवार को राजभवन के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान रांची के कचहरी चौक, राजू रोड ,रेडियम रोड काफी देर तक जाम रही। बता दें कि अडानी के पक्ष में केंद्र सरकार द्वारा नीति बनाने का आरोप लगाकर कांग्रेस कुछ दिनों से आंदोलनरत है। पार्टी की मांग है कि संयुक्त संसदीय समिति गठित कर पूरे मामले की निष्पक्ष से जांच कराई जाए। इसी मांग को लेकर देशभर में कांग्रेसियों ने राजभवन का घेराव कर प्रदर्शन किया। रांची में भी कांग्रेस



कार्यकर्ताओं ने राजभवन घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्त्ता सबसे पहले मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में एकत्रित हुए, उसके बाद सभी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में राजभवन की तरफ बढ़े। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, मो तौसीफ, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, विधायक दीपिका पाण्डेय, डा इरफान अंसारी, ददई दुबे, सुखदेव भगत,आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख सहित कई कांग्रेसी नेता, विधायक शामिल थे।

**राजेश ठाकुर ने कहा:** कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अडानी समूह के पक्ष में केंद्र सरकार की क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति ठीक नहीं है। देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच दिया गया है। एसबीआई व एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को अडानी समूह में निवेश करने के लिए बाध्य कर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की बचत को खतरे में डालने का कार्य किया जा रहा है।

## राज्य सरकार सभी मोर्चे पर विफल : चंद्रप्रकाश चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि रामगढ़ की जीत पूरे एनडीए की जीत है। अगर प्रशासन के लोगों ने पक्षपात नहीं किया होता तो 50000 मतों से जीत होती। उन्होंने कहा कि सरकार ना तो स्थानीय नीति, नियोजन नीति लागू कर पायी, ना युवाओं को रोजगार दे पायी और ना ही पिछड़ों को ओबीसी आरक्षण दे पायी, जिससे 2024 में झारखंड से यूपीए का सफाया तय है। वर्तमान सरकार सभी मोर्चे पर विफल है। चंद्र प्रकाश चौधरी सोमवार को अपनी पत्नी और रामगढ़ की नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी के शपथ ग्रहण के मौके पर विधानसभा परिसर पहुंचे थे। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में नगर निकाय चुनाव कराना राज्य सरकार की इच्छाशक्ति पर निर्भर है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के बाद ही चुनाव कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह झारखंड के ओबीसी समाज की जीत है,



इसलिए सरकार को जल्द से जल्द ट्रिपल टेस्ट के लिए कमेटी बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बरसात के पूर्व चुनाव करा लेना चाहिए, अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो यही समझा जाएगा कि राज्य सरकार सत्ता का विकेंद्रीकरण नहीं चाहती है।

**पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में नगर निकाय चुनाव कराना राज्य सरकार की इच्छाशक्ति पर निर्भर है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के बाद ही चुनाव कराया जाए।**

## हवाई अड्डा की सुरक्षा के लिए पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के विभिन्न जिलों में अभियान उड़ान के तहत संचालित होनेवाले हवाई अड्डा की सुरक्षा के लिए पुलिस के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सोमवार को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्घाटन एडीजी (अभियान) संजय आनंद लाटकर, क्षेत्रीय निदेशक आरओ बीसीएएस अशोक लकड़ा और पुलिस अधीक्षक धनंजय कुमार सिंह ने किया। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के निर्देश पर झारखंड राज्य के बोकारो,जमशेदपुर और देवघर हवाई अड्डों की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के लिए बेसिक अवसेक कोर्स, इन्वेस्टीगेशन ट्रेनिंग स्कूल (आईटीएस) रांची में प्रशिक्षण



आयोजित की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है।

# 31 मार्च तक सभी लंबित प्रधानमंत्री आवासों को पूर्ण करें : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** सभी लंबित प्रधानमंत्री आवासों को 31 मार्च तक पूर्ण करें अन्यथा लाभुकों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस की कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें सोमवार को प्रखंड सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कही। अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ कर विकास योजनाओं को ना तो समय धरातल पर उतारा जा सकता है ना ही पूर्ण किया जा सकता है। जब तक अपनी जिम्मेदारियों का एहसास नहीं होगा और अपने कर्तव्य का निर्वाह ना किया जाए क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। समीक्षा के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना को अति शीघ्र पूर्ण किया जाए इसके लिए हर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। पंचायतों में पर्यवेक्षक के नेतृत्व में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। सभी पर्यवेक्षक एवं कर्मियों कोई निर्देश दिया गया कि हफ्ते में 3 दिन फील्ड भ्रमण कर कार में प्रगति लाएं और योजनाएं पूर्ण करने का निर्देश जारी किया गया। मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पोटोहो खेल मैदान को अति शीघ्र पूर्ण करने की बात कही साथ ही समय पर योजना पूर्ण नहीं करने वालों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। सभी खेल मैदानों में चेंजिंग रूम निर्माण को अति शीघ्र पूर्ण करने की बात कही।प्रखंड के विभिन्न गांव में चल रहे आंगनबाड़ी को पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्रखंड में निर्माणाधीन सभी पंचायतों के पशु शेड को अति शीघ्र पूर्ण करने की हिदायत दी गई। उन्होंने कहा कि मनरेगा की तैयारियां जरूरी है कि गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार मुहैया की जाए इसके लिए उपस्थित सभी रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन प्रति गांव कम से कम 5 योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करें। सभी पंचायत प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन कम से कम एक सौ मज़दूरों को कार्य देना सुनिश्चित करेंगे। आधार सीडिंग के कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने की बात कही गई। सभी पंचायत में पूर्ण हुए एवं अधूरे सभी योजनाओं का जियो टैग करने और कार में प्रगति लाने की बात कही। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं की विभाग वार समीक्षा की गई। सभी पंचायत को कार्य पूर्ण करने के लिए लक्ष्य दिया गया। मौके पर 15वें वित्त सहित अन्य विषयों की भी समीक्षा की गई और उपस्थित सभी कर्मियों को अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की , फारुक नदीम, सहायक अभियंता , कनीय अभियंता , पंचायत सेवक, जनसेवक, रोज़गार सेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

# कर्रा में सरहुल पूजा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के कर्रा सरना स्थल पर गांव के पुजारी कमला पहान विधि विधान के साथ सोमवार को सरहुल पूजा संपन्न करायी गयी. पुजारी कमला पहान ने मां चालाओ, धर्मेश, और सिंगबोंगा को आह्वान करने के बाद हड़िया का तापान चढ़ाया गया. साथ ही सफेद, माला और रंगुवा मुर्गा का बलि देकर आह्वान किया कि यह सरना मां गांव घर में हरियाली और खुशहाली हमेशा कायम रखें. किसी भी अज्ञात बीमारी से गांव घर को दूर रखे. पहान ने घड़ा का पानी देखकर बतलाया कि इस वर्ष कम बारिश होगी. इस मौके पर ग्राम प्रधान अंथोनी होरो और लईस? होरो, कमला पहान, पानी भरा नाथनीयल होरो और मुंडा अनमोल होरो को पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया. सरहुल पूजा के अवसर पर गांव के दर्जनों लोग सरना स्थल पर उपस्थित रहे।

# सरहुल पूजा को लेकर आदिवासी सरना पड़हा समाज ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** सोमवार को ओरमांझी प्रखंड के पंचायत सचिवालय चकला में झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज की बैठक अध्यक्ष प्रो प्रेमनाथ मुंडा की अध्यक्षता मे किया गया। बैठक मेंआदिवासी सरना पड़हा समाज के संरक्षक रमेश उरांव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस बैठक में आगामी सरहुल पूजा सह महोत्सव सभी गांव में पहान के अगुवाई में परंपरागत रूप से सरना स्थल में विधि विधान के साथ पूजा पाठ करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सभी गांव में धूमधाम से सरहुल पर्व मनाने का निर्णय लिया गया।सरहुल पूजा कार्यक्रम 23 मार्च को रूसा मनाया जाएगा। एवं 24 मार्च को सभी सरना स्थल में पहान के द्वारा पूजा किया जाएगा। एवं अपने अपने घरों में भी पूजा करेंगे। 26 मार्च को भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान चकला मुन्ना पतरा में सरहुल पूजा महोत्सव एवं सरहुल मेला आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज के बैनर तले मुन्ना पतरा चकला जैविक उद्यान में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ प्रकृति पर्व सरहुल महोत्सव मनाया जाएगा।

इस पर्व महोत्सव में ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न गांव से अपनी सांस्कृतिक एवं आदिवासी को बचाने के लिए सभी गांव से पाहन, कोटवार, ग्राम प्रधान, पईनभरा इत्यादि के नेतृत्व मे अपनी पारंपरिक वेशभूषा ढोल नगाड़े वाद्य यंत्र के साथ नाचते गाते महिला पुरुष जुलूस के रूप आने का आह्वान किया गया है। तथा समाज की ओर से यह भी निर्देश दिया गया है की सरहुल पूजा महोत्सव में ढोल नगाड़े के साथ नाच गान करेंगे।सर्वसम्मति से इस बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि सरहुल पूजा महोत्सव के नाम पर केवल झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी रांची झारखंड के रसीद निर्गत होने पर ही सभी संस्थान,प्रखंड, अंचल एवं आम जनों से आग्रह किया गया है सरहुल पूजा के नाम पर चंदा या सहयोग राशि समाज के पदाधिकारियों को ही देंगे।

## शहीद शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह सद्भावना चैंपियन ट्रॉफी का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** सोमवार को ओरमांझी के गुंजा मंदरो मैदान में शहीद शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह क्रिकेट चैंपियन ट्रॉफी का उद्घाटन रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन का पहला मैच पुंदाग बनाम डाईमंड सिटी ओएना के बीच खेला गया। जिसमे पुंदाग ने डाईमंड सिटी ओएना को हराया।

वहीं दूसरा मैच इरबा बनाम सिमलिया के बीच खेला गया। जिसमे इरबा की टीम विजय रहा।

क्वाटर फाईनल मैच इरबा बनाम पुंदाग के बीच खेला गया। जिसमे पुंदाग ने शानदार खेल का प्रर्दशन कर चार विकेट से हरा कर सेमी फाइनल मे प्रवेश किया। मौके पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह से खेल का अयोजन करने से खेल के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सकता है। और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। इसी तरह से खेलकर कितने खिलाड़ी राज्य का नाम रोशन किए हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से पूर्व सांसद राम टहल चौधरी,अध्यक्ष मुबारक अंसारी, संरक्षक सचिव विकाश सिंह, संयोजक तारालाल गोप, कोषाध्यक्ष इसराफील अंसारी, उपाध्यक्ष प्रवेज अंसारी, सकिल अंसारी, साबीर अंसारी, यूनुस अंसारी, कलेशर महतो, सफीउला अंसारी, महेश मुंडा, फिरोज अंसारी, सुहैल अंसारी, अमुद्दीनअंसारी के अलावा सैकड़ों खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## कुड़मी समाज के विकास के लिए एकजुट होना जरूरी : ओहदर

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी(महतो) समाज के बैनर तले सिल्ली के पतरातू स्कूल मैदान में रविवार को कुड़मी सम्मेलन का आयोजन किया गया! इस सभा को संबोधित मुख्य अतिथि शीतल ओहदर ने किया एवं कहा कि हम लोग अलग अलग रहकर कुड़मी समाज का विकास नहीं किया जा सकता है! समाज के सर्वांगीण विकास के लिए लोगों को एकजुट होना जरूरी होगा। समाज की महिलाओं को शिक्षा पर ध्यान देना की जरूरत है! इस सभा को जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी देवी समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर महेंद्र महतो, शिशुपाल महतो, प्रकाश महतो, रघुनाथ महतो, कार्तिक महतो, मृत्युंजय महतो, कृष्णा चंद्र महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## टाटीसिल्वे में बर्ड फ्लू को लेकर मचा हड़कंप

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिल्वे में मुर्गा कारोबारी बेफिक्र होकर बिना गाईड लाइन का पालन किये हुए मुर्गा को बेच रहे हैं। मुर्गा मर जाने पर इधर उधर खुले में फेक दे रहे है। इससे बर्ड फ्लू का खतरा बढ़ गया है। आम नागरिक भी बर्ड फ्लू कि आशंका से बहुत भयभीत हैं। इसे देखते हुए पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, नेता,स्थानीय प्रशासन भी अब जग गई हैं। मुर्गा कारोबारी से अपील कि है कि पशु पालन विभाग द्वारा जारी गाईड लाइन का पूरी तरह से पालन करना है। जो पालन नही करेगे उनपर कानूनी कारवाई कि जायेगी।

# रांची के मेधावी विद्यार्थियों को बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बैंक ऑफ़ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय रांची द्वारा 13 मार्च 2023 को बैंक की महत्वकांक्षी योजना बड़ौदा मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना के तहत रांची विश्वविद्यालय, रांची के शैक्षणिक सत्र 2020-22 के एम.ए (हिंदी) (अंतिम वर्ष) प्रथम कुमारी राजतान्या एवं द्वितीय सीमा कुमारी को क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक मनीष कुमार द्वारा रू. 11000/- एवं रू. 7500/- का चेक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में रांची क्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रमुख गौतम पॉल, अन्य कार्यपालकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।


## AFFIDAVIT



By this deed, I the undersigned Nitya Kumari, previous called Nitu Bihari Paswan doing House - wife and resident of village Banasandi,P.O & P S. - Simariya, distt. Chatra, state of jharkhand solemnly declare :-
That for and one behalf of myself and my husband and children and remitter issue wholly resonance and abandon the use of my former name Nitu Bihari Paswan and in place thereof I do hereby assume from this date the name Nitya Kumari and so that I and husband children and remitter issue my thereafter be called, know and distinguish not by my former name but assured name Nitya Kumari.

GRN NO. 2316037449


## हेरा अंजुमन इस्लामिया कमेटी मांडर का किया गया पुनर्गठन

**मांडर :** रविवार को हेरा अंजुमन इस्लामिया कमेटी मांडर मे एक महत्व पूर्ण मीटिंग रखी गई। जिसकी अध्यक्षता हाजी असलम साहब ने किया ! जिसमे अहम् मुद्दे पर सर्वसमती से सदर सेकरेट्री एंव खजाँची का चुनाव किया गया। जिसमे सदर इस्तियाक अंसारी उर्फ़ बबलू,सेकरेट्री सरताज अंसारी, खजाँची शाहिद अंसारी और नायफ सदर हाफ़िज़ इस्तीयक, नायफ सेकरेट्री आरिफ अंसारी को सर्व सम्मति से चुना गया !उसके बाद मेंबर का चुनाव मे समशेर अंसारी, अलीम अंसारी, साहिल अंसारी, समीम अंसारी, सद्दाम अंसारी इम्तियाज़ अंसारी, परवेज अंसारी, इमरान अंसारी, हाजी असलम अंसारी और बी. पी. ओ इम्तियाज़ अंसारी। मौके पर मौजूद गणमान्य, रोजन अंसारी, खलील अंसारी, यासीन अंसारी, ऐनुल अंसारी, इम्तियाज़ अंसारी उर्फ़ बाबू, आदम अंसारी,अतहर अंसारी,महमूद अंसारी, मुस्ताक अंसारी, आसिफ अंसारी, आसिक अंसारी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,खूँटी

### संविदा पर नियुक्ति संबंधित सूचना का शुद्धि-पत्र

विज्ञापन संख्या-03/2023-शुद्धि पत्र — दिनांक-13.03.2023

इस कार्यालय के द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 03/2023 दिनांक-11.03.2023 (PR No.-292339 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D में निम्नरूपेण आंशिक संशोधन किया जाता है।

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही केन्द्र सम्पोषित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) योजना के क्रियान्वयन हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा खूँटी जिला अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल खूँटी में सृजित पद के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है :-

1. स्वच्छ भारत मिशन (SBM(G)

| क्र० सं० | पद | पदों की कुल संख्या | अनिवार्य योग्यता | कार्य अनुभव | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Block Wash Coordinator | 01 आरक्षित (अनुसूचित जनजाति) | किसी भी प्रतिष्ठित और मान्यता प्राप्त विष्वविद्यालय/संस्थान से 55 प्रतिषत अंक के साथ किसी Stream में स्नातक। | 3. Years of experience in the development sector / water. Sanitation & Hygiene additionally experience in handling android based mobile application or digital tab will be an advantage. एवं Computer Knowledge experience Knowledge of MS office (Word. Excel. Power Point) का होना आवश्यक है। संबंधित क्षेत्र में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड अन्तर्गत वर्तमान में कार्यरत कर्मियों को प्रति वर्ष के दर से अधिकतम 05 वर्षों के लिए प्रति वर्ष 02 अंक के अनुसार अधिकतम 10 अंक अतिरिक्त कार्यानुभव के रूप में दी जाएगी। | 12000/- (बारह हजार रूपये प्रतिमाह) |

नोट :- आवेदन पत्र के प्रारूप की विस्तृत विवरणी www.khunti.nic.in पर देखा जा सकता है एवं प्रमण्डलीय कार्यालय में कार्यदिवस के अवधि में विज्ञांपन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 292459 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D



## e- Procurement Cell
## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI
## COMBINED OFFICE BUILDING,
## BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI

### Notice Inviting Tender
### (Very Short Notice) 2nd Call
### ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-(15)BCD/CIR-2/RANCHI/SIMDEGA,DIV/2022-23 Date:-13-03-2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Health Sub Centre at Buruhonjer in Block Bano Under Simdega District. | रू० 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 2 | Construction of Health Sub Centre at Chandsay in Block Bano Under Simdega District. . | रू० 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 3 | Construction of Health Sub Centre at Hatinghore in Block Bano Under Simdega District. | रू० 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 4 | Construction of Health Sub Centre at Priyaposh in Block Bolba Under Simdega District. | रू० 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 5 | Construction of Health Sub Centre at Sijang in Block Kolebira Under Simdega District. | रू० 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 6 | Construction of Health Sub Centre at Sokorla in Block Kolebira Under Simdega District. | रू० 55,25,400.00 | 06 महीने |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18-03-2023 |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 25-03-2023 को अपराहन 3.00 बजे |
| 3 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 27-03-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 27-03-2023 को अपराहन 3.00 बजे |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0-2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9304554751/8987663716 |
| 7 | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR.NO.292437 Building Dept Circle - 2(22-23):D



## कार्यालय नगर परिषद, विश्रामपुर

पत्रांक–................../दिनांक–......................

### आम–सूचना (2nd Call)

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर परिशद, विश्रामपुर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 20.03.2023 को नगर परिशद, विश्रामपुर को पूर्वाह्न 01:00 PM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र० सं० | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/- (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) | |

दिनांक 20.03.2023 को कार्यालय नगर परिषद, विश्रामपुर को पूर्वाह्न 01:00PM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर परिशद, विश्रामपुर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

सहायक नगर आयुक्त,
नगर परिषद, विश्रामपुर

PR.NO.292469 District(22-23):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला

### "अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"

संख्या -32/2022-23

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 21.03.2023 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.03.2023 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.03.2023 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :
   1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल संख्या-02, राँची।
   2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला।
   3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.-01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of 50000Lt. Sump and Shed in New SDO office Gumla | 722200.00 | 14500.00 | 1250.00 | 2 Month |
| 2. | Renovation of Dialysis Center & Boundary wall at Sadar Hospital Gumla for the year 2022-23 | 2379400.00 | 47600.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 3. | Construction of Boundary wall, Garrage shed and Campus Development work of CO (Sadar) Residence, Gumla | 1305150.00 | 26200.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 4. | Renovation of CO (Sadar) Residential Building, Gumla | 1141050.00 | 22900.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 5. | Renovation of Tahsil Kuchehery Building in Block Campus Chainpur, Gumla | 828900.00 | 16600.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 6. | Renovation of Tahsil Kuchehery Building in Block CRPF Campus Chainpur, Gumla | 921800.00 | 18500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 7. | Renovation of Tahsil Kuchehery cum Halka Karmchari Residence Building at Jarmana, Albert Ekka Jari, Gumla | 1024000.00 | 20500.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 8. | Renovation of Tahsil Kuchehery Surhu More Halka No.-3, Kamdara, Gumla for the Year of 2022-23 | 988900.00 | 19800.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 9. | Renovation of Tahsil Kuchehery Palkot, Halka No.-8, Gumla for the Year of 2022-23 | 1040000.00 | 20900.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 10. | Renovation of Tahsil Kuchehery Basia, Halka No.-4, Gumla for the Year of 2022-23 | 1043500.00 | 20900.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 11. | Renovation of Tahsil Kuchehery Bhagidera, Basia Halka No.-7, Gumla for the Year of 2022-23 | 1039300.00 | 20800.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 12. | Renovation of Tahsil Kuchehery Basia, Halka No.-6, Gumla for the Year of 2022-23 | 908300.00 | 18200.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 13. | Renovation of Tahsil Kuchehery Andhradih, Ghaghra Halka No.-8, Gumla for the Year of 2022-23 | 973500.00 | 19500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 14. | Renovation of Tahsil Kuchehery Ghaghra Halka No.-7 (Block Campus), Gumla for the Year of 2022-23 | 1112200.00 | 22300.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 15. | Renovation of Tahsil Kuchehery Nagar Halka No.-6, Sisai, Gumla for the Year of 2022-23 | 903700.00 | 18100.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 16. | Renovation of Tahsil Kuchehery Bharno Halka No.-4, Gumla for the Year of 2022-23 | 1090700.00 | 21900.00 | 2500.00 | 3 Month |

नोट :- 1. Tender fee 2% अग्रधन की राशि PAN, GST Certificate, Up to Date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण-पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात् ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखंड राँची के संचिका सं0-प0नि0वि0/विविध-06-33/2007 (अंश-1)2146(s) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला

PR 292363 Building (22-23)_D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

कोल्हान

रांची, मंगलवार, 14 मार्च 2023 | पेज 5


## संक्षिप्त खबरे

### टाटा स्टील का सेफ टॉक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील द्वारा कुडी महंती ऑडिटोरियम में सेफ टॉक के छठे संस्करण का आयोजन किया गया। सेफ टॉक सुरक्षा से संबंधित विषयों पर जागरूकता पैदा करने के लिए बनाया गया एक इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म है, जिसमें सड़क सुरक्षा, कार्यस्थल सुरक्षा और जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षा शामिल है। समुदाय में सुरक्षा की संस्कृति का निर्माण पर अपनी बात रखते हुए चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहा, घर पर सुरक्षा की संस्कृति विकसित करने और बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए शिक्षित करने एवं तैयार करने के महत्व पर बात की। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील के 350 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसमें प्रश्नोत्तर सत्र भी शामिल था। सेफ टॉक हर 15 दिनों के अंतराल (पाक्षिक) पर आयोजित किया जाता है, और अगली वार्ता 24 मार्च, 2023 को आयोजित की जाएगी।

# उपायुक्त की पहल पर कल्याण अस्पताल बनमाकड़ी में लगा एक दिवसीय हेल्थ कैम्प

➲346 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आए 34 आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुड़ाबंदा प्रखंड के सुदूर बनमाकड़ी पंचायत स्थित कल्याण अस्पताल में उपायुक्त विजया जाधव की पहल पर दोबारा हेल्थ कैम्प का आयोजन आज किया गया । कैम्प में प्रखंड अतंर्गत सभी पंचायतों से ग्रामीण अपना स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे । ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट, जमशेदपुर के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस हेल्थ कैम्प में 346 लोगों की स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में किया गया। कैम्प में जेनरल ओपीडी के 102 मरीज, पीडियाट्रीक 19,



ऑर्थो 32, आंख जांच 26, डेंटल 4, एएनसी 13, हीमोग्लोबिन जांच 20, टीबी 14, एक्स रे पॉजिटिव टीबी 01, एनसीडी 42, परिवार नियोजन 26 तथा 04 लोगों का आभा कार्ड बनाया गया वहीं 36 आवेदन आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्राप्त हुए। कैम्प में डॉ ज़ैनुल आबेदीन(शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ संदीप टुडू (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. जहांजेब खान( जनरल मेडिसिन), डॉ नफीस अनवर (शिशु रोग विशेषज्ञ) तथा नेत्र जांच के लिए डॉ. यासिर शुजा, मो इमरान, तकनीशियन नजमुल हसन, आनंद कुमार मिश्रा की निगरानी में स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, एसडीए घाटशिला सत्यवीर रजक, बीडीओ डुमरिया साधुचरण देवगम, बीडीओ गुड़ांबादा स्मिता नगेसिया, कार्यपालक दण्डाधिकारी केशव भारती मौजूद रहे तथा कैम्प के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विदित हो कि गुड़ाबांदा प्रखंड में सीएचसी नहीं होने के कारण वहां के निवासियों को चिकित्सीय जांच के लिए कल्याण अस्पताल पर निर्भर रहना पड़ता है । पिछले कुछ महीनों में कल्याण अस्पताल के लचर चिकित्सीय व्यवस्था का मामला संज्ञान में आने के बाद खुद जिले की उपायुक्त ने अस्पताल का निरीक्षण किया था, जहां आवश्यक चिकित्सीय सुविधा बहाल करने के साथ-साथ उन्होने नियमित हेल्थ कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद ये दूसरा मौका है जब हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया। उपायुक्त ने कैम्प के आयोजन को लेकर कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैम्प का आयोजन किया जा रहा है ताकि उन्हें नजदीकी प्रखंड, अनुमंडल अस्पताल या जिला के अस्पतालों में छोटी मोटी बीमारियों के लिए दौड़ नहीं लगाना पड़े। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख शुभजीत मुण्डा, उप प्रमुख श्री रतन लाल राउत, मुखिया श्री मनमोथ देहरी, करिया हेम्ब्रम, सुमित्रा बास्के, फुलमनी मुर्मू, फुलमनी माझी, सलमा किस्कु तथा प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### रविन्द्र भवन में बसंत उत्सव आयोजित, टैगोर की रचनाओं पर हुआ संगीत एवं नृत्य का भव्य मंचन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टैगोर सोसायटी के रविन्द्र भवन साकची में रविवार को प्रकृति प्रेम के श्रेष्ठ कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की रचनाओं को लेकर बसंत उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें टैगोर स्कूल ऑफ आर्ट एवं टैगोर स्कूल ऑफ आर्ट सोनारी शाखा, कदमा शाखा, टेल्को, बारीडीह व केबल शाखा के लगभग 200 छात्र छात्राओं एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम रविन्द्र नाथ टैगोर की ऋतुराज बसंत पर आधारित रचनाओं पर संगीत एवं नृत्य का मंचन हुआ जिसमें मोर वीणा, चांदेर आलो, फागुनेर नोवीन, ओगो दोखीन- पुबाली, ऐशो ऐशो, ओगो बोधु, रोंग लागाले, आकाश आमाय, नील दिगोंतो, चैत्र पवने, दोखीन द्वार, आदि गीतो पर संगीत एवं नृत्य का अनूठा संगम छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक, शिक्षिकाओं ने दिखाया। कार्यक्रम के आयोजक संस्था टैगोर सोसायटी के महासचिव आशीष चौधुरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष यह आयोजन प्रकृति प्रेम के अनन्य कवि गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की प्रकृति प्रेम से भरी रचनाओं के माध्यम से बसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता है। टैगोर स्कूल ऑफ आर्ट के प्राचार्य चंदना चौधरी के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ, टैगोर स्कूल ऑफ आर्ट के इंचार्ज जयदेव घोष का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आदिवासी समन्वय समिति का सरहुल महोत्सव में खूब झूमे आदिवासी समाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के झाडुआ सिता नाला के पास आदिवासी समन्वय समिति ईचागढ़ द्वारा सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। सरहुल महोत्सव में रांची जिला के दो सरहुल नृत्य दलों ने भाग लेकर मनमोहक सरहुल नृत्य व झांकियां प्रस्तुत किया। आदिवासी समाज द्वारा सखुआ फूल,डाली व पत्ते से आखड़ा बनाकर मारांगबुरू, सिंगाबोंगा , ग्राम देवता आदि का पुजा पाठ कर चेंगना यानी चुजे का बली प्रदान कर हांड़ीया का प्रसाद लगाकर नाया द्वारा विधि विधान से पूजा कर सरहुल महोत्सव मनाया गया। वहीं मुख्य अतिथि सारना समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सूर्य और धरती का विवाह के रूप में सरहुल मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके संबंध में कई कथा प्रचलित है। मौके पर प्रमुख गुरू पद मार्डी, आदिवासी भुमीज समाज के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र भुमीज, मुखिया प्रतिनिधि राम सिंह मुण्डा राजेन सिंह मुण्डा, लालदेव सिंह मुण्डा,, अभिराम उरांव, विश्वनाथ उरांव, देवेन्द्र बेसरा आदि उपस्थित थे।

# अवैध पन्ना पत्थर कारोबारी के घर पुलिस की दबिश, 510 ग्राम पन्ना समेत 7.84 लाख जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा प्रखंड में पन्ना पत्थर का अवैध कारोबार करने के विरुद्ध की गई कार्रवाई में जिला प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 7 लाख 84 हजार 900 रूपये और 510 ग्राम पन्ना पत्थर जैसा दिखने वाला पत्थर जब्त कर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपायुक्त के निर्देश पर गुड़ाबांदा बीडीओ सह सीओ के नेतृत्व में गुड़ाबांदा थाना प्रभारी एवं थाना के पुलिस बल के साथ हातियापाटा गांव में की गई छापेमार कार्रवाई में 510 ग्राम पन्ना जैसा दिखने वाला पत्थर जब्त किया गया। उपायुक्त को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ये कार्रवाई की गई जहां मौके से पत्थर के अलावा 7,84,900 रु. तथा एक प्लास्टिक



में बंद मिट्टी जैसा पदार्थ 190 ग्राम, एक मोबाइल जप्त किया गया। मोबाइल के जांच में पन्ना पत्थर का फोटो एवं वीडियो पाया गया। मौके पर आरोपी सनातन श्यामल उर्फ सिद्धेश्वर श्यामल के पिता- बेनीपदो श्यामल द्वारा पूछताछ में बरामद पत्थर एवं पैसे के संदर्भ में कोई कागजात नहीं प्रस्तुत किया गया। आरोपी के पिता ने बताया कि उनका बेटा अवैध पन्ना पत्थर का खुदायी एवं व्यापार करता है। आरोपी घर से फरार पाया गया जिसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

### ग्रीन पेन्सिल फाउंडेशन ने चलाया मासिक धर्म स्वास्थ्य व स्वच्छता जागरूकता अभियान




**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन संस्था के झारखंड राज्य प्रमुख आकाश महतो के नेतृत्व में जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रंगामटिया एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय नेंगटासाई में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित कोल्हान के पैडमैन के नाम से प्रसिद्ध व निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मासिक धर्म संबंधी रूढ़िवादी विचारधारा से लोगो को अलग करना होगा। यह कोई बीमारी नहीं बल्कि प्राकृतिक देन है। इस दौरान उन्होंने मासिक धर्म के दौरान शरीर में होने वाले बदलाव, साफ सफाई, पैड्स एवं मेंस्ट्रुअल कप का उपयोग करने आदि के सही तरीको के बावत बताया। इस मौके पर समाजसेवी अजय करवा, प्रदीप महतो, सुजीत महतो, अभिषेक महतो समेत काफी संख्या में स्कूल की बच्चियां व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### घायलों से मिलने एमजीएम अस्पताल पहुंचे अंसार खान



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान जिला अध्यक्ष उषा यादव को एमजीएम हॉस्पिटल में देखने के लिए पहुंचे। वहीं आज दिन भर महिला जिला अध्यक्ष उषा यादव को देखने के लिए महिलाओं का हुजूम लगा रहा। कल बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी की जिला अध्यक्ष उषा यादव के ऊपर जो हमला किया गया था उन्हें काफी चोट लगी है, जो सांस लेने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें कल एमजीएम हॉस्पिटल भर्ती कराया गया था। उन्हे देखने वालों में माया सिंह, सुनैना देवी, गुड्डी वर्मा, रुकैया खातून, शिल्पा चक्रवर्ती, संध्या दास, सीमा कुमारी, नमिता सिंह, गुलशन परवीन,मोहम्मद शमसी आदि पहुंचे।

# झामुमो नेताओं ने श्राद्धकर्म हेतु दो परिवारों में किया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झामुमो नेता महाबीर मुर्मू व विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने सोमवार को पटमदा प्रखंड के बामनी गांव के विकास सिंह व भोला सिंह के पिता एवं पटमदा बाजार के श्रीमती बिलासी कंसारी के पति की श्राद्धकर्म हेतु आर्थिक व सूखा राशन देकर मदद किया। झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने बताया कि दोनों ही पीड़ित परिवारों ने विधायक मंगल कालिंदी व झामुमो नेता महाबीर मुर्मू से श्राद्धकर्म हेतु मदद की गुहार लगाई थी। सोमवार को विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने आर्थिक जबकि झामुमो नेता महाबीर मुर्मू की ओर से सूखा राशन देकर मदद किया गया। इस दौरान झामुमो नेताओं ने पीड़ित परिवारों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया और आगे भी हर संभव मदद करने का भोरोसा दिलाया। इस दौरान मुख्य रूप से सुभाष कर्मकार, अश्वनी महतो, कालीपद महतो, जीतूलाल मुर्मू, दिवाकर टुडू, मुखिया परमेश्वर सिंह, सीजन हेंब्रम, मनोज तांती, करन कालिंदी, रॉकी सिंह, आशू महतो आदि उपस्थित थे।

# चौरसिया परिवार का होली मिलन समारोह आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जमशेदपुर तथा गम्हरिया चौरसिया परिवार की ओर से संयुक्त रूप से स्थानीय साई आंचल सामुदायिक भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चौरसिया परिवार के सैंकड़ों महिला व पुरूष शामिल हुए। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद जमशेदपुर चौरसिया परिवार के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद चौरसिया ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। इस मौके पर समाज की महिला कार्यकर्ता विजया लक्ष्मी और साधना स्वरूप को सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गम्हरिया चौरसिया परिवार के अध्यक्ष कैलाश कुमार, महामंत्री मदन कुमार मोदी, कोषाध्यक्ष राम विलास प्रसाद, मंजू देवी, साधना देवी समेत सभी सदस्य व काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# सामुदायिक भवन में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड स्वयंसेवी संस्था एनजीओ क्लब की ओर से मार्ग संख्या 14 स्थित सामुदायिक भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष जवाहर लाल महाली द्वारा क्लब की सभी महिला सदस्यों को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं द्वारा द्वारा केक काट कर वितरण किया गया। इस दौरान महिलाओं को सरकारी प्रोजेक्ट के कार्य के बावत प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था की वायलेट ज़ेवियर, रानी कालूंडिया, बैजयंती बारी, आनंद सिंह, अभय कुमार, बिट्टू पारियां आदि सदस्यों की प्रमुख भूमिका रही।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र के बारियादा गांव के रहने वाले 38 वर्षीय श्रवण महतो ने सोमवार को अपने घर में ही साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस बात की जानकारी बोड़ाम थाना में देने के बाद मौके पर पुलिस पंहुचकर शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज



भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने बताया कि जिस वक्त वह फांसी लगाया उस उसकी पत्नी मजदूरी करने जबकि बच्चे सब स्कूल गए हुए थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक दोनों आंख से अंधा था और मानसिक रूप से विक्षिप्त था। घटना के बाद परिजनों के रोरोकर बुरा हाल है।

## रूढ़िवादी चुनौतियों से लड़ना है तो चुप्पी तोड़ें : वर्णाली

# चांदपुर में युवा के महिला दिवस समारोह में गोष्ठी, क्विज और नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लड़कियों, महिलाओं के बिना आगे जीवन की शुरुआत नहीं की जा सकती। फिर भी परिवार व समाज में कितनी लड़कियों व महिलाओं के साथ जेंडर के आधार पर भेदभाव किया जाता है। दोस्ती, प्यार, पसंद, नापसंद, शादी, गर्भसमापन, पहनावा को लेकर खुद से निर्णय नहीं ले पाती हैं, पुरुष द्वारा नियंत्रित की जाती है। महिलाएं आवाज नहीं उठाती है और अवसरों से वंचित हो जाती है, मगर हमें रूढ़िवादी चुनौतियों को पार करते हुए चुप्पी तोड़ना है तभी अपने यौन प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारों को मजबूत व सुरक्षित कर पाएंगे । साथ ही हर पंचायत में जब महिलाओं का इतना मजबूत संगठन बना हुआ है तो यहां बैठकों के दौरान जल्द विवाह, महिला हिंसा, छेड़छाड़ और महिलाओं से जुड़े योजनाओं के बारे में भी बात करे। उक्त बातें पोटका प्रखंड के चांदपुर पंचायत में महिला दिवस को संबोधित करते हुए युवा



की सचिव वर्णाली ने कही। उन्होंने कहा कि युवा संस्था विकलांग महिलाएं एवं ट्रांसजेंडर के अधिकारों की सुरक्षा के लिए भी कार्यरत है। हमें उनके अधिकारों की भी आवाज उठानी है। चांदपुर पंचायत की मुखिया सुनीता सरदार ने कहा लड़का लड़की के बीच भेदभाव को खत्म करने की शुरुआत हमें अपने परिवार से करनी होगी । वार्ड सदस्य कुमकुम ने कहा महिलाओं को आज बाहर निकलने की जरूरत है जिससे वे नई नई जानकारियों को लेकर अपनी पहुंच को आगे तक बढ़ा सकती हैं। महिला लीडरों को युवा संस्था की ओर से चेंजमेकर के रूप में कार्य करने हेतु मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा महिला लीडर शकुंतला एवं ललिता भगत के द्वारा से किया गया। कार्यक्रम के अंत में मानव श्रृंखला के रूप में एक दूसरे का हाथ थाम कर महिला हिंसा को रोकने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा के सदस्य अंजना देवगम, चांदनी सवैया, चंद्रकला मुंडा, अवंती सरदार, रीला सरदार ,किरण सरदार ने सहयोग किया। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य रीता सिंह, महिला समिति संगठन अध्यक्ष अनोसरी सिंह, सक्रिय महिला जोबा मुर्मू, बैशाली सिंह, ममता बास्के, निलमनी, सुमिता मुर्मू, गीता सिंह आदि भी उपस्थित थे।

# बंगाल के फेरीवाला को पिलीद जंगल के पास हाथी ने पटक कर मार डाला





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पिलीद जंगल के पास सोमवार को सिल्ली रांगामाटी सड़क पर दोपहर करीब 12 बजे एक फेरीवाले को एक हाथी ने पटककर जान से मार डाला। सूचना मिलते ही थाना के एएसआई नारायण साह, रेंजर शशि प्रकाश रंजन, वनपाल मुकेश महतो, राधारमन ठाकुर आदि दलवल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व एंबुलेंस से लाश को पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला भेज दिया। मृतक की पहचान बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला के तेंतुलीया निवासी 37 वर्षीय अशराफुल हक के रूप में किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अशराफुल हक ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में रहकर घूम घूम कर फाइबर कुर्सी बेचने का काम करता था। वह फेरी कर अपना घर आ रहा था, तभी सड़क के बगल में एक हाथी अचानक उसे सुंढ से पकड़ कर जंगल की ओर ले जाकर पटककर मार डाला। पुलिस घटनास्थल पर मृतक का टीवीएस मोपेड बाइक से उसका आधार कार्ड निकाल कर उसकी पहचान की।

**एक महीने में 3 लोगो की हाथी ने ली जान**

क्षेत्र में 2008 से हाथी का आतंक व्याप्त है। 2008 को रघुनाथपुर के लीलु देवी को हाथी द्वारा मौत के घाट उतार दिया था। तब से अब तक ईचागढ़ क्षेत्र में 18 लोगों की जान हाथी द्वारा लिया जा चुका है। एक महीने के अंदर बोड़ा गांव में एक युवक ,दो सप्ताह पूर्व कुईडीह में एक ग्रामीण सहित एक माह के अंदर तीन लोगों का साथीयों ने जान से मार दिया है। वहीं रेंजर शशि प्रकाश रंजन ने बताया कि हाथी ने एक को जान से मार दिया है। उन्होंने कहा कि पिलीद जंगल के पास सड़क चेतावनी बोर्ड भी लगाया गया है, फिर भी लोगों को हाथी के अगल बगल नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजन आने के बाद ही अग्रिम मुआवजा दिया जाएगा।

### झारखंड विजेता तथा उड़िसा टीम बनी उपविजेता



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से रांची (सुजाता चौक, रोटरी क्लब सभागार) में महिला योगा लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड की टीम ने बाजी मार ली. आयोजन में झारखंड सहित उड़िसा व छत्तीसगढ़ की 250 से अधिक महिला योग प्रतिभागी शामिल हुई. इसे दो वर्गो, आर्टिस्टिक योगासना व ट्रेडिशनल योगसना में बांटा गया था. उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय योग विभाग की निदेशिका डा. मधुलिका वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगता का शुभारंभ किया. पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रांची के विधायक सह पूर्व मंत्री सीपी सिंह शामिल हुए तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया. प्रतियोगिता में झारखंड को विजेता तथा उड़िसा को उप विजेता घोषित किया गया. इस मौके पर झारखण्ड राज्य योगासना स्पोर्टस एसोशियेशन के मुख्य संरक्षक छवि विरमानी, अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव विपिन पांडेय, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, सुधा झा, संतोषी कुमारी (कंपीटिशन डायरेक्टर), मलय डे, स्वामी देव तथा प्रहलाद भगत आदि उपस्थित थे. उक्त जानकारी योगासना स्पोर्टस एसोशियेशन ऑफ झारखंड के वरीय उपाध्यक्ष अंशु सरकार ने दी।

## संपादकीय

# लोकतंत्र को मजबूती

**सुप्रीम** कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया पर जो ऐतिहासिक फैसला दिया, वह निश्चित रूप से देश में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला है। इस फैसले ने पिछले सात दशकों से चले आ रहे उस शून्य को भरा है, जो संसद के समय पर उपयुक्त पहल न करने की वजह से बना हुआ था। जैसा कि फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा, संविधान निर्माताओं को उम्मीद थी कि देश की संसद कानून बनाकर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की एक वाजिब प्रक्रिया निर्धारित कर देगी। मगर सत्तारूढ़ पार्टियां संभवतः अपने हाथ से यह ताकत निकलने देना नहीं चाहती थीं और उनके प्रभाव में संसद अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा करने से परहेज करती रही। यही वजह है कि 1990 में एक बार जब राज्यसभा में इस आशय का संविधान संशोधन विधेयक पेश किया भी गया तो बात नहीं बनी। चार साल तक ठंडे बस्ते में पड़े रहने के बाद यह विधेयक चुपचाप वापस ले लिया गया। यही नहीं, इसके बाद 2015 में लॉ कमिशन ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति बनाने की सिफारिश की थी। लेकिन इसका भी कोई नतीजा नहीं निकला। हालांकि मुख्य चुनाव आयुक्त की सरकार द्वारा नियुक्ति की अब तक प्रचलित प्रक्रिया में साफ तौर पर हितों का टकराव था। चुनाव आयोग देश में मतदाता सूची तैयार कराने से लेकर चुनाव संचालित कराने तक की जिम्मेदारी निभाता है, जिससे सत्तारूढ़ पार्टी का हित-अहित भी जुड़ा होता है। इसलिए कायदे से सरकार यानी कार्यपालिका को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से दूरी बनाए रखनी चाहिए। यह न केवल निष्पक्ष चुनाव कराने बल्कि खुद चुनाव आयोग की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने ताजा फैसले में लॉ कमिशन की सिफारिशों के अनुरूप ही मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की नई प्रक्रिया निर्धारित कर दी। कोर्ट ने संदेह की कोई गुंजाइश न रखते हुए यह भी कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष उपलब्ध न हों तो सदन में विपक्ष के सबसे बड़े दल के नेता को इस समिति में शामिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी ध्यान रखा कि चुनाव आयोग को पैसों के लिए सरकार का मोहताज न होना पड़े। आयोग के लिए बजट की अलग और स्वतंत्र व्यवस्था करना निश्चित रूप से सरकार पर उसकी निर्भरता कम करेगा। हालांकि व्यवहार में इन सबका कैसा और कितना असर होता है, यह तभी पता चलेगा जब यह प्रक्रिया लागू होगी।



> चुनाव आयोग देश में मतदाता सूची तैयार कराने से लेकर चुनाव संचालित कराने तक की जम्मिदारी निभाता है, जसिसे सत्तारूढ़ पार्टी का हित-अहित भी जुड़ा होता है। इसलिए कायदे से सरकार यानी कार्यपालिका को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से दूरी बनाए रखनी चाहिए। यह न केवल निष्पक्ष चुनाव कराने बल्कि खुद चुनाव आयोग की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने ताजा फैसले में लॉ कमिशन की सिफारिशों के अनुरूप ही मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की नई प्रक्रिया निर्धारित कर दी। कोर्ट ने संदेह की कोई गुंजाइश न रखते हुए यह भी कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष उपलब्ध न हों तो सदन में विपक्ष के सबसे बड़े दल के नेता को इस समिति में शामिल किया जाना चाहिए।

## कुछ अलग

# शेयर मार्केट में अनजान का रिस्क

**अडाणी** ग्रुप से ज्यादा शेयर बाजार में इन दिनों किसी की चर्चा नहीं होती। इसके शेयरों में बड़ी गिरावट दर्ज हुई, जिससे ढेरों निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में घाटा दिख रहा होगा। वैसे, हाल के दिनों में रिकवरी दिख रही है लेकिन भरोसा बहाल होने में समय लगेगा। कई निवेशकों से बात के बाद एक कॉमन बात सामने आई। उन्हें ये नहीं पता था कि अडाणी ग्रुप का असली बिजनेस क्या है, किस कमाई के बूते इसके शेयर तेजी से चढ़े। जब स्टॉक मार्केट में निवेश का खुमार चढ़ता है तो हम अक्सर सिर्फ टिप्स की तलाश में होते हैं। मीडिया के अलग-अलग जरियों से हमें ये टिप्स मिल भी जाते हैं। लेकिन इन सलाह से जब कामयाबी नहीं मिलती तो हमारा अंदाज बदल जाता है। हम सबको समझाने लगते हैं कि स्टॉक मार्केट में निवेश मतलब पैसा डूबना तय है। अगर हमने पहले ही निवेश वाली कंपनियों के बारे में जानकारी हासिल कर ली होती तो ये अफसोस न होता। बाजार में निवेश का ये बुनियादी नियम है कि हम उस बिजनेस में पैसा न लगाएं, जिसके बिजनेस को समझते नहीं हैं। मशहूर इन्वेस्टर वॉरेन बफेट ने भी कभी कहा था कि वह उस बिजनेस में पैसा नहीं लगाते, जिसे वो नहीं समझते। उन कंपनियों की कमी नहीं, जिनसे हमारा वास्ता रोज ब रोज पड़ता है। हम जिस कंपनी का वॉशिंग पाउडर बरसों से इस्तेमाल करते हैं, जिस कंपनी का टूथपेस्ट बरसों से इस्तेमाल करते हैं। उन कंपनियों के बारे में पता कर सकते हैं। पर्सनल फाइनैंस की दुनिया में एक मिसाल कई बार दी जाती है। कुछ स्कूली बच्चों और कुछ 'बड़े जानकारों' के बीच निवेश का मुकाबला कराया गया। बड़े जानकारों ने ज्यादा दिमाग लगाया, जबकि स्कूली बच्चों ने उन कंपनियों को चुना जिन्हें वे अपने इर्द-गिर्द देखते थे। बच्चों का फैसला सही पाया गया। इसका एक नुकसान भी हो सकता है। जरूरी नहीं कि हम नई टेक्नॉलजी के बारे में करीब से जानें, लेकिन ये मुमकिन है कि तकनीक से जुड़ी कुछ कंपनियों में निवेश हमें बड़ा मुनाफा दे जाए। यह भी हो सकता है कि किसी कंपनी को हम बहुत करीब से जानते हों, लेकिन उसके शेयरों में निवेश घाटे का सौदा बन जाए। कुछ सोशल मीडिया कंपनियों में निवेश इसी तरह का साबित हुआ है। बतौर नए निवेशक, हम उन कंपनियों पर फोकस कर सकते हैं, जिनका अपने सेक्टर में मोटे तौर पर एकाधिकार जैसी स्थिति हैं। यह बेबी मिल्क पाउडर तैयार करने वाली, पेंट तैयार करने वाली, कोयला खनन करने वाली, गैस सप्लाई करने वाली, टिकट बुकिंग करने वाली कंपनी हो सकती है। अगर बाजार में निवेश करते हुए लंबा वक्त बीत चुका है तो हमारे मौजूदा पोर्टफोलियो में कुछ निवेश उन कंपनियों का भी हो सकता है, जिन्हें हम समझते नहीं। लेकिन इसकी हद हो, एक सीमा तय कर देनी चाहिए।



> हम सबको समझाने लगते हैं कि स्टॉक मार्केट में निवेश मतलब पैसा डूबना तय है। अगर हमने पहले ही निवेश वाली कंपनियों के बारे में जानकारी हासिल कर ली होती तो ये अफसोस न होता। बाजार में निवेश का ये बुनियादी नियम है कि हम उस बिजनेस में पैसा न लगाएं, जिसके बिजनेस को समझते नहीं हैं। मशहूर इन्वेस्टर वॉरेन बफेट ने भी कभी कहा था कि वह उस बिजनेस में पैसा नहीं लगाते, जिसे वो नहीं समझते। उन कंपनियों की कमी नहीं, जिनसे हमारा वास्ता रोज ब रोज पड़ता है। हम जिस कंपनी का वॉशिंग पाउडर बरसों से इस्तेमाल करते हैं, जिस कंपनी का टूथपेस्ट बरसों से इस्तेमाल करते हैं। उन कंपनियों के बारे में पता कर सकते हैं। पर्सनल फाइनैंस की दुनिया में एक मिसाल कई बार दी जाती है। कुछ स्कूली बच्चों और कुछ 'बड़े जानकारों' के बीच निवेश का मुकाबला कराया गया। बड़े जानकारों ने ज्यादा दिमाग लगाया, जबकि स्कूली बच्चों ने उन कंपनियों को चुना जिन्हें वे अपने इर्द-गिर्द देखते थे।

## राष्ट्र केवल व्यवस्था से ही नहीं जी सकता। उसका सिद्धांत पक्ष यानी नैतिकता भी सशक्त होनी चाहिए

# इकॉनमी की मुश्किलें

ललित गर्ग

> आज प्रबुद्ध मत है कि गांधीजी ने नैतिकता दी, पर व्यवस्था नहीं। जो नैतिकता दी वह एक महान-राष्ट्रीय मुक्ति के संघर्ष की नैतिकता थी, लेकिन नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न राष्ट्र बनाने की नहीं हालांकि गांधीजी ने उस नैतिकता को स्थायी जीवन मूल्य बनाया था। पर सत्ता प्राप्त होते ही वह नैतिकता खिसक गई। जो व्यवस्था आई उसने विपरीत मूल्य चला दिये। हमारी आजादी की लड़ाई सिर्फ आजादी के लिए थी--व्यवस्था के लिए नहीं थी, चरित्र एवं नैतिकता सम्पन्नता राष्ट्र बनाने के लिये नहीं। यह बात मनीष सिसोदिया के शराब घोटाले से स्पष्ट सामने आती है। भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी कितनी अधिक भ्रष्टाचार में डूबी है, मनीष सिसोदिया एवं सतेन्द्र जैन की गिरफ्तारी से साफ उजागर होता है।

**किसी** वकील, डॉक्टर या राजनेता को ढूंढना कठिन नहीं, जो अपने विषय के विशेषज्ञ हों और ख्याति प्राप्त हों, पर ऐसे मनुष्य को खोज पाना कठिन है जो वकील, डॉक्टर या राजनेता से पहले मनुष्य हो, नैतिक हो, ईमानदार हो, विश्वस्त हो। पर राष्ट्र केवल व्यवस्था से ही नहीं जी सकता। उसका सिद्धांत पक्ष यानी नैतिकता भी सशक्त होनी चाहिए। किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है। हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया। सशक्त भारत-नया भारत को निर्मित करते हुए भी राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर दिया है। इस तरह से जन्मे हर स्तर पर भ्रष्टाचार, बेईमानी एवं चरित्रहीनता ने राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा कर दी है। इस विकृति के दो ताजा एवं ज्वलंत उदाहरण हैं आम आदमी पार्टी के उपमुख्यमंत्री-शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया की शराब घोटाले में गिरफ्तारी, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में चले अन्ना आन्दोलन की निष्पत्ति है। दूसरा उदाहरण है जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले गुरुग्राम के सौंदर्यीकरण के लिए रखे गये गमलों की समृद्ध लोगों द्वारा शर्मनाक चोरी का मामला। आज प्रबुद्ध मत है कि गांधीजी ने नैतिकता दी, पर व्यवस्था नहीं। जो नैतिकता दी वह एक महान-राष्ट्रीय मुक्ति के संघर्ष की नैतिकता थी, लेकिन नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न राष्ट्र बनाने की नहीं। हालांकि गांधीजी ने उस नैतिकता को स्थायी जीवन मूल्य बनाया था। पर सत्ता प्राप्त होते ही वह नैतिकता खिसक गई। जो व्यवस्था आई उसने विपरीत मूल्य चला दिये। हमारी आजादी की लड़ाई सिर्फ आजादी के लिए थी--व्यवस्था के लिए नहीं थी, चरित्र एवं नैतिकता सम्पन्नता राष्ट्र बनाने के लिये नहीं। यह बात मनीष सिसोदिया के शराब घोटाले से स्पष्ट सामने आती है। भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी कितनी अधिक भ्रष्टाचार में डूबी है, मनीष सिसोदिया एवं सतेन्द्र जैन की गिरफ्तारी से साफ उजागर होता है। बिना आग के कहीं धुआं नहीं उठता। सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आप के कार्यकर्ता एवं नेताओं द्वारा जिस तरह का आक्रामक रूख अपनाया हुआ है, वे जनजीवन को



अस्त-व्यस्त करने पर तुले हैं, ईमानदार है तो यह विरोध क्यों? दूध का दूध, और पानी का पानी हो जाने दें। मोदी सरकार पर केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि लंबी पूछताछ, जांच और साक्ष्य जुटाने के बाद ही कोई एजेंसी इस प्रकार का कड़ा निर्णय ले पाती है। खासकर मामला किसी कुर्सी पर विराजित बड़े नेता का हो, बड़ी राजनीतिक हस्ती का हो। यदि सिसोदिया बेगुनाह हैं, तो उनमें न डर होना चाहिए एवं न ही बौखलाहट। क्रांति करने एवं क्रांतिकारी भ्रष्ट मूल्यों पर शराब घोटाला करने में जमीन-आसमान का अंतर है, जो जनता भलीभांति समझती है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है। दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलने लगे हैं कि गांधी रूपी नैतिक मूल्य बहुत पीछे रह जाते हैं। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रगतिशील कदम उठाने वालों ने और समाज सुधारकों ने अगर व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो ....कहीं हम अपने स्वार्थी उन्माद में कोई ऐसा धागा नहीं खींच बैठें, जिससे पूरा कपड़ा ही उधड़ जाए। यह पूरा कपड़ा उघाड़ने का ही, सम्पूर्ण पीढ़ी को भ्रष्ट बनाने का जरिया। वरना तीन दिन से जेल के शिकंजों में जकड़े व्यक्ति के नाम पर दिनभर रेडिया पर सन्देश प्रसारित करते हुए परीक्षा दे रहे बच्चों को प्रेरणा देने की कुचेष्टा न होती। बात सिसोदिया या जैन तक ही सीमित नहीं है, यह भ्रष्टाचार एवं अनैतिकता का जहर नीचे तक पहुंच रहा है। मुख्य बात है राष्ट्रीय चरित्र केवल शिक्षा एवं प्रतीकों के माध्यम से नहीं बनाया जा सकता बल्कि समाज और राष्ट्र के नेतृत्व वर्ग की कथनी और करनी एक होनी चाहिये, नीति एवं नीयत एक होनी चाहिए, तभी राष्ट्रीय जीवन में आदर्शों के मूल्य स्थापित होंगे और आदर्श सदैव ऊपर से आता है। आज के युग में सभी क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है जो सत्य की रेखा से कभी दाएं या बाएं नहीं चले। जो अपने कार्य की पूर्णता के लिए छलकपट, चोरी एवं बेईमानी का सहारा न लें। वैसे तो चोरी बहुत घृणित अपराध है, लेकिन जब कोई अमीर या पैसे वाला छोटी चोरी करते देखा जाता है तो चर्चा ऐसे होती है कि मानो बिल्ली ने कुत्ते को काट लिया है। वैसे समाज में चोरी बहुत सामान्य बात है, जगह-जगह सरकार स्वयं लिखती है कि अपने सामान की रक्षा स्वयं करें। लोग तो अपने सामान की रक्षा के लिए हर पल सजग रहते हैं, लेकिन सरकार सार्वजनिक सामान के लिए कहां-कहां सतर्कता बरत सकती है? चोरों एवं बेईमानों के रहते नया भारत- सशक्त भारत कैसे बनेगा? गुरुग्राम में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है, सबको पता है, दुनिया से एक से बढ़कर एक बड़े एवं शक्तिशाली राष्ट्रों के प्रतिनिधि आएंगे तो अतिरिक्त सजावट स्वाभाविक है लेकिन अगर कोई पैसे वाला व्यक्ति सजावटी गमलों को चुन-चुनकर उठा ले जाए तो इससे निंदनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद और क्या हो सकता है? भला हो किसी ने इस कृत्य का वीडियो बना लिया जिसमें बहुत आराम से दो शख्स फूल वाले गमले चुनकर लाखों के वाहन में रखते दिख रहे हैं। चोरी करते हुए भी उन्हें लग ही नहीं रहा था कि वे कुछ गलत कर रहे हैं। क्या ऐसी चोरी को नजरअंदाज कर दिया जाए? क्या इसका मतलब यह निकाला जाए कि जो जरूरतमंद है उसे भी चोरी करने का हक दिया जाए और जो सक्षम है, उसे भी सार्वजनिक वस्तुओं में से अपनी पसंद का चुन लेने दिया जाए? शायद ऐसी चोरियां बढ़ी ही इसीलिए हैं क्योंकि लंबे समय तक उन्हें नजरंदाज किया गया है। क्या छोटे-छोटे बड़े चोरों की ऐसी जमात देश में मजबूत हो गई, जो सरकारी सामान या धन को निजी मानकर चलती है? कुछ सरकारी सामान की चोरी करते है तो कुछ सरकार के नियमों को धत्ता बताते हुए नियमों की चोरी करते हैं। ऐसे चोरों के नाम पर मत जाइए, उनकी बुनियादी मानसिकता को समझने की कोशिश कीजिए। अमीर गमला चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है और कानून अपना काम करेगा, पर यह मनोवैज्ञानिक रूप से भी अध्ययन का विषय है कि ऐसे लोग आखिर कैसे और क्या सोचते हैं? रोटी के लिए बहुत मजबूरी में चोरी करते गरीबों के प्रति कुछ सहानुभूति हो सकती है हालांकि कानून में ऐसी किसी सहानुभूति के लिए कोई गुंजाइश नहीं है।

# मुद्रा स्फीति पर अंकुश क्यों जरूरी

> कई विकसित देशों में तो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति 10 प्रतिशत से भी ऊपर पहुंची थी जो कि पिछले 50 वर्षों की अवधि में सबसे अधिक महंगाई की दर है। मुद्रा स्फीति से आश्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि एवं मुद्रा की क्रय शक्ति में कमी होने से है। मुद्रा स्फीति विशेष रूप से समाज के गरीब एवं निचले तबके तथा मध्यम वर्ग के लोगों को बहुत अधिक प्रभावित करती है। क्योंकि, इस वर्ग की आय एक निश्चित सीमा में रहती है एवं इसका बहुत बड़ा भाग उनके खान-पान पर ही खर्च हो जाता है। यदि मुद्रा स्फीति तेज बनी रहे तो इस वर्ग के खान-पान पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने लगता है। अतः, मुद्रा स्फीति को काबू में रखना देश की सरकार का प्रमुख कर्तव्य है। मुद्रा स्फीति, दीर्घकाल में देश के आर्थिक विकास को भी धीमा कर देती है। इसी कारण से कई देशों में मौद्रिक नीति का मुख्य ध्येय ही मुद्रा स्फीति लक्ष्य पर आधारित कर दिया गया है। मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की घोषणा कर रहे हैं।

**कोरोना** महामारी के बाद से पूरे विश्व में मुद्रा स्फीति बहुत तेजी से बढ़ी है। भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति 7 प्रतिशत के ऊपर एवं थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति 13 प्रतिशत के ऊपर निकल गई थी। कई विकसित देशों में तो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति 10 प्रतिशत से भी ऊपर पहुंची थी जो कि पिछले 50 वर्षों की अवधि में सबसे अधिक महंगाई की दर है। मुद्रा स्फीति से आश्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि एवं मुद्रा की क्रय शक्ति में कमी होने से है। मुद्रा स्फीति विशेष रूप से समाज के गरीब एवं निचले तबके तथा मध्यम वर्ग के लोगों को बहुत अधिक प्रभावित करती है। क्योंकि, इस वर्ग की आय एक निश्चित सीमा में रहती है एवं इसका बहुत बड़ा भाग उनके खान-पान पर ही खर्च हो जाता है। यदि मुद्रा स्फीति तेज बनी रहे तो इस वर्ग के खान-पान पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने लगता है। अतः, मुद्रा स्फीति को काबू में रखना देश की सरकार का प्रमुख कर्तव्य है। मुद्रा स्फीति, दीर्घकाल में देश के आर्थिक विकास को भी धीमा कर देती है। इसी कारण से कई देशों में मौद्रिक नीति का मुख्य ध्येय ही मुद्रा स्फीति लक्ष्य पर आधारित कर दिया गया है। मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की घोषणा कर रहे हैं। ब्याज दरों में वृद्धि इस उद्देश्य से की जा रही है ताकि नागरिक बैंकों से ऋण लेने के लिए निरुत्साहित हो तथा वे अपनी बचतों को बैंकों में जमा करने को प्रोत्साहित हों। इससे नागरिकों की खर्च करने की क्षमता कम होकर बाजार में उत्पादों की मांग कम हो और इन उत्पादों की उपलब्धता, मांग की तुलना में, बाजार में बढ़ जाए जिससे इन उत्पादों की कीमतों में कमी होकर अंततः मुद्रा स्फीति पर अंकुश लग जाए। ब्याज दर के लगातार बढ़ाते जाने से कई अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रा स्फीति तो नियंत्रण में नहीं आ पा रही है परंतु अन्य कई प्रकार की अन्य आर्थिक समस्याएं जरूर उभर रही हैं। जैसे, कम्पनियों के व्यवसाय में कमी होना, लाभप्रदता में कमी होना, कर्मचारियों की छंटनी होना, करों के संग्रहण में कमी होना एवं बेरोजगारी का बढ़ना, देश की विकास दर में कमी आना, आदि। इस कारण से अब यह सोचा जाना चाहिए कि इन परिस्थितियों में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों का बढ़ाते जाना क्या सही उपाय है। इस तरह के उपाय पूर्व में विकसित अर्थव्यवस्थाओं, जिन्होंने पूंजीवादी मॉडल के अनुसार अपने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है, द्वारा किए जाते रहे हैं। जबकि, अब यह उपाय बोथरे साबित हो रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच, उत्पादों की मांग कम करने के उपाय के स्थान पर उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाकर क्या इन समस्याओं का हल नहीं निकाला जाना चाहिए। विशेष रूप से मुद्रा स्फीति की समस्या उत्पन्न ही इसलिए होती है कि सिस्टम में उत्पादों की मांग की तुलना में आपूर्ति कम होने लगती है। कोरोना महामारी के दौरान एवं उसके बाद रूस एवं यूक्रेन युद्ध के कारण कई देशों में कई उत्पादों की आपूर्ति बाधित हुई है। जिसके कारण मुद्रा स्फीति इन देशों में फैली है। भारत के बहुत पुराने समय के इतिहास में महंगाई नामक शब्द का वर्णन ही नहीं मिलता है। क्योंकि ग्रामीण इलाकों में कुटीर उद्योगों के माध्यम से वस्तुओं का उत्पादन प्रचुर मात्रा में किया जाता था एवं वस्तुओं की आपूर्ति सदैव ही सुनिश्चित रखी जाती थी अतः मांग एवं आपूर्ति में असंतुलन पैदा ही नहीं होने दिया जाता था। पूंजीवादी मॉडल के विपरीत भारतीय आर्थिक चिंतन में विपुलता की अर्थव्यवस्था के बारे में सोचा गया है, अर्थात अधिक से अधिक उत्पादन करो – "शतहस्त समाहर, सहस्त्रहस्त संकिर" (सौ हाथों से संग्रह करके हजार हाथों से बांट दो) – यह हमारे शास्त्रों में भी बताया गया है। विपुलता की अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक नागरिकों को उपभोग्य वस्तुएं आसानी से उचित मूल्य पर प्राप्त होती रहती हैं, इससे उत्पादों के बाजार भाव बढ़ने के स्थान पर घटते रहते हैं। भारतीय आर्थिक चिंतन व्यक्तिगत लाभ केंद्रित अर्थव्यवस्था के स्थान पर मानवमात्र के लाभ को केंद्र में रखकर चलने वाली अर्थव्यवस्था को तरजीह देता है। आज यदि "सर्वे भवंतु सुखिनः" का लक्ष्य पूरा करना है तो भारतीय वेदों में बताई गई विपुलता की अर्थव्यवस्था अधिक ठीक है, न कि जानबूझकर अकाल का निर्माण करने वाली पूंजीवादी अर्थव्यवस्था। हाल ही के समय में विशेष रूप से खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के बढ़ने के कारण भारत में मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता मिली है और दिसम्बर 2022 माह में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति पिछले 12 माह के न्यूनतम स्तर 5.72 प्रतिशत पर आ गई है एवं खाद्य पदार्थों में महंगाई दर 4.19 प्रतिशत की रही है। दरअसल भारत का कृषक अब जागरूक हो गया है एवं पदार्थों की मांग के अनुसार नई तकनीकी का उपयोग करते हुए उत्पादन करने लगा है। आवश्यकता अनुसार पदार्थों का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है, इससे उन पदार्थों की आपूर्ति बाजार में बढ़ रही है एवं इस प्रकार मुद्रा स्फीति पर अंकुश लग रहा है। हालांकि जनवरी 2023 में यह पुनः बढ़कर 6.52 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है, परंतु थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर 4.73 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गई है। अन्य विकसित देश चूंकि ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करते जा रहे हैं अतः इन देशों की मुद्रा मजबूत हो रही है एवं भारतीय रुपये का अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अवमूल्यन हो रहा है। इससे आयात महंगे हो रहे हैं तथा भारत में आयातित महंगाई बढ़ रही है। चूंकि आयातित महंगाई दर के अतिरिक्त, भारत में महंगाई की दर अब बहुत बड़ी हद तक नियंत्रण में आ चुकी है अतः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अब यह उम्मीद की जा रही है कि थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर मई एवं जून 2023 माह में ऋणात्मक हो जाने की सम्भावना है वहीं खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर अप्रेल 2023 में 4.5 प्रतिशत के नीचे आ जाने की सम्भावना है। भारत में महंगाई दर के नियंत्रण में बने रहने के चलते वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर के रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अर्थात, महंगाई दर पर नियंत्रण, देश की विकास दर को आगे बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। परंतु, विश्व के अन्य देशों की तरह मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने की दृष्टि से भारत में भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है। हालांकि खाद्य पदार्थों की कीमतों में हो रही वृद्धि के चलते यदि मुद्रा स्फीति में तेजी आ रही है तो इस ब्याज दरों को बढ़ाकर नियंत्रित नहीं किया जा सकता क्योंकि खाने पीने की वस्तुएं कितनी भी महंगी हो जाएं परंतु आवश्यक वस्तुओं का उपभोग तो किसी भी कीमत पर करना ही होता है। हां, चूंकि विश्व के अन्य देश ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करते जा रहे हैं और इससे भारतीय रुपए पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव आ रहा है जिससे भारत में आयात किए जाने पदार्थ महंगे हो रहे हैं अतः भारत में आयातित मुद्रा स्फीति बढ़ रही है।

## देश दुनीया से

# भारत और चीन को साथ लेकर नया गठबंधन क्यों बनाना चाहता है रूस?

**यूक्रेन** के साथ युद्ध में जूझ रहे रूस पर पूरी दुनिया का दबाव है कि वह यूक्रेन से लड़ाई बंद करे। लेकिन रूस चाहता है कि एशिया की तीन महाशक्तियों- चीन और भारत के साथ रूस की दोस्ती बने और दुनिया के सामने एक नया गठबंधन बनकर उभरे। हाल ही में खत्म हुए जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में रूस के इस रुख का खुलासा हुआ। इसी बैठक में भारत के पारंपरिक सहयोगी और मित्र देश रूस ने सुझाव दिया कि भारत और चीन के बीच दोस्ती बढ़नी चाहिए। दिल्ली में हुए जी-20 विदेश मंत्रियों के सम्मेलन और उसके बाद रायसीना डायलॉग में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ऐसा कह कर अमेरिका को चौंका दिया। सर्गेई लावरोव को जब सम्मेलन में बोलने का मौका मिला, तो उन्होंने कहा कि रूस चाहता है कि चीन और भारत दोस्त बनें। सर्गेई ने कहा कि रूस का दोनों देशों से बेहतर रिश्ता है। लेकिन अब रूस चाहता है कि एशिया के दोनों पड़ोसी देश मित्र बनें। सर्गेई लावरोव ने जब यह बात कही, उसके ठीक एक दिन पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और भारत के रिश्तों को लेकर जो कहा था, उस पर विवाद हो गया था। जयशंकर ने कहा था कि भारत के चीन से रिश्ते असामान्य हैं। जयशंकर ने यह बात चीन के विदेश मंत्री किन कांग के साथ हुई बैठक में कही थी। इस संदर्भ में रूसी विदेश मंत्री का सुझाव बेहद अहम हो जाता है। सर्गेई ने रायसीना डायलॉग में चीन-भारत और चीन-रूस संबंधों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में दोनों देशों को दोस्ती करने की सलाह दे डाली। सर्गेई ने कहा कि इस मित्रता में रूस की मौजूदगी भारत और चीन के लिए बेहतर हो सकती है। सर्गेई ने दोनों देशों के बीच दोस्ती को आगे बढ़ाने के लिए खुद का हाथ भी बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि रूस चीन और भारत को करीब लाने का हमेशा से पक्षधर रहा है। यह सच है कि यूक्रेन संकट के बाद भारत ने रूस से सबसे ज्यादा कच्चा तेल खरीदा है। इसे लेकर शुरू में अमेरिका ने नाक भौं सिकोड़ा था। लेकिन बाद में अमेरिका ने तर्क दिया कि भारत ने अपने ढंग से अपनी अर्थव्यवस्था को देखते हुए कदम उठाया है। याद कीजिए, साल 1999। तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने जब परमाणु परीक्षण किया था, तब अमेरिका समेत उसकी अगुआई वाली पश्चिमी दुनिया ने भारत पर कई प्रतिबंध लगाये थे। लेकिन अब भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है और अब भारत को नकार पाना आसान नहीं है। इसीलिए भारत के रूस से सहयोगी संबंध को अमेरिका समेत दूसरे देश भी नकार नहीं पा रहे हैं। भारत ने इस दिशा में अपनी तरह से कोशिश भी की। उसने यूक्रेन पर रूस के रुख का समर्थन भी नहीं किया। चूंकि रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी है, उसने अतीत में भारत को सैनिक साजोसामान से भी मदद की है। इस लिहाज से माना जा रहा था कि भारत कभी उसके खिलाफ कदम भी नहीं उठाएगा। लेकिन भारत ने इस मिथक को तोड़ा और रूस के रुख का समर्थन नहीं किया। अलबत्ता संयुक्त राष्ट्र संघ में जब भी रूस के खिलाफ अमेरिकी अगुआई में अभियान भी चला, उस वक्त भारत ने उस अभियान का भी समर्थन नहीं किया। युद्धग्रस्त रूस से कच्चे तेल की खरीददारी करके भारत भी एक तरह से रूस की मदद कर रहा है। वहीं भारत रणनीतिक तौर पर अपने लिए सस्ता तेल भी खरीदने में कामयाब रहा है। लेकिन अब रूस को लगने लगा है कि बदली हुई वैश्विक परिस्थिति में भारत और चीन को साथ आना चाहिए। वैसे अमेरिका जिस तरह चीन पर हमलावर है, वैसी स्थिति में चीन को भी ऐसा ही रुख अख्तियार करना पड़ सकता है। लेकिन भारत से रिश्ते सुधारने की दिशा में सबसे बड़ी बाधा उसका साम्राज्यवादी रुख है। सीमाओं पर अगर वह संयत और सौहार्द का रुख रखे तो हालात बदल सकते हैं। लेकिन चीन ऐसा नहीं करता। इसलिए सर्गेई को इस विषय में भी अपनी राय रखनी चाहिए। हालांकि उन्होंने ऐसा नहीं किया और सिर्फ दोस्ती की ही बात करके इतिश्री समझ ली। सर्गेई लावरोव ने रूस और यूक्रेन युद्ध पर भी अपने विचार रखे। इस संदर्भ में पश्चिमी देशों के रुख की आलोचना करते हुए सर्गेई ने कहा कि सब चाहते हैं कि रूस ही बातचीत की पहल करे। लेकिन कोई यूक्रेन के रुख पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उस आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि यूक्रेन से बातचीत देशद्रोह होगा।

> दिल्ली में हुए जी-20 विदेश मंत्रियों के सम्मेलन और उसके बाद रायसीना डायलॉग में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ऐसा कह कर अमेरिका को चौंका दिया। सर्गेई लावरोव को जब सम्मेलन में बोलने का मौका मिला, तो उन्होंने कहा कि रूस चाहता है कि चीन और भारत दोस्त बनें। सर्गेई ने कहा कि रूस का दोनों देशों से बेहतर रिश्ता है। लेकिन अब रूस चाहता है कि एशिया के दोनों पड़ोसी देश मित्र बनें। सर्गेई लावरोव ने जब यह बात कही, उसके ठीक एक दिन पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और भारत के रिश्तों को लेकर जो कहा था, उस पर विवाद हो गया था। जयशंकर ने कहा था कि भारत के चीन से रिश्ते असामान्य हैं। जयशंकर ने यह बात चीन के विदेश मंत्री किन कांग के साथ हुई बैठक में कही थी।

## नागरिक बोध

# अडाणी विवाद पर श्रीलंका के विदेश मंत्री ने जो कहा, उससे विपक्ष को नई ताकत मिलेगी

**गौतम** अडानी और हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मामले पर नए रहस्योद्घाटन लगभग रोज ही हो रहे हैं। इस बार का संसद का सत्र भी इसी मामले का शिकार होने वाला है, क्योंकि विपक्ष के पास इसके अलावा कोई बड़ा मुद्दा है ही नहीं। वैसे एक मुहावरे में कहा भी गया है कि 'भागते भूत की लंगोटी ही काफी।' अब अंग्रेजी के 'हिंदू' अखबार में श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी की एक भेंटवार्ता छपी है। उसमें साबरी ने दावा किया है कि श्रीलंका की सरकार के साथ अडानी के कोलंबो बंदरगाह और विद्युत परियोजना के जो सौदे हुए हैं, वे ऐसे ही हैं, जैसे कि दो सरकारों के बीच होते हैं। यह कथन बहुत मायने रखता है। पता नहीं, यह बोलते हुए साबरी को इस बात का ध्यान रहा या नहीं कि अडानी और हमारी सरकार के संबंधों को लेकर यहां बड़ा बावेला उठ खड़ा हुआ है। साबरी ने श्रीलंका के इस भयंकर संकट के समय भारत द्वारा दी गई प्रचुर सहायता के लिए मोदी सरकार का बड़ा आभार माना है लेकिन उन्होंने मोदी और अडानी को एक-दूसरे का पर्याय बना दिया है। कोई आश्चर्य नहीं कि भारत के विपक्षी नेताओं को अब एक छड़ी हाथ लग जाए, जिससे वे मोदी सरकार पर प्रहार कर सकें। अभी तक तो हमारा विपक्ष सिर्फ अडानी की खाली तूती बजा रहा है, जिसका असर शेयर मार्केट पर तो पड़ा है लेकिन वह जनता के कानों में नहीं गूंज पा रही है। श्रीलंका के विदेश मंत्री साबरी ने भी कहा है कि अडानी के शेयरों में हालांकि 140 बिलियन डॉलर का पतन हो गया है लेकिन उन्हें अडानी समूह की कार्यक्षमता पर पूरा भरोसा है। साबरी शायद कहना यह चाह रहे हैं कि अडानी में उनका भरोसा इसलिए है क्योंकि भारत सरकार में उनका भरोसा है। दूसरे शब्दों में भारत सरकार और अडानी को वे एक ही सिक्के के दो पहलू समझ रहे हैं। जैसा उत्साह श्रीलंका ने अडानी की परियोजनाओं के बारे में दिखाया है, वैसा ही उत्साह इस्राइल ने भी दिखाया है। हमारा विपक्ष इस्राइल से हुए अडानी के सौदे का प्रधानमंत्री की इस्राइल-यात्रा का ही परिणाम बताता है। इस्राइल का हैफा बंदरगाह सामरिक दृष्टि से पश्चिम एशिया का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। अडानी ने उसे 1.2 बिलियन डॉलर में खरीद लिया है। इस तरह के कई सौदे अडानी समूह ने देश और विदेश में किए हैं। हमें देखना यह है कि क्या इन सौदों से भारत का कोई नुकसान हुआ है? यदि नहीं हुआ है तो विपक्ष द्वारा खाली-पीली शोर मचाने का कोई नतीजा नहीं निकलने वाला है। देश में आज तक एक भी सरकार ऐसी नहीं हुई है, जिसने भारतीय उद्योगपतियों के साथ पूर्ण असहयोग का रास्ता अपनाया हो। वे असहयोग करेंगी तो देश की हानि ही होगी।

# टंडवा से नक्सली गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** पुलिस अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना मिली थी कि टंडवा थाना अंतर्गत हुम्बी एवम डेडगढा जंगल में प्रतिबंधित नक्सली संगठन माओवादी के हथियारबंद उग्रवादी क्षेत्र में घूम रहे हैं। उनमें से इनामी नक्सली माओवादी दस्ते के मनोहर गंझू उर्फ दिनेश गंझू पिता विलास गंझू, ग्राम बसिया टोला तेमरावर, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार, अपने दस्ते के साथ घूम रहा है, और किसी भी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटा है। इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा, शंभू सिंह के द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टंडवा पुलिस बलों के द्वारा चलाया गया सघन छापामारी अभियान। जिसमें सुरेंद्र गंझू उम्र 19 वर्ष पिता तेतर गंजू ग्राम बाराखैर , थाना बालूमाथ, जिला लातेहार। परमेश्वर गंझू, पिता स्वर्गीय सोहराय गंझू। सुधन उर्फ नाटा, उर्फ अजीत करमाली पिता, सीटू करमाली दोनों ग्राम नौडीहा उर्फ गोड़वार थाना टंडवा जिला चतरा एवं कुलदीप गंझू पिता रामेश्वर गंझू ग्राम मारंगलोहिया, थाना टंडवा जिला चतरा को मौके वारदात से गठित पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए कुलदीप गंझू एवं परमेश्वर गंझू इन दोनों के विरुद्ध टंडवा थाना एवं बालूमाथ थाना में पहले भी कई अपराधिक केस दर्ज है। अपराधिक मामलों में कई बार जेल भी जा चुके हैं। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों के साथ में लाल रंग से हाथ से लिखा हुआ 8 नक्सली पर्चा जिस पर भाकपा माओवादी लिखा हुआ, एक रेडमी फाइव प्रो कंपनी का मोबाइल, एक रेडमी कंपनी का मोबाइल एक काला रंग का सैमसंग कंपनी का मोबाइल, एक रेडमी 8 प्रो कंपनी का मोबाइल, हीरो होंडा मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 02॥ 0533, एवं टीवीएस मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 19ष्ट 2439 है। जिनको पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है। इस छापामारी अभियान में शामिल टंडवा पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार, सराधू पुलिस पिकेट प्रभारी राजेश राम ,आरक्षी रंजीत कुमार सिंह, कुलेश्वर कुमार बेदिया, शुभम कुमार, हवलदार बिरसा उरांव सहित अनेकों सशस्त्र बल के जवान शम्मलित थे।

## बंदना डाडेल बनी सीएम की प्रधान सचिव, जितेंद्र सिंह बने उद्योग विभाग के प्रधान सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी वंदना दादेल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रधान सचिव नियुक्त की गई हैं। कार्मिक प्रशासनिक सुधार व राजभाषा विभाग ने सोमवार शाम को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है. वंदना दादेल अपने कार्यों के साथ कार्मिक विभाग और गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार पर भी रहेंगी। वहीं उद्योग निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह अब उद्योग विभाग के प्रधान सचिव होंगे. इसके अलावा वे जियाडा के प्रबंध निदेशक एवं खान आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे।

## शिक्षा सेवा प्रदाता का दूसरे बैच का किया उद्घाटन



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया और महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित तेजस्विनी परियोजना के तहत सिंगल विंडो सेंटर में इएसपी दूसरा बैच का उद्घाटन प्रमुख उर्मिला देवी, टोटी के मुखिया शांति देवी व शिबला मुखिया सुरेश उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया द्य मुख्य अतिथि उर्मिला देवी ने सभी अभ्यार्थियों को तन मन शिक्षा लेकर आगे बढ़ने की बात कहा वहीं फील्ड कोऑर्डिनेटर ईश्वर कुमार रवि ने बताया की सभी किशोरियों को पूर्व मे ही तीन माह का ब्रिज एजुकेशन दिया गया था वर्तमान मे पुनः 40 किशोरियों को 6 माह एकोडेमिक कोच का एजुएशन दिया जाएगा द्य एजुकेशन समापन के पश्चात मैट्रिक का परीक्षा लिया जायेगा द्य मैट्रिक परीक्षा सम्पन्न होते ही स्कॉलरशीप के रूप में दस हजार रूपए बैंक खाते मे दी जाएगी। मौके पर क्षेत्र समन्वयक उगेशर प्रजापति, क्लस्टर समन्वयक पूनम कुमारी, सुमन कुमारी, संदीप प्रजापति, बसंत कुमार, रामचंद्र उरांव युवा उत्प्रेरक कंचन देवी, शांति देवी, सबिता कुमारी और क्लब के किशोरी प्रतिमा कुमारी, बिनीता, सुनीता, निशा, अनीशा रूपा लक्ष्मी संजना सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डेम निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत गोनिया के छाताबर मे हो रहे डेम निर्माण का निरीक्षण बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुरेश गंझु ने की। निरिक्षण के दौरान बीससूत्री उपाध्यक्ष सुरेश गंझु ने कहा कार्य मे पत्थर जोड़ाई मे सीमेंट की मात्रा बिल्कुल कम दी गई है। साथ ही मिट्टी युक्त बालू का उपयोग किया गया है। डेम मे गड्ढे भी कम किया गया है जिससे किसानों को पूरा लाभ नहीं मिल पायेगा। कई अनियमितता को लेकर लातेहार उपायुक्त को लिखित शिकायत करने की बात कहा। वहीं कहा की सरकार द्वारा आम जनो को सुविधा बहाल करने के उदेश्य से लाखो रूपये की लागत से डेम निर्माण किया जा रहा है। नियमित कार्य नहीं किए जाने से आसपास के किसानो को कृषि उत्पादन सहित अन्य कार्य के लिए पूरा सुविधा नहीं मिल पायेगा।

## विधायक ने झारखंड विधानसभा में उग्रवादी हिंसा के शिकार महादेव यादव व जसमुद्दीन अंसारी के परिजनों को नौकरी देने का मामला उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड विधानसभा में सिमरिया के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास ने टंडवा के महादेव यादव और जसमुद्दीन अंसारी को नौकरी देने का मामला उठाया है। गौरतलब है कि टंडवा प्रखंड के महादेव यादव और जसमुद्दीन अंसारी को एमसीसी उग्रवादियों के द्वारा 29 दिसंबर 1999 को अपहरण किया गया था।माओवादियों ने टंडवा के महादेव यादव का अंगूठा काट लिया था जबकि जसमुद्दीन अंसारी का हाथ काट लिया गया था। इन लोगों पर माओवादियों के चुनाव बहिष्कार के बाद भी चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का आरोप एमसीसी उग्रवादियों ने लगाकर इस कुकृत्य को अंजाम दिया था। इस मामले में टंडवा थाना कांड संख्या 32/1999 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले को लेकर संयुक्त बिहार विधानसभा में तत्कालीन सिमरिया के विधायक योगेंद्र नाथ बैठा ने विधानसभा में सवाल उठाया था जिस पर तत्कालीन विभागीय मंत्री द्वारा आश्वासन संख्या 216/2001 द्वारा नौकरी देने की घोषणा की गई थी। इसी मामले को लेकर सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड विधानसभा में सरकार से मांग किया कि संयुक्त बिहार विधानसभा में विभागीय मंत्री के द्वारा आश्वासन घोषणा पत्र के बावजूद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है और ना ही पीड़ित परिवार को नौकरी या मुआवजा दिया गया है। गौरतलब है कि 29 दिसंबर 1999 को हुए इस घटना के बाद से पीड़ित महादेव यादव और जसमुद्दीन अंसारी का परिवार आज भी न्याय के लिए दर-दर भटक रहा था। लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल रहा था। सिमरिया के विधायक किशन कुमार दास ने झारखंड विधानसभा में यह मामला उठाकर पीड़ित परिजनों को नौकरी और मुआवजा की मांग राज्य सरकार से किया है। इसके जवाब में राज्य सरकार ने सदन के माध्यम से यह बताया है कि इस मामले में चतरा के उपायुक्त से कार्रवाई प्रतिवेदन की मांग की गई है और आगामी जिला अनुकंपा समिति की बैठक में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला कार्यकारिणी सदस्य बने भाजपा नेता मौलाना महफूज रहमान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के सिंघानी उर्दू स्कूल में आयोजित की गई मुख्य अतिथि के रूप में यूथ प्रदेश महासचिव मोहम्मद इकबाल अंसारी मौजूद थे। इस आयोजन का संचालन भाजपा नेता मौलाना महफूज रहमान ने किया एवं सिंघानी निवासी महफूज आलम बने प्रखंड अध्यक्षऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस की प्रखंड इकाई की अहम बैठक चुनाव प्रभारी सह यूथ मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष निसार अंसारी की अध्यक्षता में हुई ।इस बैठक में मौलाना रहमान ने कहा की आज अल्पसंख्यकों को सिर्फ वोट के समय याद किया जाता है और लोग मुसलमानों को इस्तेमाल करते हैं आगे उन्होंने कहा कि पार्टी चाहे कोई हो लेकिन वोट सही जगह दें जिससे हम सब का मान सम्मान मिले इस बैठक में मोमिन कॉन्फ्रेंस को और भी ज्यादा मजबूत और इस बैनर के तले मुसलमान काम कैसे करें इस पर चर्चा की गई और इस दौरान रहमान ने कहा अब एक बनें और नेक बनें आगे अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव स्तर तक मोमिन कॉन्फ्रेंस को कैसे पहुंचाया जाए समाज में तेजी से फैल रही वैमनस्यता कुरीति जैसी बीमारी शराब पर पाबंदी शिक्षा के प्रति जागरूक कैसे बनाया जाए तथा सामाजिक क्षेत्र राजनीतिक क्षेत्र में कैसे भागीदारी सुनिश्चित की जाए इन्हीं सब प्रमुख मुद्दों पर परिचर्चा की गई। इस बैठक के बाद चतरा जिला के शेष प्रखंडों में भी आवामी तौर पर बैठक कर जहेज़ जैसी बीमारी शराब अशिक्षा जैसी मुद्दों को डोर टू डोर जाकर जागरूक करने का काम किया जाएगा उक्त निर्णय आज के बैठक में मोमिन कॉन्फ्रेंस ने लिया है। इस बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री मौलाना महफूज रहमान को चुना गया प्रखंड अध्यक्ष के लिए मोहम्मद महफूज आलम सिंघानी, कार्यकारिणी अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल, उपाध्यक्ष मौलाना मुस्ताक, सचिव मोहम्मद परवेज, कोषाध्यक्ष मोहम्मद इफ्तेखार, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अख्तर अंसारी, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद इस्लाम मोहम्मद फिरदौस मोहम्मद रफीक को मनोनीत किया गया।

## उपायुक्त को सौंपा आवेदन

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत के बारीखाप आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक कोड 0434 में सेविका का चयन गुमराह करते हुए गलत तरीके से करने के आरोप मे एक आवेदिका सीमा बांडों सहित कई ग्रामीणों ने सीडीपीओ बालूमाथ व सुपरवाइजर पर आरोप लगाया है। आवेदिका सीमा सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन उपायुक्त को सौंपते हुए बताया है कि उपरोक्त आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका का चयन प्रक्रिया बीते तीन जनवरी को बालूमाथ सीडीपीओ व सुपरवाइजर द्वारा किया गया। दोनों ने मिलीभगत से जाली कागजात के आधार पर ग्रामीणों को गुमराह करते हुए बिना शैक्षिणक प्रमाण पत्र दिखाए रजिस्टर तैयार कर सरस्वती कुमारी पति दिलीप भगत को सेविका के रूप में चयन कर दिया गया। जबकि वंहा उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि शैक्षिणक प्रमाण पत्र के हिसाब से सीमा का अंक 25 व सरस्वती का अंक 22 है। फिर भी सरस्वती का चयन किया गया जो नियमसंगत गलत व अन्याय है। सीमा यह भी बताई है कि सेविका चयन के समय एक विधवा महिला रजंती ने भी सेविका के लिए आवेदन दी थी। विधवा का भी आवेदन दरकिनार कर दिया गया है। रजंती ने भी उपायुक्त को बीते 21 जनवरी को सेविका चयन रद्द करने को आवेदन दी थी। सीमा सहित मुनिया देवी, रूपमणि देवी, फूलों देवी, संदीप उरांव, कालेश्वर उरांव, तेतरी देवी, मंगल उरांव, नरेश उरांव, निरंजन भगत सहित अन्य ग्रामीणों ने उपायुक्त से किये गए सेविका चयन प्रक्रिया को रद्द करते हुए पुनः निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ चयन प्रक्रिया कराने की गुहार लगाई है।

# सरहुल मनाने हेतु हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारीयातू :** बारीयातू प्रखंड अंतर्गत पहड़ा भवन, नचना में राजेश भगत के अध्यक्षता में प्रकृति का महापर्व सरहुल को लेकर तैयारी बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उपस्थित रहे उन्होंने सरहुल पर्व में इस वर्ष कुछ नये ढंग से मनाने की बात कही। इस महत्वपूर्ण बैठक में महावीर उरांव, जगदीश उरांव, धनेश्वर उरांव, जितु उरांव, मुखिया सुरेश उरांव, राजीव भगत, राजदेव उरांव, श्रवन उरांव, अशोक उरांव, डॉ रामप्रीत लोहरा, पसस जया देवी, प्रमोद उरांव, जयपाल उरांव सहित अनेकों बुद्धि जीवियों ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। बैठक में उपस्थित सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समाज के शुभ चिंतक, एवं बुद्धि जीवियों ने सर्वसम्मति से सरहुल पर्व को मनाने हेतु प्रखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया, समिति के अध्यक्ष नंदु उरांव, उपाध्यक्ष गाढ़ा मुखिया सुरेश उरांव सचिव मुखिया राजीव भगत, उप सचिव जितु उरांव, कोषाध्यक्ष, धनेश्वर उरांव, उप कोषाध्यक्ष इटके मुखिया शांति देवी, धर्म अगुवा तेतर उरांव को चुनाव किया गया। एवं कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुखिया सुरेश उरांव, राजीव भगत शांति देवी पसस जया देवी, समाज के अगुआ दिगंबर भगत, आनंद उरांव, उपेन्द्र उरांव महेंद्र भगत, राजेश लोहरा, सुशिता उरांव, कमली उरांव, रूपनी भगत मुनी उरांव, सरिता उरांव सहित बारियातू प्रखंड के सभी पंचायतों के अनेकों महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## वार्षिक मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा-144 लागू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** 14 मार्च से शुरू हो रही वार्षिक मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी के द्वारा चतरा जिले के परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा (धारा-144 द.प्र.स.) लागू किया गया है। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2023 दिनांक 14.03.2023 से 05.04.2023 तक प्रथम पाली में आयोजित होगी और इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) -2023 दिनांक 14.03.2023 से 05.04.2023 तक द्वितीय पाली में आयोजित होगी। चतरा जिले में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 हेतु जिला अंतर्गत कुल 26 स्थानों पर परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा हेतु जिला अंतर्गत कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने चतरा जिले के इन परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू किये हैं। धारा 144 लागू होने के बाद पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों को परीक्षा केंद्र सीमा से 200 मीटर के अंदर अनावश्यक रुप से जमा होना या मटरगस्ती करना, बैठक करना, परीक्षार्थियों की मदद के इरादे से लाउडस्पीकर बजाना, माइक पर बोलना, तेज हथियार, लाठी, अग्नेयाश्त्र लेकर चलना, किसी भी व्यक्ति द्वारा परीक्षा संबंधित किसी भी गोपनीयता को भंग करना, किसी भी होटल, पान दुकान, चाय दुकान और अन्य दुकान के पास जमा होकर चिट्ठा पुर्जी बनाना, लेने-देन करना, अथवा भीड़ इकट्ठा करने, किसी भी परीक्षार्थी या किसी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि, निषेध और संयम का यह हिस्सा विवाह,धार्मिक प्रदर्शन,पूजा के उत्सव में जाने वाले व्यक्तियों पर और शव के साथ श्मशान घाट जाने वाले व्यक्तियों पर और कृपाण और खुखरी ले जाने वाले सिखों और नेपालियों पर और सरकारी कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा। जिले में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 हेतु जिला अंतर्गत कुल 26 स्थानों पर परीक्षा केंद्र बनाया गया है जो इस प्रकार है। राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय चतरा, राज्य सम्पोषित बालिका उच्च विद्यालय चतरा, उपेन्द्र नाथ वर्मा, इंटर कॉलेज चतरा, रामेश्वर लाल खंडेलवाल सरस्वती विद्या मंदिर चतरा, बी0के0 उच्च विद्यालय कान्हाचट्टी, राम नगर उच्च विद्यालय कान्हाचट्टी, आदर्श मध्य विद्यालय ईटखोरी, के0बी0 उच्च विद्यालय ईटखोरी, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय ईटखोरी, भद्रकाली इंटर कॉलेज इटखोरी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पितीज ईटखोरी, मध्य विद्यालय करनी ईटखोरी, स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय मयूरहंड, राम नारायण इंटर कॉलेज हंटरगंज, परियोजना उच्च विद्यालय हंटरगंज, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गंघरी हंटरगंज, आर0एन0आर0 उच्च विद्यालय हंटरगंज, मध्य विद्यालय, सोहाद, हंटरगंज मध्य विद्यालय पाण्डेयपुरा हंटरगंज, एस0एस0+2 उच्च विद्यालय पाण्डेपुरा हंटरगंज, राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय प्रतापपुर,मध्य विद्यालय प्रतापपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोगियारा प्रतापपुर, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय प्रतापपुर, स्ट्रोनेट+2 उच्च विद्यालय कुन्दा। इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा हेतु जिला अंतर्गत कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जो इस प्रकार है।

## ब्राइलर मुर्गी खाने वाले हो जाय होशियार

**चतरा/सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य में बर्ड फ्लू संक्रमण को बढ़ते देख राजधानी रांची और अन्य जिलों में चिकन बिक्री पर प्रतिबंद लगा दिया गया है। साथ हीं स्वास्थ मंत्रालय ने सभी जिला प्रशासन को इसके लिए एलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि इन दिनों राजधानी समेत झारखण्ड के अन्य जिलों में बर्ड फ्लू का संक्रमण मुर्गियों में तेजी से बढ़ रही है। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए रांची में मुर्गी बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं स्वास्थ मंत्रालय ने सभी जिलों को आदेश जारी कर दिया है। मुर्गी खाने वाले लोग होशियार हो जाय। वर्णा बर्ड फ्लू के चपेट में जा सकते हैं।

## प्रखण्ड के कसारी में संचालित आंगनबाड़ी सेंटर महीनों से बंद



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के कसारी पंचायत के कसारी गाँव में झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आंगनबाड़ी का खास्ता हाल है। कई महीनों से सेंटर नहीं खोला जाता है। कभी कभार एक दो महीनों में सेंटर खोल महिला से लेकर बच्चों को सरकार द्वारा दी जाने वाली खाना दिया जाता है। हैरत की बात यह है कि जिस निजी मकान में आंगनबाड़ी सेंटर संचालित किया जा रहा है वह बिलकुल हीं जर्जर है। जहां बच्चों के लिए खतरा हीं खतरा है। फिर भी महीना में कभी कभार उसी जर्जर मकान में बच्चों के लिए खाना पका परोसा जाता है खाना। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी सेविका वर्षो से महीना में कभी कभार सेंटर खोलती है और उसी जर्जर निजी मकान में बच्चों को खाना पका तथा महिलाओं को दी जाने वाली अनाज का पैकेट दिया जाता है। आगे कहा कि आंगनबाड़ी सेविका का घर कसारी में हीं है किंतु वह अधिकतर हजारीबाग में बने निजी मकान में रहती है। जब कभी एक दो महीनों के बाद आती है और उसी जर्जर मकान में सरकार द्वारा दी जाने वाली अनाज वितरण करती है। हम लोग के बच्चे। सेंटर नहीं खुले रहने के कारण प्रारंभिक शिक्षा से दूर हो रहें हैं। जबकि आंगनबाड़ी सेविका प्रत्येक माह सरकारी रूपये वेतनमान के रूप में लेकर सरकारी रूपये का गमन कर रही है। वैसे में ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त सेविका पर कार्रवाई करते हुए नये आंगन बाड़ी का निर्माण करवाने का आग्रह किया है।

# मदरसा अशरफुल उलूम देवरिया में जलसा दस्तार बंदी का आयोजन आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के ग्राम देवरिया स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 22 एवं पवित्र निरंजना नदी के तट पर अवस्थित मदरसा अशरफुल उलुम देवरिया में कल मंगलवार की रात्रि में जलसा ए अजीमुसशान व दस्तार बंदी का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उस्ताजुल फोकरा अल्हुफ्फाज हजरत मौलाना कारी मुहम्मद फजलुर्रहमान साहब जैद मुजददहु इमाम ईदैन रेड रोड मैदान सह सरपरस्त मुहतमिम दारुल कुरान मदरसा कोलकत्ता बंगाल करेंगे। जबकि अतिथियों में काजी ए शरीयत हामी ए कुरान व सुन्नत हजरत मौलाना मुफ्ती नजरे तौहीद साहब मुजाहिरी मुहतमिम शेखुल हदीस मदरसा राशिदुल उलूम चतरा, हजरत मौलाना अल्हाज मुफ्ती अनिसुर्रहमान साहब कासमी उपाध्यक्ष आल इण्डिया मिलली काउन्सिल पटना बिहार होंगे। इस कार्यक्रम के बाबत मदरसा के नाजिम ए आला कारी सलमान कासमी ने बताया की मदरसा के स्थापना वर्ष 1972 में पिता स्वर्गीय मौलाना हाजी अब्दुल्लाह कासमी ने रखा था।मदरसा का मकसद शिक्षा के क्षेत्र में निर्धन एवं पिछड़ रहे बच्चो को शिक्षा से जोड़ कर शिक्षित बनाना और देश की सेवा में महती भूमिका निभाना था। उनके अधुरे सपने को साकार करने का अवसर मिला है।लोगों के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा रहा है। इतना ही नहीं मदरसा के 50 वर्ष पुर्ण होने पर जलसा ए दसतार बंदी का आयोजन किया जा रहा है। इस जलसे में 55 हुफ्फाज ए एकराम की दास्तार बंदी किया जायेगा। जलसे की तैयारी लग भाग पुर्ण हो चुकी है। इस कार्यक्रम में जनता के बड़े छोटे प्रतिनिधियों ,नेताओं जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों को निमंत्रण दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि इंसानियत के पैगाम देने के उद्देश से इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। सभी वर्गो को जोड़ कर और सहयोग से कार्यक्रम सफलता की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी लोग दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

## फिया फाउंडेंशन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला के महुआडाड प्रखंड में नारी जागृति मंच व फीया फंडेशन के नेतृत्व में महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के द्वारा महुआडाड स्वास्थ्य केन्द्र से शास्त्री चौंक, विरसा चौंक पंहुच कर भगवान विरसा मुण्डा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जिसके बाद विरसा चौंक से शास्त्री चौंक होते हुए जिला परिषद् पंहुच कर सभा में तबदील हुआ जहाँ अंतराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह नारी जागृति मंच के अजिता तिग्गा की अध्यक्षता में मनाया गया जिसमे नारी जागृति मंच के सभी महिलाओं ने बड़-चढ़ कर इस कार्यक्रम में भाग लिए। वही अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मुख्य अतिथि जिला परिषद् सदस्य ऐस्तेला नगेसिया प्रमुख कंचन कुजुर को पुष्प गुछा देकर सम्मानित किया गया अतिथि जिला परिषद् सदस्य ऐस्तेला नगेसिया व प्रमुख कंचन कुजुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया वही उपस्थित महिला राधिका देवी ने कहा कि .अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन एक श्रम आंदोलन था, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने सालाना आयोजन के तौर पर स्वीकृति दी. इस आयोजन की शुरुआत का बीज 1908 में तब पड़ा, जब न्यूयॉर्क शहर में 15 हज़ार महिलाओं ने काम के घंटे कम करने, बेहतर वेतन और वोट देने की माँग के साथ विरोध प्रदर्शन निकाला था.महिलाएं समाज में, राजनीति में और अर्थशास्त्र में कहाँ तक पहुँची हैं, इसके जश्न के तौर पर इंटरनेशनल वीमेंस डे का आयोजन होता है, लेकिन इस आयोजन के केंद्र में प्रदर्शन की अहमियत रही है, लिहाज़ा महिलाओं के साथ होने वाली असमानताओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए विरोध प्रदर्शन का आयोजन भी होता है। संस्थापक सह पूर्व जिला परिषद् सदस्य इगनेसिया गिद्ध ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के द्वेष प्रभाव को कैसे कम किया जाय और इसके अनुकूल योजनाओं का चयन कैसे किया जाय जिस पर महिलाओं के बीच चर्चा किया गया इस कार्यक्रम को सफल संचालन में मुख्य रूप से संस्थापक इगनेसिया गिद्ध, पंचायत समिति सदस्य रेखा किण्डो, सिस्टर लिना, सुर्या हॉस्पीटल के डा ऐ के शाह, डा संजू, अजित पाल कुजुर, दिव्यप्रकाश, धर्म देव जामुदा, निर्मला टोप्पो, ग्रेस कुजूर, पूर्व मुखिया राजेश कुजूर समेत भारी संख्या में महिलायें मौजूद थी।

## अपने दायित्व के प्रति शिक्षिका लापरवाह



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करना बेमानी हो गया है। जहां शिक्षकों का शिक्षा के प्रति उदासीन रवैया उपर से अतिरिक्त काम का बहाना , विद्यालय के प्रधानाध्यापक को नजरंदाज करना शिक्षकों का ट्रेंड बन चुका है। जहां मुख्यालय अंतर्गत बभंडीह मध्य विद्यालय में दो शिक्षक व दो शिक्षिका पदस्थापित हैं ।खबर संकलन के दौरान पाया गया कि दोनों शिक्षिका विद्यालय में उपस्थित नहीं हैं ।इस संबंध में प्रधानाध्यापक रामनाथ राम ने बताया कि एक शिक्षिका अंतोनिया मैडम का आवेदन प्राप्त है वह अस्पताल इलाज के लिए गई हैं। वहीं दुसरी शिक्षिका मीना टोप्पो के द्वारा किसी प्रकार का कोई आवेदन या सूचना नहीं दी गई है । ऐसे में विद्यालय समय से नहीं आना शिक्षिका मीना टोप्पो के अपने दायित्व के प्रति लापरवाह और सिस्टम को ढेंगा दिखाने की बात है।

## संक्षिप्त खबरें

### पड़रुनाला के दो अवैध कोयला खनन मुहानों पर चला पेलोडर

**सिरका :** अरगड्डा पड़रुनाला के समीप सोमवार को दो अवैध कोयला खनन मुहानो पर प्रबंधन द्वारा पेलोडर चला मिट्टी डालकर कर बंद करवाया गया। इस अभियान में सीसीएल सुरक्षा गार्ड जीएम यूनिट, सिरका और पुलिस के जवान शामिल थे। बताया गया कि अवैध खनन मुहानो को लगातार रोक लगाने की कार्रवाई जारी रहेगी। इसमें सीसीएल सुरक्षा गार्ड, माइनिंग सरदार और पुलिस जवान के एसआई समेत सस्त्र जवान उपस्थित थे।

### विभावि कुलपति की कार्यशैली संदिग्ध, छात्र नेता चंदन ने कुलाधिपति को लिखा पत्र

**हजारीबाग :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के विश्वविद्यालय अध्यक्ष चंदन सिंह ने कुलाधिपति सह राज्यपाल को पत्र लिख कर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पिछले तीन वर्षों के गड़बड़झाले को बताया है।उन्होंने कहा है कि योगदान देने के साथ हीं कुलपति ने महँगी गाड़ी खरीदवाई। वहीं सिंडिकेट बुला कर वीसी कोटा को प्रारम्भ किया।जिसमें हुए नामांकन को जेनरल,अनारक्षित कोटे से काट कर नामांकन की गई, जिससे सरकार पर अतिरिक्त छात्रवृती का बोझ पड़ा।कुलपति मुकुल नारायण देव बिना प्रोफ़ेसर हुए अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने नाम के आगे प्रोफ़ेसर की उपाधि का प्रयोग करते रहे।कुलपति ने अपने कार्यकाल में सरकार के आदेशों की अनदेखी कर कर्मियों के वेतन पर रोक लगाने के आदेश को भी अनदेखा किया है।सरकार के द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद कर्मियों को कार्य नहीं करवाने के आदेश को भी इनके द्वारा नहीं माना गया।

### केंद्र सरकार पूंजीवाद की राह पर : मंगलेश

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन घेराव में शामिल हुए। सुधीर मंगलेश ने कहा कि केंद्र सरकार घोर पूंजीवाद की राह पर है। वह अडानी के लिए काम कर रही है, अडानी समूह जनता के पैसे का दुरुपयोग कर रहा है 81 हजार करोड़ एलआईसी का, 27 हजार करोड़ एसबीआई का पैसा कहां गया. केंद्र को इसे बताना चाहिये। कांग्रेस राज्यभर में इसके चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रही है। मौके पर छोटन कुमार रामप्रसाद महतो अमित महतो मुकेश कुमार उतम कुमार करमू कुमार शुभम कुमार आदि मौजूद थे।

### पतरातू में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**पतरातू :** पतरातू बिरसा मार्केट पानी टंकी के समीप महिला विकास कल्याण समिति के सौजन्य से भव्य तरीके से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें पतरातू क्षेत्र से हजारों महिलाओं ने कार्यक्रम में शिरकत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरिता ठाकुर संचालन ज्योति बाला ने किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों ने महिलाओं को आगे बढ़ाने उनके उत्थान आदि पर विशेष चर्चा किये।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख कौशल्या देवी पंचायत समिति सदस्य अनीता जैन पुष्पा कुमारी उपस्थित हुए। मौके पर भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा,कर्णपुरा बुद्धिजीवी मंच के कोऑर्डिनेटर लखींद्र ठाकुर,भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुमन सिंह,भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री अनिता सोनी,महिला समिति से अंजली राय हलधर, ज्योति बाला, मालती देवी, प्रियंका सिंह, तेजस्विनी कुमारी, सोनी देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, समाजसेवी राजेंद्र कुमार महतो, सूरज ठाकुर, नागेश्वर ठाकुर, परमानंद राजीव, रुकवा देवी, सुबासो देवी, सावित्री देवी, विद्या देवी, लुक्मी देवी, संजू कुमारी आदि के साथ क्षेत्र की हजारों महिला पुरुष उपस्थित थे।

---

उपायुक्त ने किया दुलमी व चितरपुर प्रखंड का दौरा

## निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा ने रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड में निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम से अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को ध्यान में रखने एवं जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चितरपुर प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त ने राजकीय मध्य विद्यालय बड़कीपोना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं कि जांच करने के उपरांत बच्चों से उन्हें विद्यालय के माध्यम से मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली एवं सभी को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे मिड डे मील की जांच करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने व रोस्टर का पालन करते हुए बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम सहित अन्य उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साइकिल स्वीकृति समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा ने अपने कार्यालय कक्ष में वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान जिले के सरकारी विद्यालयों के कक्षा आठ में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को साइकिल की स्वीकृति देने हेतु जिला स्तरीय साइकिल स्वीकृति समिति की बैठक की।बैठक के दौरान सिन्हा ने सर्वप्रथम साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि वे सभी विद्यालयों से प्राप्त सूची के विरुद्ध प्रमाण पत्र अवश्य ले वहीं उप विकास आयुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी/अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी योग्य विद्यार्थी लाभ से वंचित ना रहे।

## 26 से आरंभ होगा कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26 कैथा के महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर महादेव मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद देवधारी महतो व संचालन राजेश महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 26मार्च से महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य आरंभ करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि कैथा महादेव मंदिर हमारे पूर्वजों द्वारा बनाया गया है। वर्षा से हम ग्रामीण कैथा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करते रहे हैं।अब समय के साथ हम ग्रामीणों ने कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया है। वहीं कैथा मंडा पूजा के निवर्तमान अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि दशकों से कैथा महादेव मंदिर में हम ग्रामीण आस्था और श्रद्धा से मंडा पूजा करते रहे हैं।साथ अन्य अवसरों पर विधि पूर्वक भगवान का पूजन करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैथा महादेव मंदिर का भव्य तरीके से जीर्णोद्धार कर मंदिर को नया रूप दिया जाएगा।24 मार्च को ग्रामीणों और चटिया के द्वारा विधि पूर्वक पूजन किया जाएगा।और 26 मार्च को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एव रामगढ़ विधानसभा की विधायक सुनिता चौधरी के करकमलों द्वारा जीर्णोद्धार कार्य आरंभ किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से कोलेश्वर महतो,गणेश महतो,डिया महतो,रामप्रकाश महतो, संतोष महतो, बहाली ओहदार, बालिस राम महतो, राजकुमार महतो,ईश्वर ओहदार, अमरलाल करमाली, शोभनाथ महतो, संदीप महतो, रतनलाल महतो, बालमुखी महतो,अरविंद महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## वंशीधर गोप चेंबर चुनाव के मुख्य चुनाव पदाधिकारी निर्वाचित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी की बैठक में सत्र 2023-25 के 15 सदस्य कार्यकारिणी सदस्यों की चुनाव के लिए सर्वसम्मति से बंशीधर गोप (अधिवक्ता) को मुख्य चुनाव पदाधिकारी नियुक्त किया गया एवं आशा की गई कि वह चेंबर के बाइलॉज के अनुसार निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया को निष्पादित करेंगे विदित हो कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स का द्वितीय वर्षीय चुनाव की प्रक्रिया 31 मार्च तक पूर्ण होना थी लेकिन विधानसभा चुनाव के कारण कार्यकारिणी द्वारा इस प्रक्रिया को 15 अप्रैल तक संपन्न कराने का निर्णय लिया गया था जिसके आलोक में आज कार्यकारिणी की बैठक में सत्र 2023-25 के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ की गई आज की बैठक में मुख्य रूप से चेंबर अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी कोषाध्यक्ष दिनेश पोद्दार कार्यकारिणी के सदस्य विनय कुमार अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) वकील सिंह मनजी सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

## बोकारो विधायक का रामगढ़ कोठार ओवरब्रिज के समीप हुआ स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** विगत तीन माह से हजारीबाग केंद्रीय कारा में बंद बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल से मुलाकात करने के लिए मुख्य सचेतक विरोधी दल, झारखंड विधानसभा सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण एवं हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल जेल पहुंचे ओर युवा नेता राजीव जायसवाल से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना. हजारीबाग जानें के क्रम में बोकारो विधायक बिरंची नारायण का रामगढ़ कोठार ओवरब्रिज के समीप राजीव जयसवाल के समर्थकों ने स्वागत किया. मालुम हो की झारखंड के बहुचर्चित गोला आईपीएल आंदोलन में सजा सुनाए जाने के बाद से युवा नेता राजीव जायसवाल हजारीबाग जेल में बंद है. इससे पूर्व भी भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेताओं ने राजीव जयसवाल से जेल जाकर मुलाकात की ओर उनका हाल चाल लिया. तो वही बीजेपी के विधायको का भी दुलमी स्थित उनके घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना. विदित हो की रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत टोनागातू स्थित आईपीएल पॉवर प्लांट में हज़ारों रैयत विस्थापितों के विभिन्न मांगो को लेकर नागरिक चेतना मंच के बैनर तले युवा नेता राजीव जायसवाल के नेतृत्व में वृहद आन्दोलन किया गया था. इस आंदोलन को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित कई दिग्गज नेताओं ने भी अपना समर्थन दिया था.अगस्त 2016 को हुए इस आंदोलन में पुलिस ओर आंदोलनकारियों के बीच झड़प हुई थी।

## पुलिस ने अरगड्डा के बंद आंगनबाड़ी कक्ष से दो पेटी अवैध शराब किया बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा रोलर चौक क्षेत्र के समीप बंद आंगनबाड़ी केंद्र के कक्ष से सोमवार दोपहर करीब तीन बजे रामगढ़ पुलिस ने बंद बोरे में रखें दो पेटी अवैध शराब बरामद किया। जिसे पुलिस ने जप्त कर रामगढ़ थाना ले गई। इस संबंध में रामगढ़ थाना पुलिस एसआई प्यारे हसन ने बताया कि सूचना पर बंद बोरे में ब्लैक रोयस नामक दो पेटी लावारिस शराब बरामद हुई हैं। बताया जाता है कि यह तलाशी बीते दिनों अरगड्डा अंग्रेजी शराब में हजारो के शराब पेटीयां चोरी होने के बाद किया गया। आंगनबाड़ी बंद केंद्र कक्ष में जाकर अरगड्डा अंग्रेजी शराब दुकान के कर्मचारियों ने भी पेटी की पहचान किया। लेकिन बरामद पेटी अपनी होने से इंकार किया हैं।

## पतरातु डैम मे एंटार्टिका कंपनी द्वारा 65 सीटर क्रूज,वाटर स्कूटर एक्का साइकिल,जोगिंग बोल,स्पेडल वोट का हुआ ट्रायल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पतरातु :** पतरातु डैम मे एंटार्टिका कंपनी द्वारा 65 सीटर क्रूज,वाटर स्कूटर एक्का साइकिल,जोगिंग बोल,स्पेडल वोट कायक किंग का ट्रायल की गई। इसके अलावा आइलैंड परिसर में पर्यटकों को हवा में उड़ानें के लिए एंडवेंचर टीम की व्यवस्था की जा रही है। बताते चलें कि यह सभी आइटम पतरातु डैम परिसर में पूरी सेफ्टी सुविधाओं के साथ चालू कर दिया गया। जिससे पतरातु डैम लेक रिसोर्ट पर्यटकों का प्रमुख केंद्र बिंदु बन पायेगा।वहीं एंटार्टिका कंपनी के सीओ ने कहा पतरातु क्षेत्र में पर्यटकों को और भी आकर्षित करने के लिए 15 मार्च को प्रचार प्रसार की टीम आएंगे जो आसपास के जिले सहित रांची क्षेत्र में प्रचार प्रसार और होडिंग लगाने का कार्य भी करेंगे। कंपनी का मुख्य उद्देश्य है यहां ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों को आने के लिए आकर्षित करना ताकि क्षेत्र का डेवेलपमेंट हो और रोजगार का साधन बढ़े। ज्ञात हो कि राज्य के प्रमुख पर्यटक स्थल क्षेत्र में पतरातु डैम लेक रिसोर्ट प्रमुख केंद्र होगा। जिसे लेकर दुबई में हुई एक वोट शो कार्यक्रम के दौरान कंपनी के द्वारा पतरातु लेक रिसोर्ट को दुबई में प्रमोट करने का कार्य किया गया है। कंपनी के एमडी का भी मुख्य उद्देश्य है कि विश्व स्तर पर अपने देश को बेहतर रूप में प्रमोट किया जाए।इसी के तहत सोमवार को एंटार्टिका कंपनी द्वारा डैम परिसर में 65 सीटर क्रूज वोट,एक्का साइकिल, पैडल साइकिल।

## यूपीए की सरकार बनते हीं निजी किए गए संस्थानो को सरकारी किया जाएगा : डॉ आरसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भाजपा एवं ईडी के खिलाफ कांग्रेस का 14 मार्च को राजधानी रांची में राज भवन का घेराव एवं विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया गया है। सरकार एलआईसी, रेल,जहाज, बैंक,स्कूल कॉलेज इत्यादि संस्थाओं के निजीकरण में लिप्त है। जिसे एनडीए की सरकार बनते ही सरकारी कृत किया जाएगा। उक्त बातें राज भवन के घेराव के दरमियान कांग्रेस के हेल्थ विभाग के प्रमडलीय अध्यक्ष एवं हजारीबाग विधानसभा के कांग्रेस उप विजेता डॉ आरसी मेहता ने कहा। उन्होंने कहा की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, मंत्री आलमगीर आलम, बादल पत्र लेख, बन्ना गुप्ता, रामेश्वर उरांव एवं प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी गण सभी जिला अध्यक्ष प्रकोष्ठ प्रभारी के द्वारा भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ राज भवन का घेराव किया गया।

## नगर निगम की विसंगतियों पर आप ने दिया धरना




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** निगम क्षेत्र की समस्याओं के साथ 20 सूत्री मांग को लेकर एकदिवसीय धरना आम आदमी पार्टी के द्वारा दिया गया।अध्यक्षता देव चौहान ने की। मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय उपस्थित थे। संचालन प्रशांत कुमार वर्मा ने की।मौके पर सच्चिदानंद पांडेय ने कहा कि नगर निगम सिर्फ वसूली का निगम बन कर रह गया है। शहर व्यवस्था विहीन हो गया है,नगर निगम नरक निगम हो गया है।

## शिवांगना मेला महासमिति का चुनाव संपन्न,गौतम बनें अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर प्रखंड स्थित बैहरी,सखिया शिव मंदिर के प्रांगण में शिवांगना मेला महासमिति की बैठक रितेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई ।यहां पर 12 से 14 अखाड़ों की झांकियां नवमी की रात मे आयेगी और अच्छे प्रदर्शन करने वाले झांकियो को पुरस्कृत दिया जाएगा ।बैठक में कमिटी का गठन हुआ, जिसमे गौतम कुमार को अध्यक्ष, सचिव सुनील कुमार देव,उपसचिव अविनाश कुमार एवं प्रेमजी, मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार ,उपाध्यक्ष रोहित यादव एवं राजेश मेहता, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, उप कोषाध्यक्ष उमेश कुमार एवं गोपाल कुमार चुने गए। संरक्षक समाजसेवी मुन्ना सिंह बनें। बैठक में सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह पूर्व मुखिया अरुण यादव , समाजसेवी रितेश कुमार सिन्हा, मुखिया पवन यादव , अशोक कुमार महतो, एनसीपी नेता हुलास महतो , पूर्व सरपंच सुभाष यादव, ईश्वर महतो, जानकी महतो, राजेश कुशवाहा, मनोज सिन्हा, राजू सिन्हा ,दिनेश कुमार ,शैलेंद्र राम, उपेंद्र कुशवाहा ,अभिक कुमार, महेंद्र साव, रोहित कुमार समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए ।

## युवा नेता राजीव जायसवाल से मुलाकात को विधायक बिरंची नारायण व मनीष जायसवाल पहुंचे केंद्रीय कारा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** विगत तीन माह से जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद बीजेपी रामगढ़ के युवा नेता राजीव जायसवाल से मुलाकात करने के लिए मुख्य सचेतक विरोधी दल, झारखंड विधानसभा सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण और हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल सेंट्रल जेल पहुंचे। जहां उन्होंने जायसवाल से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। ज्ञात हो की झारखंड के बहुचर्चित गोला आईपीएल आंदोलन में सजा सुनाए जाने के बाद से युवा नेता राजीव जायसवाल हजारीबाग जेल में बंद है। इससे पूर्व भी भाजपा के कई बड़े नेताओं और अन्य हस्तियों ने राजीव जयसवाल से जेल जाकर मुलाकात की और उनका हाल चाल लिया था। कई बीजेपी नेताओं ने उनके दुलमी स्थित पैतृक घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम भी जाना। विदित हो की रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत टोनागातू स्थित आईपीएल पॉवर प्लांट में हज़ारों रैयत विस्थापितों के विभिन्न मांगों को लेकर नागरिक चेतना मंच के बैनर तले युवा नेता राजीव जायसवाल के नेतृत्व में वृहत जनआन्दोलन किया गया था। इस आंदोलन को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित कई दिग्गज नेताओं ने भी अपना समर्थन दिया था।

## सीसीएल अरगड्डा मैंगजीन के समीप झाड़ियों में फैला आग, हताहत नहीं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा मैंगजीन के आस-पास सोमवार को दोपहर झाड़ियों में आग फैल गया। जिससे धुओं का गुब्बारा आसमान में उड़ने लगा। पौधों, झाड़ियों के राख जलकर वातावरण में उड़ने लगे। सुरक्षा विभाग सिरका सूत्रों ने बताया कि अरगड्डा मैंगजीन में किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखे जाते हैं। जिससे बड़ा खतरा का अंदेशा उत्पन्न नहीं हुआ।

## संयुक्त संचालन समिति बनाकर हिस्सेदारी मांगना न्यायसंगत नहीं कुलदीप यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** स्थानीय विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष कुलदीप यादव ने चार गांव के कुछेक लोगों द्वारा संयुक्त संचालन समिति बनाकर सेल में हिस्सेदारी मांगने को उचित नहीं बताते हुए इसका विरोध किया है। सोमवार को कुलदीप यादव ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि स्थानीय विस्थापित मोर्चा भी बलकुदरा, कुरसे सहित 15-20 गांव के लोग शामिल हैं। पूर्व में विस्थापित-प्रभावित 15-20 गांव के सैंकड़ों महिलाएं मेरे नेतृत्व में बलकुदरा खदान में दिन भर भूखे-पियासे रहकर खदान को बंद कराने के आंदोलन में शामिल होकर जुलुस के शक्ल में रोजगार देने की मांग की थी। इस आंदोलन के बाद ही लोकल सेल खुल रहा है ताकि रोजगार मिल सके। ऐसे में कुछेक लोगों द्वारा संयुक्त संचालन समिति बनाकर सेल में हिस्सेदारी मांगने की बात कहीं से भी उचित नहीं हैं।

रामनवमी पर थोपे जा रहे सरकारी फरमान पर सदन में भड़के विधायक मनीष बोले

## बंदिशों के तुष्टिकरण से रामनवमी के ऐतिहासिक स्वरुप को बदलने की हो रही साजिश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** सोमवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी की परंपरा को अक्षुण्ण रखने को लेकर सदन पटल पर पुरजोर तरीके से आवाज बुलंद की और राम भक्तों की भावनाओं को सदन के माध्यम से सरकार को अवगत कराया। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग का रामनवमी विश्व विख्यात है और पिछली भाजपा सरकार ने साल 2017 और 2018 में हेलीकॉप्टर से रामनवमी जुलूस पर पुष्प वर्षा कराकर राम भक्तों का सम्मान किया था लेकिन वर्तमान सरकार के इशारे पर हजारीबाग जिला प्रशासन द्वारा रामनवमी के पूर्व हजारीबाग जिले के विभिन्न थाना इलाकों से करीब 5हजार से अधिक लोगों को 107 का नोटिस भेजा गया है। हजारीबाग जिला प्रशासन डीजे बंद कराने का फरमान जारी कर रही है और डीजे व्यवसाई एवं राम भक्तों को डरा धमका रही है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हर सनातनी अपने आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाता है ।

## हजारीबाग यूथ विंग के प्रयास से 24 घंटे के अंदर लगाया गया तिरंगा





प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** देश के गौरव व सम्मान के प्रतीक सौ फीट ऊंचाई पर लगाया गया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा रेलवे स्टेशन पर सोमवार की सुबह शान से लहराता नजर आया।बता दें कि तिरंगा रविवार से गायब था।जिसे लेकर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक ने ट्विटर के माध्यम से रेल मंत्री सहित अन्य अधिकारियों को सूचित किया। जिसके पश्चात रेलवे सेवा की ऑफिशियल आईडी से डीआरएम धनबाद को संबंधित अधिकारियों को सूचित करने का निर्देश दिया गया। जिसके पश्चात डीआरएम धनबाद ने वरिष्ठ मंडल अभियंता सीनियर ऑफिसर को इस पर ध्यान देने के लिए कहा जिसके एक घंटा के पश्चात सीनियर ऑफिसर के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को लगाकर उसकी तस्वीर साझा की गई। 24 घंटा के उपरांत राष्ट्रीय ध्वज अपने निर्धारित स्थान पर लहरता नजर आया।इधर रेलवे स्टेशन पर तिरंगा लहरता देख हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, अध्यक्ष लखन खंडेलवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, वरिष्ठ समाजसेवी जय प्रकाश खंडेलवाल, वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, शनि देव, डॉ वी वेंकटश,राज वर्मा, विकास तिवारी, अजीत चंद्रवंशी सहित कई लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मोटोरोला ने अपने मोटो जी73 5जी हैंडसेट के साथ 5जी मार्किट सेगमेंट में मचाई हलचल

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोटोरोला ने अपनी जी सीरीज फ्रेंचाइजी में, मोटो जी73 5जी नाम से नया 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने की घोषणा की। इस नए मोटो जी73 5जी के साथ कैमरे से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया गया है, इसमें अल्ट्रा पिक्सेल टेक्नोलॉजी के साथ एडवांस्ड, फ्लैगशिप ग्रेड का 50एमपी कैमरा है। पिछली जेनेरशन की तुलना में इसके 1.5 गुना बड़े पिक्सेल का उपयोग करके अब आप शार्पर एवं ब्राइटर रिजल्ट्स के लिए अधिक लाइट का इस्तेमाल कर अपने ग्राम के लिए शानदार पिक्चर्स को कैप्चर कर सकते हैं। इसके अल्ट्रा-वाइड-एंगल के साथ अब आपकी आंखें जो देखना चाहती हैं उसे कैप्चर करने के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि एक स्टैंडर्ड लेंस की तुलना में यह आपके फ्रेम में सीन को 4 गुना अधिक फिट बैठाता है।इसके अलावा, परफॉरमेंस को बूस्ट करने और एक सीमलेस एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए, मोटो जी73 5जी भारत के पहले मीडियाटेक डायमेंसिटी 930, जो कि इस सेगमेंट में सबसे तेज एवं सबसे शक्तिशाली ऑक्टा-कोर प्रोसेसर है तथा 2.2गीगाहर्ट्ज तक की फ्रीक्वेंसी की पेशकश के साथ संचालित होता है।




## ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज में आयोजित हुआ 12 वीं के छात्रों का विदाई समारोह

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीडब्ल्यूडी चौक स्थित ज्ञान ज्योति मेमोरियल महाविद्यालय हजारीबाग में इंटर आर्ट्स के 12 वीं के विद्यार्थियों को 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह किया गया। मुख्य अतिथि जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर विनय कुमार एवं प्राचार्य शंभू कुमार उपस्थित हुए द्यमौके पर विनय कुमार ने विद्यार्थियों को परीक्षा में बिना स्ट्रेस लिए तैयारी करने की सलाह दी। समारोह में उपस्थित प्राचार्य शंभू कुमार ने परीक्षा में अधिक अंक लाने का रहस्य बताया द्यसमारोह को सफल बनाने में जीएम ग्रुप ऑफ आर्ट्स के शिक्षकों रंजन कुमार,उमेश ठाकुर दयानन्द यादव, विनय कुमार मेहता, दीपेन्द्र कुमार, , उर्मिला राणा, नीलिमा कुजूर, रितु कुमारी, संहिता कुमारी एवं पुष्पांजलि कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थें। समारोह में 11 वीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## राम नवमी पूजा समिति का हुआ गठन शंकर बने पूजा समिति के अध्यक्ष

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी अंतर्गत ग्राम बड़ासिंगा में राम नवमी पूजा की तैयारी को लेकर एक बैठक किया गया बैठक की अध्यक्षता बेलकप्पी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पाण्डेय जबकि संचालन टुकलाल नायक ने किया बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष शंकर साव,उपाध्यक्ष मनोज राणा,सचिव गणेश नायक कोषाध्यक्ष सोनू पाण्डेय को बनाया गया।जबकि शोभा समिति के अध्यक्ष संजय साव सचिव अर्जुन राणा को चुना गयापूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर कई निर्णय लिये गये, सभी ग्रामीणों के द्वारा सर्वसम्मति से शराब सेवन पर पाबंदी लगाई गईपर उप मुखिया छत्रधारी ठाकुर,वार्ड सदस्य नरेश ठाकुर,तालेश्वर पाण्डेय,अशोक राणा,अर्जुन ठाकुर,द्वारिका नायक,नंदू राणा रामेश्वर राणा,कुलदीप पाण्डेय,अर्जुन नायक, दिलीप मोदी,मनीष पाण्डेय,दिनेश रविदास, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी

**निविदा स्थगन**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना संख्या–43/2022–23 जिसका पी0आर0 संख्या 291104 RURAL DEVELOPMENT (2021-22).D को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। इस निविदा की सूचना शीघ्र प्रकाशित किया जायेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू समझा जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी

PR 292408 Rural Development(22-23).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, (एन.आर.ई.पी.), चतरा ।

Email Add: nrepchatra@gmail.com

**रद्द संबंधित सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांक – 172/NREP चतरा दिनांक– 23.02.2023 द्वारा राज्य योजना अनावद्व निधि अन्तर्गत प्रखंड–चतरा, पंचायत–चतरा, ग्राम–चतरा, फांसी तालाब में कांक्रीट बेंच, डेस्क एवं पेवर ब्लॉक पथ निर्माण कार्य हेतु प्रकाशित ई–अति अल्पकालीन् निविदा सूचना संख्या EE/NREP/CHATRA/09/2022-23 दिनांक 23.02.2023 (PR No.- 291108 NREP (22-23).D को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यापालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा।

PR 292378 NREP(22-23)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/KHUNTI/45/2022-23 PR No. 290898 RURAL DEVELOPMENT (2022-23) के निविदा के शर्तों में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

1. Bidding Document के Page No.-05 के कंडिका A (Techical Bid) (ix) 1.5 Times of Proposed Work के स्थान पर Work value का 50% Payment एक वित्तीय वर्ष में अनिवार्य होगा।
2. Bidding Document के Page No.-13 के कंडिका 13 (S) में Additional Performance Security की मांग गई है। इसकी आवश्यकता एकरारनामा के समय होगी।
3. Bidding Document के Page No.-14 के कंडिका-27 की आवश्यकता नही होगी।
4. Bidding Document के Page No.-14 के कंडिका–29 की आवश्यकता नहीं होगी।

शेष अन्य सभी शर्ते यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी

PR 292463 Rural Development(22-23).D

बड़कागांव थाना परिसर में मंगला जुलूस और रामनवमी को लेकर शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई

# डीजे पर प्रतिबंध है, अगर कहीं डीजे बजाया जाता है तो होगी कारवाई : विनोद तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** थाना परिसर बड़कागांव में रामनवमी और मंगला जुलूस को लेकर शांति समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी गांव के अध्यक्ष सचिव और रामनवमी अखाड़ा के लाइसेंस धारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय एवं संचालन थाना प्रभारी विनोद तिर्की के द्वारा किया गया। बैठक में रामनवमी और मंगला जुलूस को लेकर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान सभी अखाड़ा के लाइसेंसधारियों से लाइसेंस की जानकारी ली गई। मंगला जुलूस के समय को लेकर अखाड़ा के लोगों को विशेष निर्देश दिया गया। मौके पर सभी वक्ताओं ने कहा के आपसी सौहार्द के साथ हिंदू मुस्लिम एकता को बनाए रखते हुए महा रामनवमी पर्व को मनाना है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने



शराब पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय ने कहा के जहां पर परंपरागत रूप से मंगला जुलूस निकलता है वहीं पर मंगला जुलूस निकाला जाएगा। जहां पर मंगला जुलूस निकाला जाएगा उसका सूचना थाना को पहले ही देना आवश्यक है। मंगला जुलूस किसके नेतृत्व में निकाला जाएगा और समय निर्धारित कर थाना को सूचित कर दें। वोलेंटियर्स का सूची बना कर थाना में जमा करवा दें।इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने कहा के सरकार का जो दिशानिर्देश है उसी के अनुसार मंगला और रामनवमी जुलूस का आयोजन करें। रामनवमी का त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रूप से बड़कागांव में संपन्न कराया जाए इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। रामनवमी जुलूस के मार्गो का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा के निर्धारित मार्ग से जुलूस निकाले नए मार्ग का निर्धारण न करें। डीजे पर प्रतिबंध है अगर कहीं डीजे बजाया जाता है तो उसपर निश्चित रूप से करवाई की जाएगी। असामाजिक तत्व के बारे में थाना को अवगत कराएं खुद से किसी तरह का निर्णय न लें। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। ऐसे असामाजिक तत्वों पर निश्चित रूप से करवाई की जाएगी। दूसरे समुदाय के भावनाओं का खयाल रखते हुए अश्लील, भड़काऊ, और उत्तेजक गाना न बजाएं।मौके पर मुख्य रूप से एसआई चनेश्वर किस्कू, अभय कुमार, प्रदीप कुमार महतो, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बड़कागांव मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी, बड़कागांव पश्चिमी जिप सदस्य यास्मीन निशा, उप प्रमुख बचनदेव महतो, अंचल निरीक्षक अनोज कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत महतो, बड़कागांव मध्य मुखिया तकरीमउल्लाह खान, रामकृष्ण शुक्ला सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस के निमित्त झारखंड मुक्ति मोर्चा ने की बैठक

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक हजारीबाग परिसदन में जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें केंद्रीय समिति के सदस्य गण, जिला समिति के पदाधिकारी एवं प्रखंड अध्यक्ष, सचिव एवं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष, सचिव एवं सक्रिय कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए।बैठक में आगामी 4 अप्रैल को पार्टी का 44वां स्थापना दिवस मनाने एवं सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि आगामी 4 अप्रैल को जिले के सभी प्रखण्ड एवं नगर में संयोजक मंडली बनाकर स्थापना दिवस की तैयारी एवं सभी 16 प्रखंडों और हजारीबाग नगर में फ्लैक्स होडिंग लगाने के साथ हीं प्रखंडों में दीवाल लेखन कर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाएगा। बैठक में मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय नेता डॉ कमल नयन सिंह, टेकोचन्द महतो, दिलीप वर्मा, मो इजहार, राजेश टुडू, रफीक अंसारी, रामकिशोर मुर्मू, जिला कोषाध्यक्ष नईम रही, जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, जिला संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता, बबलू पासवान, भगिनाथ महतो, इचाक बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर मेहता, राम प्रवेश सिंह, उमेश गुप्ता, कमाल कुरैशी, अरशद खान, सगीर खान, नगर अध्यक्ष इख्तियार अहमद, आदिल हुसैन, समेत सैकड़ों नेता कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## छावनी परिषद चुनाव को लेकर नईसराय में हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** छावनी परिषद वार्ड चुनाव की सरगर्मी तेज हो चुकी है। इसी के तहत वार्ड 2 अंतर्गत नईसराय में एक आवश्यक बैठक हुई। इसमें नईसराय अंजुमन कमेटी और मंदिर कमेटी के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह समाजसेवी अरविंद जायसवाल की पत्नी सुनीता जायसवाल को वार्ड नंबर 2 के लिए प्रत्याशी घोषित किया गया। साथ ही मौजूद लोगों ने उन्हें चुनाव जिताने के संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि 1997 में जिस प्रकार अरविंद जायसवाल को भारी बहुमत से चुनाव जीता कर कैंटोनमेन बोर्ड भेजा गया, उससे अधिक मतों से उनकी पत्नी को चुनाव जिताना है। ताकि संपूर्ण वार्ड का तेजी से विकास के साथ सामाजिक सद्भाव स्थापित हो सके। वक्ताओं ने कहा कि सुनीता जायसवाल के पति अरविंद जायसवाल और ससुर जगमोहन साव पूर्व में कई बार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनके कार्यकाल में सभी समुदाय और समाज के लोगों को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया गया था। वर्तमान में भी ऐसे जनप्रतिनिधि का वार्ड 2 में जरूरत है।

## सरहुल पूजा को ले करमाली टोला में आदिवासी समाज की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अपनी वास्तविक गौरवशाली इतिहास बताने, संस्कृति, हक-अधिकार पर होने वाले घुसपैठ पर सतर्क करने और सरहूल पूजा को ले रविवार को पटेलनगर भुरकुंडा स्थित करमाली टोला में आदिवासी समाज की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से श्याम सुंदर करमाली, देवानंद बेदिया, गुलाब करमाली उपस्थित थें। बैठक में सरहुल पूजा की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसमें सर्वसम्मति निर्णय हुआ कि पटेलनगर करमाली टोला से जुलूस झांकी निकली जाएगी। इसके तहत 24 मार्च को करमाली टोला सरना स्थल में विधिवत पूजा एवं 25 मार्च को भव्य जुलूस का निकाला जायेगा। इस दौरान महिलाएं-पुरूष व बच्चे पारंपरिक वेषभूषा में वाद्ययंत्र, तीर-धनुष, फरसा आदि पारंपरिक हथियार के साथ जुलूस में सैंकड़ों लोग शामिल होंगे। मौके पर श्रीनाथ करमाली, संतोष राम, विक्रम करमाली, पृथ्वीराज करमाली, राजकुमार गोंड़, उमेश मुंडा, अरुण करमाली, शशि करमाली, अदित्य करमाली, संजय करमाली, भास्कर करमाली, रतन करमाली, नंदु करमाली, चंचल करमाली, रविन्द्र करमाली, राजेश करमाली, प्रेम किशन, विकास करमाली, सन्नी लोहरा, छोटा राजन, अरविंद करमाली, तिलो देवी, सरिता देवी आदि मौजूद थें।

## 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण जल्द सुनिश्चित करने के लिए कराया जाए जाति आधारित जनगणना : अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद ने ओबीसी समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण जल्द सुनिश्चित कराने के लिए जाति आधारित जनगणना कराने की मांग बजट सत्र के दौरान विधानसभा में रखी।विधायक अंबा प्रसाद ने प्रश्न करते हुए यह कहा था कि पूरे देश में आरक्षण संबंधी मात्र तमिलनाडु राज्य का विधेयक को नौवीं अनुसूची में 90 के दशक में रखा गया था और उसके बाद इस प्रकार के आरक्षण विधेयक को नौवीं अनुसूची में जगह नहीं मिली है। अंबा प्रसाद के पूछे गए प्रश्न पर सरकार ने बताया कि तमिलनाडु राज्य के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर आरक्षण संबंधित मामले को 76 वे संविधान (संशोधन) अधिनियम 1994 द्वारा संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया गया।विधायक ने इस अवसर पर कहा कि ओबीसी आरक्षण की सीमा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा पारित विधेयक जिसे माननीय राज्यपाल के पास नौवीं अनुसूची में शामिल करने के उद्देश्य से भेजा गया है उसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए जाति आधारित जनगणना अति आवश्यक है। झारखंड राज्य के आरक्षण संबंधी मामला को भी संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के मामले पर देरी हो रही है। इसीलिए ओबीसी समुदाय का 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कराने के लिए जाति आधारित जनगणना पूरे राज्य में कराया जाए ताकि उक्त विधेयक नौवी अनुसूची में जल्द से जल्द शामिल हो अथवा नौवीं अनुसूची में शामिल ना होने की स्थिति में माननीय उच्च व सर्वोच्च न्यायालय से इसकी स्वीकृति करायी जा सके।

## हज यात्रा से लौटे सेराज अंसारी का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के सेराज अंसारी 20 दिन पहले हज करने मक्का गए हुए थे। जो सोमवार को अपना घर वापस लौटे। वहीं उनके समुदाय के लोगों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही करियातपुर बाजार से गाजे - बाजे के साथ पद यात्रा करते हुए धनवार तक सैकड़ों लोग उनके साथ रहे। जिसमे बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम भी शामिल हुए। वहीं मो कयूम ने बताया की हज, मक्का की तीर्थयात्रा, पांचवा स्तंभ है और दुनिया में इस्लामी आस्था और एकता का सबसे महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है। उन मुसलमानों के लिए जो मक्का की यात्रा करने के लिए शारीरिक और आर्थिक रूप से सक्षम है, हज जीवन में एक बार का कर्तव्य है जो उनके धार्मिक जीवन का चरम है। इस दौरान पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, इम्तियाज अंसारी, मो अख्तर, मो शमीम, मो साहेब, मो सरताज अंसारी, मो वसीम अंसारी, मो नईम अंसारी, मो अयूब अंसारी, मो रफीक अंसारी, मिस्टर अंसारी एवं मो कमरुद्दीन अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रखंड क्षेत्र के गयपहाडी में संत समागम में सम्मिलित हुए पूर्व विधायक

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत गयपहाडी में टेकामन महतो,अर्जून प्रसाद,सहदेव प्रसाद बालगोविन्द प्रसाद द्वारा संतपति स्वामी शिवनारायण चैरिटेबल ट्रस्ट(पंजिकृत) के सन्तों द्वारा दो दिवसीय स्वामी शिवनारायण विचरित दगुरु अन्यास ज्ञान दीपक ग्रंथ पाठ सत्संग प्रवचन एवं संत समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव बतौर मुख्यातिथि सम्मिलित हुए,वहीं आगंतुक संतो ने मंत्रोच्चार से क्षेत्र के चारों ओर भक्तिमय बना दिये।संत समागम में भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित होकर संतो के वचन सुनें।मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी आदि थे ।

### कार्यालयः- जिला परिषद, लातेहार।

**विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24**

**सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला एवं शुक्रवारीय हाट बाजार चन्दवा (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक) | चन्दवा | 17/03/2023 | 11:00 AM | 2975817.00 | 298000.00 |
| 2 | बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक) | चन्दवा | 17/03/2023 | 11:30 AM | 1859875.00 | 186000.00 |
| 3 | सुलभ शौचालय, चन्दवा। (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक) | चन्दवा | 17/03/2023 | 12:00 PM | 644.00 | 500.00 |
| 4 | बस पड़ाव बालूमाथ। (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक) | बालूमाथ | 17/03/2023 | 12:30 PM | 1239930.00 | 124000.00 |
| 5 | बस पड़ाव बरवाडीह। (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक) | बरवाडीह | 17/03/2023 | 01:00 PM | 79281.00 | 8000.00 |
| 6 | बस पड़ाव महुआडांड। (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक) | महुआडांड | 17/03/2023 | 01:30 PM | 932000.00 | 93500.00 |
| 7 | सुलभ शौचालय महुआडांड। (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक) | महुआडांड | 17/03/2023 | 01:30 PM | 20000.00 | 2000.00 |

नोट :– 1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर **दिनांक 18/03/2023 को अपराहन् 12:00 बजे** तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः **दिनांक 20/03/2023 को अपराहन् 12:00** बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR 292388 (Rural Development) 22-23 (D)

### कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 04/2022-23 (2nd call) Date – 13-03-2023

कार्य का विवरण–

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | निविदा शुल्क (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Paver Block Approach Road of Pradhan Mantri Awash( vertical-III) Building in ward no -3 Tilaiya basti under jhumritelaiya nagar parishad- koderma | 18,24,100.00 | 36,500.00 | 5000.00 | 120 दिन |
| 2. | Construction of RCC Drain From Manohar Press to nandi baba chowk to culvert near darji mohalla in ward no. 12 under Jhumritiliaya Nagar Parishad - Kodarma | 19,96,000.00 | 40000.00 | 5000.00 | 120 दिन |

3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 20.03.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.03.2023 अपराहन 5.00 बजे।
5. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 27.03.2023 अपराहन 4.00 बजे (स्थान कार्यालय नगर परिषद झुमरी तिलैया)
6. निविदा खोलने की तिथि : 27.03.2023 अपराहन 5.00 बजे।
7. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9798062988
8. नगर विकास एवं आवास विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
9. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।

नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 292446 Urban Development(22-23)#D

### कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

Tender Notice No. 06/2023 Date: 11/03/2023

**E-Tender notice**

Civil Surgeon cum CMO, Koderma invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through E-tender from the registered and eligible bidders for Fire Safety work at Sadar Hospital, Koderma.

**e- Tender For Fire Safety Work at Sadar Hospital, Koderma.**

**DETAILED TENDER NOTICE**

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Bid | 14-03-2023 |
| Bid Submission Start Date | 18-03-2023 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 24-03-2023 02:00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 25-03-2023 03:00 PM |
| Date of Opening of Financial Proposal | To be notified Later |
| Application Fee (Non-Refundable) | 5,000 in favour of District Health Society, Koderma Payable at Koderma |
| Earnest Money Deposit | 1,00,000.00 in favour of District Health Society, Koderma Payable at Koderma |
| Contact/Helpline No. | 87099-47026 (Working days Time 10:00 AM to 05:00 PM) |

Note:
1. The purchase committee reserves the rights to reject or make the neccssary Changes. The same shall be informed to the tendered as and when required.
2. Detailed Bid document can be seen, downloaded and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only. Hard copies of Technical Bid & Fivancial Bid will not be entertained except original/Application Fee & Earnest Money Deposit.

PR 292400 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)D

Civil Surgeon cum CMO, Koderma.

### कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

**अति अल्पकालीन**

**डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–02/2023**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत,डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में (दिनांक–01.04.2023 से 31.03.2024 तक के लिए ) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एंव समय के अनुसार दिनांक–24.03.2023 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2023–24 लिए | जमानत की राशि 10% | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैम्पु स्टैण्ड (कोडरमा/तिलैया की ओर जाने वाले टैम्पु) | 167659.00 | 16766.00 | दिनांक–24.03.2023 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से |
| 2 | टैम्पु स्टैण्ड (नवलशाही/गिरिडीह की ओर जाने वाले टैम्पु) | 57280.00 | 5728.00 | दिनांक–24.03.2023 को 12:30 बजे पूर्वाह्न से |
| 3 | सब्जी बाजार | 138820.00 | 13882.00 | दिनांक–24.03.2023 को 01:30 बजे पूर्वाह्न से |
| 4 | टैक्सी बस स्टैण्ड | 329780.00 | 32978.00 | दिनांक–24.03.2023 को 02:30 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एंव विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR.NO.292362 Urban Development(22-23):D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA

**e-Procurement Notice**

e-Tender Reference No. RCD/GUMLA/ Date :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Widening/Strengthening to 2- lane of Chainpur-Mahuadarn upto Dumri Road (MDR-36) (Total Length-11.580km) job no - CRF-JHR-2022-23/57 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | **Rs.- 67,23,78,486.00 (Rs. Sixty seven Crore twenty three lakh seventy eight thousand four hundred eighty six )** Only. |
| 3. | Time of Completion | **30 Months** |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 20.04.2023 Up to 12:00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 22.03.2023 From 10:30 A.M. |
| 6. | Opening Date of Tender | 21.04.2023 12.30 PM |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Gumla. |
| 8. | Contact no. of e-Procurement officer | 06524-222097 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

1. Tender amount can be increased or decreased.
2. Details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
RCD, Road Division, Gumla.

PR292423 (Road)22-23*D

## दिव्यांग बच्चों को रोजगार से जोड़ स्वावलंबी बनाने के पहला कदम के प्रयासों की प्रशंसा

**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** सोमवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में जमशेदपुर से मारवाड़ी महिला संस्था की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल, प्रदेश सचिव प्रभा पांड्या, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष तथा पहला कदम स्कूल की अध्यक्ष रेनु दुदानी, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनीता बंसल, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुशीला खिरवाल का आगमन हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत-सम्मान स्कूल की परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर तथा तुलसी पौधा देकर किया गया। अतिथियों ने पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों के उत्थान के लिए सारे गतिविधियों तथा कार्यप्रणाली के बारे में देखा- जाना।दिव्यांगता के क्षेत्र में बच्चों को दिए जाने वाले शिक्षण-प्रशिक्षण को देखकर सचिव अनिता के दिव्यांगों को रोजगार से जोड़ स्वावलंबी बनाने के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण एवं उनके सामाजिक विकास में बहुत ही सराहनीय कार्य है इस महत्वपूर्ण कार्य में सदैव उन सबका सहयोग रहेगा। अतिथियो को सचिव अनिता ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के पश्चात बच्चों के फाइनल एग्जाम के रिजल्ट के साथ पेरेंट्स टीचर मीटिंग भी रखी गई थी। सचिव अनीता ने कहा सामान्य बच्चों की तरह हमारे बच्चों में रिजल्ट को ले उत्साह दिखा। कुछ बच्चों के चेहरे रिजल्ट पा खुशी से झूम उठे तो कुछ को बहुत मेहनत करने की जरूरत दिखाई दी। पाटलिपुत्र सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. निखिल ड्रोलिया तथा डॉ.विदिशा ड्रोलिया ने भी पहला कदम में अपने शादी की सालगिरह की खुशियाँ पहला कदम स्कूल के बच्चों संग बाँटी। सचिव अनीता ने कहा यह बहुत ही खुशी कि बात है कि समाज के सभी प्रतिष्ठित तथा हर वर्ग के लोग स्कूल विज़िट कर हमारे बच्चों का मनोबल बढ़ा रहे है। पूरे पहला कदम परिवार ने निखिल ड्रोलिया एवं विदिशा ड्रोलिया को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दी।

## झंडा मैदान में छह दिवसीय श्रीमद भागवत कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा

**गिरिडीह( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** गिरिडीह शहर के झंडा मैदान में सोमवार को छह दिवसीय श्रीमद भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा निकाली गयी. गिरिडीह के पुराना जेल परिसर से निकले कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई। कलश यात्रा मंदिर से निकल कर शहर भ्रमण करते हुए उसरी नदी पहुंची, जहां महिलाओं और युवतियों ने पुजारी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा, और वापस मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ. गाजे-बाजे के साथ निकले कलश यात्रा में इस दौरान देवी-देवताओं के जयकारे भी खूब लगाए जा रहे थे. श्रीमद भागवत कथा में भक्तों के बीच कथा का श्रवण कराने बाहर से कथावाचक भी आ चुके हैं. सोमवार की शाम से अगले छह दिनों तक श्रीमद भागवत कथा के जरिए शहर में भक्ति की रसगंगा बहेगी।

## बिजली बिल बकाया को लेकर विभाग करेगी छापामारी

**बेंगाबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** प्रखंड के ऐसे बिजली उपभोगता जिनका बिल बारह हजार से अधिक है उनके ऊपर विभाग करवाई की तैयारी कर रही है। मार्च क्लोजिंग के कारण विभाग ने सुचना जारी करते हुवे कहा है की जिन उपभोगता का बारह हजार से अधिक बिल वाले उपभोगत्ता के घरों में छापामारी कर सकती हैं, बदवारा मुखिया प्रतिनिधि ने इस करवाई से बचने के लिए पंचायत के लोगो से अपील किया है की छापामारी से बचने के लिए तथा अधिक बाकि राशि से राहत पाने के लिए कल 14 मार्च को पारडीह कैम्प में पहुंचकर कम से कम 1000-500 जमा कर अपडेट रहें ताकि विभागीय कार्यवाई से बचा जा सके। काफी ऐसे उपभोगता है जिन्होंने सालो से बिल भरा नहीं है ऐसे में विभाग की यह करवाई कई उपभोगता पर गाज के रूप में गिरने वाली है।

## सांसद खेल महोत्सव की सफलता को लेकर रागिनी सिंह की अध्यक्षता में बैठक

**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** सोमवार को धनबाद लोकसभा क्षेत्र में होने वाले सांसद खेल महोत्सव को लेकर झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह की अध्यक्षता एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। ज़हां झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जेलगोरा स्थित बीसीसीएल स्टेडियम में होने वाले सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर विशेष चर्चा हुई। साथ ही इस खेल महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने कहा कि यह बहुत गर्व का विषय है कि सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ झरिया विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है।

### सरिया अंचल कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## कार्रवाई की मांग, मिला आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सोमवार को माले नप कमिटी के प्रतिनिधिमंडल ने सूबे के मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन व बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह से विधानसभा सत्र के दौरान मुलाकात कर सरिया अंचलाधिकारी के रवैये से आम जन मानस को हो रही परेशानी के संबंध में अवगत करवाया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य तौर पर माले नेता जिम्मी चौरसिया व विशाल गंभीर शामिल थे ।

इस बाबत माले नेता विशाल गंभीर ने बताया की सरिया अंचल क्षेत्र से लगातार पार्टी को शिकायत मिल रही थी की अंचल अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी द्वारा प्रत्येक कार्य के लिए हजारो रुपए की मांग की जाती है, रुपए न देने पर अंचल के सैंकड़ों चक्कर लगवाते है ब अभद्र भाषा का प्रयोग भी करते है। उपरोक्त विषय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से तत्काल अंचल अधिकारी की कार्यशैली सहित कार्यो की जांच की मांग की है।

जिसपर मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वत किया व जांच उपरांत कारवाई का आश्वासन दिया।

## संतोष सिंह व राशिद रजा अंसारी की अगुवाई में राज भवन का हुआ घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रांची में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के आहवान पर आयोजित केंद्र सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ राज भवन घेराव किया गया जिसमें झारखंड के सभी जिलों से काफी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इसमें मुख्य रूप से धनबाद से जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी के अगुवाई में धनबाद से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने इस राज भवन घेराव कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में जोगिंदर सिंह जोगी, राजेश्वर प्रसाद यादव, मंटू दास, नवनीत नीरज, मनोज सिंह, रमेश जिंदल, राजू दास, पप्पू पासवान, लक्ष्मण तिवारी, इम्तियाज अली, शमशेर आलम, मदन महतो, मनोज यादव, अच्छेवर प्रसाद, मनोज हाड़ी, डेविड सिंह, हाशिम अंसारी, कयूम खान, गुड्डू खान, प्रसाद निधि, जावेद रजा, रामप्रीत यादव, गोपाल भुवानिया के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मधुमक्खी काटने से युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सोमवार को सरिया अनुमंडल मुख्यालय परिसर में भड़के मधुमखियों के काटने से बगोदर के कुद्दर निवासी 40 वर्षीय असरफ शेख की मौत हो गई मधुमखियों के डंक इतनी अधिक थी कि मृतक आधे घण्टे भी बर्दाश्त नही कर पाए और उनकी मौत हो गई। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार मृतक असरफ शेख 40 अपने काम से अनुमंडल आए थे इसी बीच परिसर भवन एवं पेड़ो में बसे मधुमखी भड़क गए जिससे वहां भागदौड़ की हालत हो गई लेकिन असरफ मधुमखियों के चपेट में आ गए परिजनों ने बताया कि इसके बाद उन्हें चक्कर आने लगा फिर उल्टी हुई और मुंह से झाग आने लगे इसके बाद लोग असरफ को लेकर देवकी हॉस्पिटल पहुंचे जहां डॉक्टर राजेश सिंह ने बताया कि इनकी मोत हो चुकी है फिर सरिया पुलिस को सूचना दी गई शव को पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह भेज दिया गया।

## रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन के पूर्व ही निकला रॉड, गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**एमपीएल/निरसा :** राहगीरों ने जताई चिंता निरसा विद्यानसभा अन्तर्गक्त कुमारधुबी में राहगीरों को जाम से निजात दिलाने के लिए रेलवे एवं झारखंड सरकार द्वारा निर्माण कराया जा रहा रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन भी अभी नही हुआ है।लोगो ने ओवरब्रिज से रॉड निकल आने से राहगीरों ने संवेदक के कार्यशैली पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है । राहगीरों का कहना है कि उद्घाटन पूर्व ही रॉड निकल आना संवेदक की लापरवाही को दर्शाता है। ओवरब्रिज का काम कर रहे। संवेदक हरदेव कंस्ट्रक्शन पर भी लापरवाही बरतने की कार्यवाही हो। इस संबंध में जब पूर्व विधायक अरूप चटर्जी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी तक इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं थी इस मामले को डीआरएम के समक्ष रखा जाएगा ताकि उसकी जांच कर उसे ठीक किया जा सके शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के उपमुखिया मोहम्मद नौशाद खान ने बताया कि ओवरब्रिज बन जाने से कुमारधुबी क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। लेकिन इसके निर्माण में काफी अनियमितता बरती गई है।

## गिरिडीह : आकाश सिंह का चयन हुआ 21वां राष्ट्रीय पारा एथलेटिक में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह के आकाश कुमार सिंह का चयन हुआ 21 वां राष्ट्रीय पारा एथलेटिक चैंपियनशिप जो कि महाराष्ट्र राज्य के पुणे में 16 मार्च से 20 मार्च 2023 को खेला जाएगा। यह जानकारी झारखंड राज्य पारा एथलेटिक्स बोर्ड के द्वारा दी गई । पूर्व में धनबाद के आईएसएम ग्राउंड में राज्य स्तरीय पारा एथलेटिक्स चैंपियनशिप संपन्न हुआ था जिसमे राज्य भर के 160 खिलाड़ी शामिल हुवे थे।

जिसके आधार पर ही 21 वा राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए झारखंड राज्य के दस खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें गिरिडीह राजेंद्र नगर के रहने वाले रविंद्र नाथ सिंह के लड़के आकाश सिंह ने भी डिस्कस थ्रोअर में स्वर्ण पदक और जेवलिन में रजत पदक जीत कर पैरा पैरालंपिक बोर्ड इंडिया द्वारा तय मानक को पूरा किया था उसी के आधार पर राष्ट्रीय पैरा एथलीट चैंपियनशिप जो कि पुणे में 16 मार्च से 20 मार्च को होने जा रहा इस चैंपियनशिप में झारखंड राज्य की तरफ से टी 44 कैटेगरी में डिस्कस थ्रोअर और जैवलिन थ्रो में वह झारखंड के तरफ खेलेंगे।

आकाश सिंह जो कि एक पैर से दिव्यांग होते हुए भी पूर्व में भी झारखंड राज्य के तरफ से राष्ट्रीय पैरालंपिक, राष्ट्रीय पारा क्रिकेट और राष्ट्रीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग ले चुके हैं।

## 01665-01666 रानी कमलापति-अगरतला एक्सप्रेस स्पेशल टेऊन का परिचालन अब 02 जुलाई तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा रानी कमलापति ( भोपाल ) और अगरतला के बीच चलायी जा रही गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति स्पेषल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि की गई है । विस्तारित अवधि के साथ अब यह स्पेषल ट्रेन रानी कमलापति से अगरतल्ला के लिए 29.06.2023 तक एवं अगरतला से रानी कमलापति के लिए 02.07.2023 तक परिचालित की जाएगी ।

विदित हो कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.-बक्सर-आरा-दानापुर-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-बरौनी-बेगूसराय-खगड़िया-नौगछिया-कटिहार के रास्ते रानी कमलापति और अगरतला के बीच गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति- अगरतला-रानी कमलापति स्पेषल टेऊन (साप्ताहिक) का परिचालन किया जा रहा है । यह स्पेषल टेऊन अगरतला से प्रत्येक रविवार को तथा रानी कमलापति से प्रत्येक गुरूवार को खुलती है । इस गाड़ी का ठहराव, कोच संयोजन पूर्ववत् रहेगा ।

गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेषल टेऊन रानी कमलापति से प्रत्येक गुरूवार को 15.30 बजे खुलकर शनिवार को 19.55 बजे अगरतला पहुंचती है ।

इसी तरह वापसी में, गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल टेऊन अगरतला से प्रत्येक रविवार को 15.00 बजे खुलकर मंगलवार को 16.35 बजे रानी कमलापति पहुंचती है ।

## झरिया की ओर आग बढ़ता जा रहा हैं कभी भी हो सकता हादसा : राजीव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झरिया में लगातार आग बाजार की ओर बढ़ रहा है। अगर इसी रफ्तार से आग बढ़ता रहा तो झरिया की अस्तित्व समाम्स हो जाएगी। खासकर अग्नि प्रभावित क्षेत्र लिलोरी पथरा में रह रहे सेकड़ो परिवार खौफ के साये में रहने को मजबूर हैं। आउटसोर्सिंग प्रवंधक अवैज्ञानिक तरीके से धधकती आग के ऊपर मिटटी डाल कर आग को दबा रही हैं जिससे आग लगातर झरिया की ओर बढ़ता जा रहा हैं कभी भी आग किसी को अपने जद में ले सकती हैं

झरिया कोल्फील्ड बचाओ समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा के साथ समिति के सदस्यों ने लिलोरीपथरा के अग्निप्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और खौफ के साये में रह रहे परिवार के लोगों से मिलाकर बात की वही झरिया कोल फिल्ड बचाव समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा की सरकार को अविलम्ब लोगों की समस्याओं पर विचार करना चाहिए। इस क्षेत्र में करीब 350 परिवारों की स्थिति बेहद दयनीय है, जेआरडीए, जिला प्रशासन, राज्य सरकार, बीसीसीएल एवं कोयला मंत्रालय को इस स्थिति का आकलन एवं सर्वे करना चाहिए। हमारी मांग है कि NON LTH को 20 लाख और झरिया कोलफील्ड के दायरे में जो रैयत हैं उन्हे LARR 2013 की नीति लागू हो, वर्तमान में बेलगढ़िया विकल्प नहीं है। शिवबालक पासवान ने कहा की वहां पर जैसे तैसे अवैज्ञानिक तरीके से कार्य किया जा रहा है जो की गलत है।

## एयरपोर्ट के लिए फिर एक बार उठ खड़ा हुआ है धनबाद 1987 के बाद सेवा बंद क्यों हुई, लोग पूछ रहे सवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एयरपोर्ट के लिए धनबाद एक बार फिर सवाल कर रहा है। लड़ेगा धनबाद तो उड़ेगा धनबाद नारे के साथ धनबाद अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। लोगों द्वारा एयरपोर्ट की मांग तेज कर दी गई है। सोशल मीडिया और विभिन्न प्लेटफार्म पर मांग कर चुके लोगों ने इस बार मिल कर नारा बुलंद करने को ठानी है। धनबाद एक ऐसा जगह है, जहां 1987 तक उड़ाने भरी जाती थी, कोलकाता, पटना और रांची के लिए हवाई सेवा थी, लेकिन उसके बाद इसे बंद कर दिया गया। झारखंड की ही बात करें तो देवघर सहित अन्य जगहों पर एयरपोर्ट की सुविधा दी गई लेकिन धनबाद में पहले जो सुविधा थी, उसे छीन लिया गया। धनबाद का दुर्भाग्य ही नहीं, धनबाद जिले के 28 लाख लोगों के लिए चुनौती भी है। क्योंकि कोई भी ऐसा अहर्ता नहीं है, जिसे धनबाद पूरा नहीं करता है, फिर भी यहां एयरपोर्ट की सुविधा नहीं दी गई। धनबाद में बीसीसीएल, सिंफर, डीजीएमएस, सीएमपीएफ, आईआईटी, आईएसएम, बीआईटी सिंदरी जैसे महत्वपूर्ण संस्थान है। सिंदरी खाद कारखाना बंद होने के बाद हर्ल कारखाना शुरू किया गया है। लेकिन यहां एयरपोर्ट की सुविधा नहीं है। बीसीसीएल कोल इंडिया की सबसे बड़ी इकाई है। डीजीएमएस एशिया महादेश का अकेला संस्थान है। इसका कोई जोड़ नहीं है, फिर भी यहां एयरपोर्ट की सुविधा नहीं है।

### लड़ेगा धनबाद तो उड़ेगा धनबाद

लोग बताते हैं कि ऐसी बात नहीं थी कि उस समय उड़ानों के लिए पैसेंजर नहीं मिलते थे। रेलयात्री के अलावा हवाई जहाज से यात्रा करने वालों की संख्या भी कम नहीं थी। वैसे आर्थिक मामलों में धनबाद हमेशा समृद्ध रहा है। उद्योग धंधों की यहां बहुतायत रही है। यह बात अलग है कि आज उतने उद्योग धंधे नहीं है। धनबाद के बड़े बड़े बड़े कारोबारी विभिन्न कारणों से यहां से पलायन कर गए हैं। फिर भी यहां अभी भी लोगों की आर्थिक ताकत मजबूत है। बावजूद सिर्फ एक एयरपोर्ट के बिना बहुत सारे विकास नहीं हो पाते। लोग आने जाने से परहेज करते हैं। जनप्रतिनिधियों के लिए भी यह बड़ी चुनौती है। लड़ेगा धनबाद तो उड़ेगा धनबाद, जो अभियान शुरू किया गया है, यह यहां के कद्दावर नेताओं के मुंह पर तमाचा भी है और उनके कार्यकुशलता पर प्रश्नचिन्ह भी। देखना है यह है की अभियान क्या रंग लाता है।

## झारखंड एकेडमिक काउंसिल परीक्षा को लेकर बैठक



**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा कल मंगलवार से आयोजित परीक्षा को लेकर अंचल कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जानकार सूत्रों के मुताबिक कल?14 मार्च मंगलवार से मैट्रिक ओर इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर आज सोमवार अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी जिसमें सभी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए और कदाचार मुक्त परीक्षा कराने हेतु बिशेष दिशा निर्देश दिया गया। बताया जाता है कि कल से टुंडी प्रखंडों में मैट्रिक ओर इंटरमीडिएट परीक्षा होने वाला है बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी, 10+2टुंडी के प्रधानाध्यापक अभिमन्यु भगत, स्वामी विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय टुंडी के प्रभारी प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण गोस्वामी, बोर्ड मध्य विद्यालय टुंडी के प्रभारी प्रधानाध्यापक इंदूभूषण उपस्थित थे।

## वार्ड 31 की जनसमस्या को ले दिलीप सिंह ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के अध्यक्ष दिलीप सिंह ने वार्ड नंबर 31 की जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। आग्रह किया गया है कि चांदमारी रोड से गांधी रोड स्थित महावीर मंदिर तक क्षतिग्रस्त सडक का निर्माण एवं टिकिया मोहल्ला, देशबंधु निवास के बगल से बहने वाले बड़े नाले में सड़क का हिस्सा नाली में टूट कर गिर चुका एवं कमजोर हो चुका है। जिसके कारण कभी भी अप्रिय हादसा हो सकती है। इसके साथ ही देशबंधु निवास की बगल में बड़ा नाला वार्ड नंबर 31 के कई घरों के सामने से बहता है। बड़े नाले का सुव्यवस्थित निर्माण वर्षो से लंबित है उसे दुरुस्त किया जाए तथा गांधी रोड और गांधीनगर में विकट पेयजल समस्या वर्षो से है। उस दिशा में पर्याप्त कदम उठाए जाएं क्योंकि गर्मी का मौसम नजदीक है।

## आजादी के 75 साल बाद भी पुराना बाजार मूलभूत सुविधाओं से वंचित : सोहराब




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार की टीम ने जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सह जीटा महासचिव राजीव शर्मा के नेतृत्व में पुराना बाज़ार की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतू नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार द्वारा पुराना बाज़ार की मूलभूत सुविधाओं के समाधान हेतू नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा और माँग की के पुराना बाज़ार की मुख्य सड़क की हालत काफी जर्जर हो चुकी है, आए दिन ग्रहक,दुकानदार एवं राहगीर हादसे का शिकार हो रहे है जल्द से जल्द सड़क का निर्माण किया जाए। साथ ही साथ पुराना बाज़ार की जर्जर एवं पूरी तरह से कचरे से जाम नालियों की सफाई करवा कर नाली निर्माण बरसात से पहले किया जाए। गत एक माह से पुराना बाज़ार की सफाई का काम बंद है, सड़क पर कचरा पसरा है जिस से ग्रहकों, दुकादारों एवं आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,आगामी 22 मार्च से पवित्र रमज़ान का महीना शुरू हो रहा है साथ ही साथ रामनवमी एवं ईद जैसा महत्वपूर्ण त्योहार है,जल्द से जल्द सुचारू रूप से पुराना बाज़ार की सफाई की व्यवस्था करने की माँग की गई। जगह चिन्हित कर पुराना बाज़ार में सार्वजनिक शौचालय बनाने की माँग की गई। गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही मच्छरों के आतंक का प्रकोप बेतहाशा बढ़ गया है जिस से मलेरिया एवं अन्य बीमारियों आशंका बढ़ गई है,पुराना बाज़ार सहित पूरे धनबाद शहर में मच्छरों के प्रकोप से बचाव की व्यवस्था करने की माँग रखी गई। पुराना बाज़ार में बंद एवं खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को ठीक करने की माँग की गई। नौजवान कमिटी के संस्थापक सदस्य सह पुराना बाज़ार के पूर्व अध्यक्ष सोहराब खान ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपाने के बाद बताया कि आज़ादी के 75 वर्षो के बाद भी पुराना बाज़ार जो धनबाद का सब से पुराना व्यवसायीक केंद्र है आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। सोहराब खान ने कहा कि सड़क, नाली, शौचालय, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग, सफाई जैसी समस्याओं के समाधान हेतू हम लोग नगर आयुक्त से मिले है जल्द समाधान का आश्वासन मिला है। जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सह जीटा महासचिव राजीव शर्मा ने बताता की पुराना बाज़ार, वार्ड नं031हीरापुर, झरिया सहित धनबाद के विभिन्न समस्याओं को ले कर हम लोग नगर आयुक्त से आज मिले, समस्याओं से अवगत करवाया, नगर आयुक्त ने भरोसा दिया है कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

सड़कों की दशा सुधारने से ही लोगों को मिलेगी राहत : विधायक भूषण बाड़ा

# बड़ाबरपानी सड़क निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने शनिवार को सदर प्रखंड के बड़ाबरपानी में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनने वाले 3 किमी कालीकरण पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना की। साथ ही शिलापट्ट का अनावरण भी किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क बनने से आवागमन में सुविधा होगी। सड़कों की दशा सुधारने से लोगों को काफी राहत मिलेगी और विकास में सहायक साबित होगी। विधायक ने जनता की समस्या को सुनते हुए कहा कि गांव बदल रहा है। महागठबंधन सरकार के कार्यकाल मे सड़क, बिजली के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कहा कि गांव के लोग सुरक्षित सड़क पर चलना चाहते है, न कि किसी टूटी फूटी व जर्जर सड़क पर चलना चाहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए तेजी से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सिमडेगा जिले का भी तेजी से विकास हो रहा है, जो तरक्की की कहानी गढ़ रही है। विधायक ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया। कहा कि विकास से सामाजिक मजबूती आ रही है। सरकार प्रत्येक गांव के विकास के लिए योजना चला रही है। बताया गया कि बड़ाबरपानी में अशोक दास के घर से धर्मजीत केरकेट्टा के घर तक 3 किमी. पथ का निर्माण किया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, उप प्रमुख सिलबेस्तर बघवार, फादर सुशील गुड़िया, अरविंद लुगुन, पूर्व मुखिया अलेक्सियन बरला, पंचायत अध्यक्ष विकास बाड़ा, रीता कीड़ो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मनोकामना मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोकामना मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आज अंतिम दिन प्रतिमा सह मंदिर स्नान पुजन,हवन एवं पूर्नाहुति के साथ हुआ सम्पन्न। मंडप परिक्रमा करने अगल बगल के अलावा नगर एवं गांवों से भी महिला पुरूष कि अच्छी भीड़ देखने को मिला, पुजा के साथ भव्य भंडारा का दिन भर आयोजन हुआ आज का भंडारा प्रदीप अग्रवाल एवं उमा शंकर अग्रवाल उर्फ पप्पु के सौजन्य से हुआ। आज दिनांक 14.03.2023 को दोपहर से भव्य भंडारा एवं रात्री में संजय मिश्रा एण्ड टीम द्वारा भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा।

## कैरो रामनवमी मेला तांड़ में ध्वजारोहण कर वर्ष 2023 के रामनवमी त्योहार का हुआ आगाज



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 12 मार्च रविवार को शाम 7:30 बजे कैरो रामनवमी मेला तांड़ मे ध्वजारोहण कर, वर्ष 2023 के रामनवमी त्योहार का किया गया आगाज। इस अवसर पर पंडित नारद पांडेय ने विश्व हिन्दु परिषद के कैरो प्रखंड अध्यक्ष जीतवहान महतो को विधिवत रुप से मर्यादापुरषोत्तम भगवान श्री राम एवं पवन पुत्र हनुमान का हनुमान मंदिर समीप सनातन धर्म मंच पर पुजा अर्चना करवाकर वर्ष 2023 के रामनवमी पुजा हेतू किया गया आगाज। विदित है कि रामनवमी पुजा के निमित आज ही के दिन चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को ध्वजारोहण करने की परंपरा वर्षो पूर्व से ही चली आ रही है। इस अवसर पर महावीर मंडल कैरो के पूर्व अध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद दीन, रामपवित्र प्रसाद सोनी, सुरज मोहन साहू, 20 सुत्रि प्रखंड उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव, मुखिया वीरेंद्र महली, उप-मुखिया रवि प्रजापति शंभू सोनी, डोल मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन सिंह, परमेश्वर भगत, डा0 भोला प्रसाद, विनोद राम, संजय साहू, ललेश पांडेय, सुजीत साहू, ओम सोनी इत्यादि ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## बुटी ब्रांच स्थान्तरण पर रोक को लेकर ग्राम प्रधान के अध्यक्षता में ग्रामीणों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बैंक स्थान्तरण को लेकर बुटी पंचायत ग्राम में ग्राम प्रधान बालकु उराँव के अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुआ। किया गया विचार विमर्श सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत ग्राम में बैंक ऑफ इंडिया शाखा बुटी का स्थान्तरण को लेकर ग्रामीण खाता धारकों ने ग्राम प्रधान बलकु उराँव के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक पंचायत मुखिया पार्वती कुमारी उपमुखिया सुनील उराँव पंचायत समिति सदस्य सुमंती उराँव एवं पुलिस पदाधिकारी गणेश यादव शस्त्र बल के साथ मौजूद थे। बताया जाता है कि बैंक ऑफ इंडिया शाखा बुटी पंचायत में 30 वर्ष पूर्व से गांव के बीच में संचालित है। और सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। परंतु कुछ बिचौलिया के कारण शाखा का स्थान्तरण किया जा रहा है। जो गांव से बाहर संचालित किया जाने की बात ग्रामीणों के बीच में आते ही ब्रांच अधिकारी के विरुद्ध रोष प्रकट किया। इस संदर्भ में ग्रामीण महिला सह पूर्व उपमुखिया शिला देवी ने कहा कि बुटी शाखा स्थान्तरण को लेकर 2017 में आवाज उठाया गया था। जिसपर गांव के अफजल अंसारी ग्रामीणों के साथ ब्रांच के आलाधिकारी को अप्रिय घटना होने की संभावना से अवगत कराते हुए स्थगित किया गया था। लेकिन आज उसी व्यक्ति के द्वारा ब्रांच मैनेजर के साथ मिली भगत कर स्थान्तरण किया जा रहा है। बताते हुए कहा कि इस संदर्भ में सांसद सुदर्शन भगत के माध्यम से जोनरल मैनेजर तथा जिला उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण को समस्या से अवगत कराया गया था। जिसपर उपायुक्त द्वारा जायजा लेने की बात सांसद सुदर्शन भगत से हुई थी। परंतु इस मामला को लेकर किसी प्रकार से विभागीय कारवाई नही किया गया। जिससे ग्रामीण आक्रोश व्यक्त करते हुए सोमवार को बुटी पंचायत भवन के समीप बगीचा में ग्राम प्रधान के अध्यक्षता में बैठक कर ब्रांच स्थगित करने को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही संबंधित विभाग को भी अवगत कराते हुए रोक लगाने के दिशा में कदम उठाया गया।

## मशरूम की खेती कर महिलाएं आत्मनिर्भर बने : प्रमुख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप महिला विकास मंडल सेन्हा द्वारा प्रशिक्षण के उपरान्त जिला उद्यान विभाग द्वारा प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायत बुटी, उगरा और अरु पंचायत के 25 दीदियों के बीच प्रमुख फूलझरी देवी और प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा मशरूम बीज वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख फूलझरी देवी ने कहां की महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आप सभी महिला समूह के सदस्य काफी मेहनती हैं। इसलिए आपको कम मेहनत में अधिक मुनाफा के लिए मशरूम का बीज दिया जा रहा है। इसको अपने घर में खेती करके आय का स्रोत को बढ़ाये और आर्थिक रूप से मजबूत बने और एक दूसरे महिला को भी रोजगार से जोड़े। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि आज के समय में महिलाएं पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। और महिलाएं सशक्त हो रही है। महिलाओं को विशेष रूप से खेती बारी करने के लिए समय समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है ।इसके अलावा आज के समय में अधिकांश लोग अपने जीवन में सादा खान पान अपना रहे है। जिसमें मशरूम का महत्व बढ़ रहा है। और मशरूम की मांग बाजारों में काफी अधिक है। आप मशरूम का उत्पादन करें हम लोग विशेष टीम के द्वारा इसका पैदावार को खरीदने के लिए बाजार का शुरुआत करेंगे। पहली बार में थोड़ी सी परेशानी होगी लेकिन जब आप इसे सीख कर लक्ष्य लेकर मिशन के रूप में काम करेंगे तो अवश्य ही आपको सफलता प्राप्त होगी। मशरूम का खेती करने के लिये पहला चरण में 50 लाभुको को जोड़ा गया है। जिसमे 25 महिलाओं बीज दिया गया बाकी लोगों को दूसरे दिन बीज दिया जायेगा। मौके पर प्रमुख फूलझरी देवी, बीडीओ अशोक कुमार चोपडा, सजाद अंसारी, जयंत कंडुलना के अलावे आशा देवी, पूनम देवी, इन्दू देवी, रिंकी देवी, सरस्वती देवी, शीलमुनी उराँव सहित महिला समूह की अन्य दीदी उपस्थित थी।

## मुख्य सड़क की पुलिया ध्वस्त, आवागमन बाधित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के किस्को प्रखण्ड के खरकी पंचायत के कसियाडीह में जब्बार के घर के समीप पूर्व में बना पुलिया ध्वस्त हो गया है। गांव के ग्रामीण पुलिया निर्माण की मांग कर रहे हैं। मौके पर खरकी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मुसर्रत नाज़ ने कहा कि ये मुख्य सड़क है और पुलिया ध्वस्त हो गई है, जिससे आवागमन में काफी समस्या हो रही है। पुलिया ध्वस्त होने से चार पहिया वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बाधित हो गया है। उन्होंने बताया कि पुलिया निर्माण नही होने से बड़ी घटना की संभावना बनी हुई है, यह पुलिया पूर्व में मुखिया फंड से बनाया गया था जो काफी पुराना और जर्जर होने की वजह से ध्वस्त हो गया है।

## नियोजनालय में भर्ती कैंप का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को ‘‘कार्यालय जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में नियोजक कम्पनी शुभम ऑटोमोबाइल, लोहरदगा और आईसेक्ट ने भाग लिया। इसमें शुभम ऑटोमोबाइल द्वारा वर्कशॉप मैनेजर, सीनियर सेल्स एग्जीक्यूटिव और मैकेनिक पद में कुल 07 कैंडिडेट को शॉर्टलिस्ट किया गया। आईसेक्ट कम्पनी द्वारा फिटर, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिक पद के लिए कुल 12 कैंडिडेट को शॉर्टलिस्ट किया गया। इस भर्ती कैम्प में कुल 92 युवक-युवतियों ने भाग लिया। शुभम ऑटोबाइक्स की ओर से शुभम जायसवाल, आईसेक्ट की ओर से श्याम साहू, नियोजन कार्यालय की ओर से प्रबीर गोप, रमित मिंज व अन्य उपस्थित थे।

## बढ़ते अपराध व सड़क दुर्घटना को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान पांच बाइक जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना के समीप वाहन जाँच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देशानुसार थाना प्रभारी के निर्देश पर स0आ0नि0 पवन सोरेन द्वारा शास्त्र बल के सहयोग से सोमवार को भी लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग में सेन्हा थाना के समीप पुलिस बल के सहयोग से सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जाँच के दौरान बाइक चालकों का हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन सम्बन्धित कागज, डिक्की, बैग थैला सहित अन्य चीजो का भी जाँच किया गया। बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने और वाहन का कागज नही रहने पर कानूनी करवाई करने की बात कही गई। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र में लगातार वाहन जाँच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बिना हेलमेट पहने बाइक चलाते हुए पकड़े जाने पर या वाहन सम्बन्धित कागज नही रहने पर नियम संगत कारवाई किया जायेगा। मौके पर स0अ0नि0 पवन सोरेन दल बल के साथ मौजूद थे।

## कार्यकर्ताओं के सम्मान में नहीं होगी कोई कमी : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सोमवार को विधायक आवास पहुंच कई लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस का दामन थामने वाले तेज कुमार लकड़ा, योधन नायक को विधायक भूषण बाड़ा ने फूल माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर विधायक ने कांग्रेस का दामन थामने वाले लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में आप सबको बहुत सम्मान मिलेगा। कांग्रेस सभी कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि लोग अब भाजपा की गलत नीति को समझ चुके हैं। इसी का परिणाम है कि दिनों दिन लोग कांग्रेस से जुड़ने लगे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आने दूंगा। उन्होंने जिले के अन्य सभी लोगों को भी कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का अह्वान किया। साथ ही कहा कि कांग्रेस का दामन थामने वाले लोगों को वे स्वयं अपने हाथों से माला पहनाकर सम्मानित करेंगे। वही जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी कांग्रेस में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

## वर्षो से टूटी पुल का निर्माण नही करा पा रही वर्तमान सरकार : बाल्मीकि कुमार



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री बाल्मीकि कुमार ने लोहरदगा सदर प्रखण्ड के दौरे के क्रम में ईटा गाँव स्थित पुल का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पाया कि लोहरदगा प्रखण्ड से भुंजनिया, मुंदो, ईरगांव, अंबेरा, नदी नगड़ा, गुड़ी, बाघी सहित अनेकों गाँवों को लोहरदगा से जोड़ने वाले मुख्य पुल को वर्षो से क्षतिग्रस्त हुआ पाया। इस पर सरकार एवं प्रशासन की कोई नजर नहीं है। इस क्षतिग्रस्त पुल के कारण कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।उन्होंने सरकार का इस विषय पर ध्यान आकृष्ट करवाते हुए कहा कि अविलंब इस पुल को बनवाने का कार्य सरकार करे।जैसा कि इस सरकार को विकास के कार्यो और जनता के भलाइयों से कोई मतलब नहीं रह गया है केवल राज्य में जनता के धन को अंधाधुंध लूटने से मतलब रह गया है।ऐसी भ्रष्ट सरकार को जो कि जनता के सुविधा से कोई मतलब नहीं रह गया है उसको सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।राज्य के मुख्यमंत्री को अविलंब त्यागपत्र दे देना चाहिए।

## अरविंद कुमार लाल ने मैट्रिक व इंटर मीडिएट परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में आज वार्षिक मैट्रिक (माध्यमिक) एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन समाहरणालय स्थित झारनेट सभागार में किया गया। बैठक में सभी केंद्राधीक्षक, सभी स्टेटिक दण्डाधिकारी, प्रश्न पत्र-सह-गश्ती दल आदि के साथ चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा केंद्राधीक्षकों को निदेश दिया गया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त आयोजित करना है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी होनी चाहिए। संबंधित विषय की परीक्षा के पूर्व निर्धारित समय में प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लिये जायें और परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित रूप से पहुंचा दिया जाय। परीक्षार्थियों को समय से उचित जांच के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश करा दिया जाय। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र कमरे में पंखा, पीने का पानी की व्यवस्था, कमरे में प्रकाश/विद्युत की व्यवस्था, ओआरएस घोल की व्यवस्था हो। शौचालय की व्यवस्था हो जिसके साफ-सफाई की व्यवस्था प्रतिदिन हो। बेंच-डेस्क की व्यवस्था पर्याप्त होनी चाहिए। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के बैठने हेतु सीटिंग प्लान बना ली जाय। परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिस-बल पूरी तरह से मुस्तैद रहें और विधि-व्यवस्था बनाये रखें। किसी प्रकार का कोई भी कन्फ्यूजन ना रहे। केंद्राधीक्षक और जोनल दण्डाधिकारी के बीच बेहतर तालमेल रहे। अनुशासन बना रहे। कोषागार पदाधिकारी द्वारा परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिका/ओएमआर सीट की पैकेजिंग व सील करने की जानकारी बैठक में दी गई। **वार्षिक माध्यमिक परीक्षा केंद्र के नाम व परीक्षार्थियों की संख्या** : एसएस हाई स्कूल, किस्को-566, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, किस्को-193, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, किस्को-498, गवर्नमेंट गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल, माराडीह, कुडू-597, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, कुडू-469, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, टाकू, कुडू-427, आर बुनियादी स्कूल, कुडू-478, गवर्नमेंट प्लस टू नदिया हिंदू हाई स्कूल, लोहरदगा-472, गवर्नमेंट कस्तूरबा गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा-416,गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा-489, गवर्नमेंट प्लस टू चुन्नीलाल हाई स्कूल, लोहरदगा-388, उर्सूलाईन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल,लोहरदगा-512, लुथेरन हाई स्कूल, लोहरदगा-324, गवर्नमेंट प्लस टू नंदलाल हाई स्कूल, अरू, सेन्हा-645, आर गर्ल्स मिडिल स्कूल, सेन्हा-342,गवर्नमेंट लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू हाई स्कूल, भण्डरा-505, गवर्नमेंट अपग्रेडेड हाई स्कूल, बिटपी, भण्डरा-379, **इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र के नाम व परीक्षार्थियों की संख्या :** एमएलए इंटर कॉलेज, लोहरदगा-571, गवर्नमेंट प्लस टू चुन्नीलाल हाई स्कूल, लोहरदगा-409, गवर्नमेंट कस्तूरबा गर्ल्स मिडिल स्कूल, लोहरदगा-256, उर्सुलाईन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा-500, उसुलाईन कॉन्वेंट गर्ल्स मिडिल स्कूल, लोहरदगा-320, लुथेरन हाई स्कूल, लोहरदगा-334, एसएएसवीएम हाई स्कूल लोहरदगा-608, मंजूरमति हाई स्कूल, महादेव आश्रम, लोहरदगा-556, गवर्नमेंट नदिया हिंदू प्लस टू हाई स्कूल, लोहरदगा-339, गवर्नमेंट कस्तूरबा गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा-560, गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा-343, वार्षिक माध्यमिक (मैट्रिक) की परीक्षा 9.45 बजे पूर्वाह्न से 1.05 बजे अपराह्न तक होगी।

## भाजपा सरकार के भ्रष्टाचारी और जनविरोधी चेहरे को बेनकाब करने के लिए ही देश मे आंदोलन चला रही है कांग्रेस : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कांग्रेस के कई कार्यकर्ता विधायक भूषण बाड़ा और जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा के नेतृत्व में हल्ला बोल कार्यक्रम में भाग लेने रांची के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व सभी कार्यकर्ता विधायक भूषण बाड़ा के आवास में जमा हुए। जहां बैठक कर रणनीति बनाई। इसके बाद भाजपा सरकार के खिलाफ़ नारेबाजी करते हुए रवाना हुए। विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को कोलेबिरा में चाय नास्ता कराया। विधायक द्वारा रांची स्थित आवास में सभी के लिए दोपहर के खाना की व्यवस्था की गई थी। मौके पर विधायक ने कहा कि देश में अन्याय और अत्याचार का ग्राफ बढ़ा है। भाजपा सरकार पूरी तरह सोयी हुई है। जनता का पैसा सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को लुटा रही है। सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के भ्रष्टाचारी और जनविरोधी चेहरे को बेनकाब करने के लिए देश मे आंदोलन चला रही है। इस गरीब विरोधी मोदी सरकार के विरोध में पूरे देश में आंदोलन के माध्यम से आमजनों से यह निवेदन किया जा रहा है कि इस निकम्मी मोदी सरकार को देश से उखाड़ फेंकने का काम करें, तभी सभी की भलाई है।

**गरीबों का खून चुस रही है मोदी सरकार : जोसिमा खाखा**

वहीं जोसिमा खाखा ने कहा कि मोदी सरकार गरीब विरोधी सरकार है। मोदी सरकार द्वारा गरीबों का खून चुसने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जब सत्ता में आई थी तो कई लोक लुभावने वादे किए थे, लेकिन अब ठीक उसका उलटा करने लगे हैं। बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया जाता है और जब गरीब किसान का कर्ज माफ करने की बात आती है तो कलम रुक जाता है।

## चलते चलते एक नजर

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने फिल्म आरआरआर और द एलिफेंट व्हिस्परर्स की टीम को दी बधाई

**रांची :** फिल्म आरआरआर के बहुचर्चित गाने नाटू नाटू और डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स को ऑस्कर पुरस्कार मिला है। इसके लिए देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी सोमवार को आरआरआर और द एलिफेंट व्हिस्परर्स की टीम को सर्वश्रेष्ठ मूल गीत और सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र लघु फिल्म श्रेणियों में ऑस्कर पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। राज्यपाल राधाकृष्णन ने ट्वीट किया, भारत के लिए गर्व का क्षण। टीम 'आरआरआर' को मेरी हार्दिक बधाई। जय हिन्द। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा, द एलीफेंट व्हिस्परर्स की पूरी टीम को सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र लघु फिल्म के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने और 'आरआरआर' की पूरी टीम को 'नाटू नाटू' के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का ऑस्कर जीतने पर मेरी हार्दिक बधाई। आपकी उपलब्धियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

### रांची के 598 स्कूलों के किचन की होगी मरम्मत

**रांची :** जिले में 598 स्कूलों के किचन और स्टोर रूम की मरम्मत करायी जाएगी। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना ने चयनित स्कूलों को निर्देश जारी किया है। कहा गया है कि 22 मार्च से 25 मार्च तक मरम्मत कार्य पूरा कर लेना है। संबंधित प्रखंड के बीईईओ और जूनियर इंजीनियर जांच कर इसकी रिपोर्ट देंगे। इसके बाद विभाग की ओर से स्कूल प्रबंधन समिति के खाते में खर्च की गई राशि दे दी जाएगी। मरम्मत कार्य के लिए पांच करोड़ से अधिक का बजट स्वीकृत किया गया है।

### संत जेवियर्स कॉलेज में रीयूनियन मई का हुआ गठन

**रांची:** संत जेवियर्स कॉलेज में 1996-1999 मैच के विद्यार्थियों का रीयूनियन गठन किया गया है। रीयूनियन में आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स के विद्यार्थी शामिल है। रीयूनियन का मिलन समारोह मई महीने में कॉलेज सभागार में किया जायेगा। उक्त निर्णय रविवार को विद्यार्थियों की बैठक में लिया गया। कार्यक्रम में 1994-1996 एवं 1996-1999 सत्र के विद्यार्थी सपरिवार शामिल होंगे। कोविड के कारण यह कार्यक्रम नहीं हो पाया था। कोविड काल में सत्र के कई छात्रों का निधन हो गया। उनके परिवार को इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। उक्त जानकारी मीडिया उपसमिति के चेयरमैन डॉ शाहनवाज कुरैशी ने दी।
आयोजन समिति इसप्रकार है.चेयरमैन-अनसेलम कुजूर, डिप्टी चेयरमैन-ईश्वरनाथ मुंडा व उत्तम कुमार, सचिव-अब्दुल रहमान, संयुक्त सचिव-रंजीत कच्छप व नीतू कुमार, सलाहकार-शकील अंसारी, रीयूनियन कार्यालय के चेयरमैन अमित जैन केरकेट्टा,निमंत्रण व आतिथ्य कमेटी चेयरमैन-राकेश एक्का, वित्त कमेटी चेयरमैन-अमित मिंज, कल्चरल कमेटी-नीतू कुमारी व मीडिया कमेटी के चेयरमैन-डॉ शाहनवाज कुरैशी।

# इन्फ्लूएंजा को लेकर झारखंड में अलर्ट स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** इन्फ्लूएंजा-ए वायरस के सब वैरिएंट एच1एन3 और एच1एन1की चपेट में लोग तेजी से आ रहे हैं। इस बीमारी के बढ़ते मामले के बाद राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को सभी जिले के उपायुक्त को एडवाइजरी जारी कर दी है, जिसमें लिखा है कि देश के कई हिस्सों में इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (एसएआरआई ) के केस बढ़े हैं। इन मामलों की निगरानी करने के साथ-साथ इससे निपटने की तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन रोग (एसएआरआई) देश के कुछ भागों में तेजी से फैला है। इनमें से अधिकांश मामले इन्फ्लूएंजा ए वायरस एच1एन1, एच1एन3 आदि के कारण होते हैं। इन्फ्लूएंजा का तेजी से फैलना चिंता का विषय है। इन्फ्लूएंजा एक मौसमी बीमारी है। ऐसे में अधिक उम्र वाले लोग, अन्य बीमारियों से ग्रसित लोग और गर्भवती महिलाएं ज्यादा अलर्ट रहे।

**ये है गाइडलाइन**

-इन्फ्लूएंजा के बारे में सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर।
- मुंह और नाक को ढंकना, खांसने , छींकने वक्त रुमाल से नाक और मुंह को ढांके।
- जहां-तहां थूकने से बचना।
- हाथों की बार-बार साबुन और पानी से धोना।
- हाथ नहीं मिलाना।
- भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क का प्रयोग।
- भीड़ वाली जगहों में जाने से बचना।
- आंखों और नाक को छूने से बचें।

# डीजीपी ने स्वतः छोड़ा एसीबी डीजी का अतिरिक्त प्रभार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** डीजीपी अजय कुमार सिंह स्वतः भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अतिरिक्त पद के प्रभार से भारमुक्त हो गए। डीजीपी ने सरकार को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि बीते 14 फरवरी को राज्य सरकार ने झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को झारखंड का नया डीजीपी बनाया था।

# आजसू 15 को रामगढ़ उपचुनाव पर करेगी समीक्षा बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में 15 मार्च को सुबह 11.00 बजे से रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में बैठक आयोजित की गई है।
बैठक में सभी विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष तथा अनुषंगी इकाई के प्रदेशस्तरीय अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।बैठक में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की समीक्षा तथा महाधिवेशन, राज्य के ज्वलंत विषयों एवं भावी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की जाएगी। ज्ञात हो कि इसी वर्ष आजसू पार्टी का महाधिवेशन होना तय है। इसे लेकर सभी पदाधिकारियों से केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो चर्चा करेंगे। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 को आजसू पार्टी ने निर्माण वर्ष के रुप में मनाया तथा वर्ष 2023 को संघर्ष वर्ष घोषित किया है। इस दौरान संगठन के निर्माण, पुनर्गठन एवं विस्तार को लेकर कई कार्यक्रम किए गए, जिसमें राज्य के सभी 4403 पंचायतों में पंचायत सम्मेलन, 260 प्रखंडों में प्रखंड सम्मेलन, जिला सम्मेलन, अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ, बुद्धिजीवी मंच, महिला संघ तथा श्रमिक संघ का राज्यस्तरीय सम्मेलन, जनसंग्रह-धनसंग्रह कार्यक्रम तथा वर्कशॉप मुख्य रूप से शामिल है। साथ ही सात सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा घेराव, सामाजिक न्याय मार्च तथा युवा मार्च मुख्य रूप से शामिल है।

# मुख्यमंत्री से भूतपूर्व सैनिक पोदना बालमुचू ने मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में भूतपूर्व सैनिक पोदना बालमुचू ने मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री से उन्होंने भारत सरकार के आदेशानुसार वर्ष 1971 (भारत-पाकिस्तान) युद्ध में घायल सैनिक को पांच एकड़ कृषि भूमि एवं अन्य सुविधाएं अभी तक नहीं दिए जाने संबंधी बातों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री से भूतपूर्व सैनिक पोदना बालमुचू ने कहा कि वर्ष 1971 (भारत-पाकिस्तान) युद्ध में लड़ते हुए मुझे गोली लगी थी और मैं गंभीर रूप से घायल हुआ था। युद्ध में घायल हुए सैनिकों को सरकार द्वारा शौर्य पुरस्कार स्वरूप पांच एकड़



कृषि भूमि एवं अन्य सुविधाएं दिए जाने संबंधी लिखित आदेश दिया गया।
लेकिन मैं आज तक इन सुविधाओं से वंचित हूं। मैं 80 वर्ष का हो चुका हूं तथा उम्र के आखिरी पड़ाव पर हूं। मुख्यमंत्री ने भूतपूर्व सैनिक पोदना बालमुचू की बातों को सुना तथा मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही उनकी मांगों पर राज्य सरकार द्वारा यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री बादल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रैयतों ने भूमि अधिग्रहण के खिलाफ पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी से की मुलाकात

# भूमि अधिग्रहण का मुवावजा दे सरकार : त्रिपाठी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर.** 3 पंचायत के रैयतों ने एनएचएआई के द्वारा किए गए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ सोमवार को सदर मेदिनीनगर प्रखंड के लहलहे में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी से मुलाकात किया।इंटक के प्रदेश सचिव विवेकानंद त्रिपाठी और कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष रविंद्र तिवारी उर्फ गांधी जी के नेतृत्व में किए गए मुलाकात के दौरान जमीन अधिग्रहण के बाद इन भू-धारकों ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि हमारे जमीन का दाम विभाग ओने -पौने के दर से लगाने के फिराक में है। जबकि जो जमीन एनएच 75 में जा रहा है उसका सर्किल रेट काफी ज्यादा है। जमीन का जो रेट तय किया गया है, उसका हमलोग विरोध करते हैं। सभी जमीन का मुआवजा एक समान देने की मांग करते हैं। दूसरे चरण के लिए भोगू से रेहला के शंखा गांव तक भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है।
पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा है कि सभी रैयतों को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जो जमीन अधिग्रहण किया है। उसका एक समान मुआवजा दे। ताकि जमीन मालिकों का गुजर बसर ठीक ढंग से हो सके। 1988 में संसद के एक अधिनियम द्वारा सड़क परिवहन व राजमार्ग



**पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा है कि सभी रैयतों को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जो जमीन अधिग्रहण किया है। उसका एक समान मुआवजा दे।**

के प्रबंधन जमीन देने वाले रैयतों को उन्हें स्थापित करने की जिम्मेवारी भी लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि गैरमजरूआ भूमि मालिक जिनका लगान रसीद 30 वर्षों से भरते आ रहे हैं उन्हें भी विभाग मुआवजा दे। सबसे ज्यादा जो जमीन का खरीदी हुई है उस केवाला के अनुसार अथॉरिटी उन्हें मुआवजा दे। उन्होंने कहा कि 18 मार्च को रैयतों के साथ उपायुक्त पलामू से मुलाकात किया जाएगा और विस्तार पूर्वक उन्हें जानकारी दी जाएगी।
तीन पंचायत के एक सौ 23 एकड जमीन जाएगी सड़क और परिवहन राजमार्ग के द्वारा पोलपोल, सरजा और लहलहे पंचायत के 750 रैयतों का कूल एक सौ 23 एकड भूमि अधिग्रहण किया गया है। मौके पर अखिलेश तिवारी ,उमेशचंद्र झा ,रंगलाल तिवारी, कुंजबिहारी तिवारी, रामेश्वर यादव, महेंद्र पाल, सुभाष तिवारी, प्रवीण कुमार बबलू ,राजमोहन पाल, मंगल राम ,पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह ,भिखारी साहू ,अशोक पाल, तपेश्वर पाल ,संतोष तिवारी, मनदीप चौधरी, रिंकू चौधरी, आलमगीर खान, पंकज सिंह, रिंकू तिवारी, अमित कुमार तिवारी समेत कई रैयत मौजूद थे।

### नौटंकी कर रही है कांग्रेस : प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर कांग्रेस के राज भवन घेराव पर निशाना साधा। प्रतुल ने कहा की कांग्रेस का संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है।अडाणी प्रकरण की जांच सेबी कर रहा और मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। फिर भी कांग्रेस नौटंकी और ड्रामेबाजी करने से बाज नहीं आ रही।ट्वीट में प्रतुल ने आगे लिखा की यूपीए शासनकाल में सर्वाधिक घोटाला हुआ था तो कांग्रेस को एक हल्ला बोल और घेराव के कार्यक्रम की शुरुआत तत्कालीन यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी के घर से भी करनी चाहिए थी। कांग्रेस के दामाद रॉबर्ट वाड्रा ने जमीन का नेचर बदल कर अरबों रुपए का घोटाला किया था।एक हल्ला बोल तो उनके घर पर भी बनता है। राजनीति में अप्रासंगिक हो गयी कांग्रेस ऐसे ड्रामा-नौटंकी के जरिये लोगों का ध्यान बांटना चाह रही है।

# लातेहार में हथियार के साथ पीएलएफआई का सब जोनल कमांडर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस ने छापामारी कर मनिका थाना क्षेत्र के डोकी गांव के निकट जंगल से पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर राजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने राजेंद्र यादव के पास से दो देसी राइफल, 6 जिंदा गोली के साथ कई नक्सली पर्चा भी बरामद किया है। राजेंद्र यादव पलामू जिले के पाकी का रहने वाला है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस को सूचना थी कि पीएलएफआई का सब जोनल कमांडर राजेंद्र यादव इन दिनों लातेहार जिले में अपने संगठन को खड़ा कर लोगों से रंगदारी वसूलने की योजना बना रहा है।
रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि राजेंद्र यादव कुछ लोगों के साथ मनिका थाना क्षेत्र के डोकी जंगल के पास किसी घटना को अंजाम देने के लिए रूका है।
सूचना के बाद मनिका थाना प्रभारी



राणा भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर छापामारी की। पुलिस को देखते ही उग्रवादी भागने लगे, परंतु उनमें से एक को पुलिस ने धर दबोचा।
पूछताछ के बाद पता चला कि गिरफ्तार उग्रवादी राजेंद्र यादव है। इस दौरान छापामारी कर पुलिस ने दो देशी राइफल और छह जिंदा गोली भी बरामद की। एसपी ने बताया कि गत दिनों मनिका थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में उग्रवादियों द्वारा जो आगलगी की घटना को अंजाम दिया गया था उसमें राजेंद्र यादव और उसका दस्ता भी शामिल था। एसपी ने कहा कि राजेंद्र यादव के गिरोह में शामिल अन्य लोगों को पुलिस जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

# युगल किशोर को अध्यक्ष बनाने के लिए रामनवमी कमेटी का आभार : विक्की चंद्रवंशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रामनवमी महावीर नवयुवक दल जेनरल अध्यक्ष जुगल किशोर चंद्रवंशी को बनने पर अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष विकास कुमार उर्फ विक्की चंद्रवंशी के द्वारा श्री जुगल किशोर के उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दिए। जिस में शामिल समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, नेताजी विजय चंद्रवंशी ,जितेंद्र चंद्रवंशी ,सचिन चंद्रवंशी, बिरेंद्र चंद्रवंशी, मुन्ना चंद्रवंशी, राम बाबू सिंह, रीतेश चंद्रवंशी , रंजित चंद्रवंशी और अन्य लोग शामिल थे।
इस अवसर पर अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष विकास कुमार उर्फ विक्की चंद्रवंशी ने कहा की यह बड़े गर्व की बात है कि दसवीं बार युगल किशोर चंद्रवंशी को रवि का जनरल अध्यक्ष बनाया गया इसके लिए उन्होंने पूरे रामनवमी कमेटी का आभार व्यक्त किया है चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष बिक्की चंद्रवंशी ने कहा कि जब से जुगल किशोर चंद्रवंशी को रामनवमी कमेटी का जनरल अध्यक्ष बनाया गया है सबसे पलामू ने रामनवमी पर्व के अवसर पर पूरे झारखंड ही नहीं बल्कि देश में परचम लहराया है।
हर बार नया नया कीर्तिमान स्थापित किया है और पलामू का नाम गौरवान्वित किया है। इसके लिए जुगल किशोर चंद्रवंशी और पूरे रामनवमी कमेटी के लोग बधाई के पात्र है। जिनके बल पर राम अवतार के अवसर पर पलामू का नाम रोशन हुआ है।
उन्होंने इस पर आशा व्यक्त किया है जुगल चंद्रवंशी के और रामनवमी कमेटी के सभी साथियों के सहयोग से इस बार भी जुगल किशोर चंद्रवंशी और उनकी पूरी टीम कुछ नया कर रामनवमी पर्व के अवसर पर इतिहास रचने का काम करेंगे। जिसे लोग बरसो बरसो तक याद रखने का काम करेंगे।

### श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में ज्योतिर्लिंग के स्पर्श दर्शन के लिए कोई शुल्क नही : कमिश्नर

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में पावन ज्योतिर्लिंग के स्पर्श दर्शन के लिए कोई शुल्क नही लगेगा। कमिश्नर कौशलराज शर्मा ने सोशल मीडिया और कुछ मीडिया समूहों में शुल्क निर्धारण की छपी खबरों का खंडन किया है। कौशलराज शर्मा ने कहा कि मंदिर में स्पर्श दर्शन के लिए शुल्क निर्धारण की कोई योजना नहीं है। उल्लेखनीय है कि कुछ अखबार और पोर्टल में पूरे दिन खबर चल रही थी कि श्री काशी विश्वनाथ दरबार में पावन ज्योतिर्लिंग के स्पर्श दर्शन के लिए भक्तों को शुल्क देना होगा। मंदिर प्रशासन 500 से एक हजार रुपये शुल्क तय करने पर विचार कर रहा है। इस योजना पर मंदिर न्यास परिषद की ओर से प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। जल्द ही नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद श्रद्धालु निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद गर्भगृह में जाकर बाबा का स्पर्श दर्शन कर सकेंगे।

# मैट्रिक व इंटर का परीक्षा आज से शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू हो गई है। बताया गया है कि मैट्रिक परीक्षा तीन अप्रैल तक प्रथम पाली में सुबह 09:45 बजे से दोपहर 01:05 बजे तक होगी। वहीं, इंटर की परीक्षा पांच अप्रैल तक दूसरी पाली में दोपहर बाद 02 बजे से शाम 05:20 बजे तक होगी। रांची जिले के 319 स्कूलों के 36509 विद्यार्थी 102 केंद्रों पर मैट्रिक की परीक्षा देंगे। जबकि, 110 प्लस टू स्कूलों के 38913 विद्यार्थी 57 केंद्रों पर इंटर की परीक्षा देंगे। ऑब्जेक्टिव यानी मल्टीपल च्वाइस क्वेश्चन और सब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जायेंगे। इसके लिए समय भी बांटा गया है। एमसीक्यू प्रश्नों को ओएमआर शीट पर हल करने के लिए मैट्रिक के विद्यार्थियों को 09:45 से 11:20 बजे तक और इंटर के विद्यार्थियों को 02 से 03:35 बजे तक का समय मिलेगा। जबकि, सब्जेक्टिव प्रश्नों को हल करने के लिए मैट्रिक के विद्यार्थियों को 11:25 से 01:05 बजे तक और इंटर के विद्यार्थियों को



03:40 से 05:20 बजे तक का समय दिया जायेगा। दोनों ही वर्ग के विद्यार्थियों को प्रश्न पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट का समय दिया जायेगा। इस वर्ष जैक बोर्ड के एग्जाम पैटर्न में बदलाव किया गया है। टर्म-1 और टर्म-2 प्रारूप में विषय के पूरे सिलेबस से प्रश्न पूछे जायेंगे। टर्म-1 खंड में एमसीक्यू आधारित प्रश्न होंगे, जो पूरे सिलेबस से पूछे जायेंगे।उसी तरह टर्म-2 खंड में सब्जेक्टिव प्रश्न पूरे सिलेबस के किसी भी टॉपिक से पूछे जा सकते हैं. ऐस में 100 अंक के पेपर में ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव प्रश्नों की संख्या 40-40 होगी। जिन विषय का प्रैक्टिकल 30 अंक का है, उनमें 35-35 प्रश्न ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव पूछे जायेंगे। जबकि, बीते वर्ष सिलेबस को आधा-आधा बांट कर टर्म-1 और टर्म-2 खंड के प्रश्न पूछे गये थे।

**विद्यार्थी शब्द सीमा पर ध्यान देकर बचा सकेंगे समय:** विषय विशेषज्ञों ने बताया कि सब्जेक्टिव खंड में तीन तरह के प्रश्न- अतिलुघु उत्तरीय प्रश्न, लघु उत्तरीय प्रश्न और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे। इनके उत्तर लिखते समय अगर विद्यार्थी शब्द सीमा पर ध्यान दें, तो समय की बचत कर सकते हैं। ऑब्जेक्टिव प्रश्नों में जहां चार विकल्प में से एक सही उत्तर भरना है।वहीं, अतिलघु उत्तरीय प्रश्न के खंड में विद्यार्थियों से रिक्त स्थान की पूर्ति करने वाले प्रश्न पूछे जायेंगे।जबकि, लघु उत्तरीय प्रश्न में 150 शब्द से ज्यादा न लिखें. वहीं, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न के उत्तर 250 शब्द में पूरा करने की कोशिश करें।

**परीक्षा की तैयारी पूरी:** रांची सदर क्षेत्र में मौजूद 70 स्कूलों के 8322 विद्यार्थी मैट्रिक परीक्षा में शामिल होंगे। इसके लिए 21 स्कूलों में केंद्र तैयार किया गया है। इसके अलावा कांके क्षेत्र के 24 स्कूल के कुल 2833 विद्यार्थी आठ केंद्रों पर परीक्षा देंगे। नामकुम क्षेत्र में 24 स्कूलों के कुल 2644 विद्यार्थी आठ केंद्रों पर परीक्षा देंगे। जिले के राहे प्रखंड के छह स्कूलों के 629 विद्यार्थियों के लिए दो केंद्र बनाये गये हैं। वहीं, इंटर की परीक्षा में रांची जिले में कला संकाय के 24065, कॉमर्स संकाय के 6656 और साइंस संकाय के 8192 विद्यार्थी शामिल होंगे। रांची अनुमंडल क्षेत्र में इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 46 केंद्र तैयार किये गये हैं। इनमें 84 स्कूल से कुल 32967 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे. परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है।